राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 105 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



कर्नाटक विधानसभा चुनाव से 24 दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोलार में जनसभा को संबोधित किया।

## भाजपा से कभी हाथ नहीं मिलाएगी राकांपाः राउत



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**शिवसेना** (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि राकांपा प्रमुख शरद पवार ने हाल ही में उद्धव ठाकरे से कहा था कि उनकी पार्टी भाजपा के साथ कभी हाथ नहीं मिलाएगी, भले ही कोई ऐसा करने का व्यक्तिगत फैसला ले। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका के सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इस बीच, राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार के राज्य की सत्तारूढ़ भाजपा से हाथ मिलाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इसी मुद्दे पर राउत ने पार्टी के मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक स्तंभ रोकटोक में यह टिप्पणी की। हालांकि, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार ने इस तरह की अटकलों को निराधार बताया।

## तमिलनाडु में संघ ने 45 स्थानों पर निकाला रूट मार्च



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उच्चतम** न्यायालय द्वारा तमिलनाडु सरकार की अपील खारिज किए जाने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) रविवार को तमिलनाडु में 45 स्थानों पर पथ संचलन (रूट मार्च) कर रहा है। लंबे समय बाद शीर्ष अदालत ने आरएसएस दो दिन पहले ही मार्च निकालने की अनुमति दी थी। इसके बाद पुलिस की ओर से मार्च निकालने के लिए 16 तारीख दी गई थी। आरएसएस ने पिछले साल दो अक्तूबर मार्च निकालने की अनुमति मांगी थी। लेकिन राज्य की द्रमुक सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) व उसके कई सहयोगी ग्रुपों पर बैन लगाए जाने के बीच कानून और सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए अनुमति नहीं दी थी।

## अगले कुछ दिन झेलने पड़ सकते हैं लू के थपेड़े



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मौसम** की स्थिति को देखकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि आने वाले दिनों में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर पश्चिम भारत में तापमान में और वृद्धि होगी। पश्चिमी विक्षोभ के कारण आने वाले दिनों में तापमान में तेजी आएगी। पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में लू को लेकर आईएमडी ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट येलो अलर्ट से एक कदम आगे की स्थिति होती है। इसका मतलब है कि खतरे ने दस्तक दे दी है। अब आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। इसके बाद कभी भी मौसम की खतरनाक स्थिति आपके सामने आ सकती है। ऐसे में आप खुद को उस स्थिति से निपटने के लिए तैयार कर लें। ऑरेंज अलर्ट जारी होने पर संबंधित अधिकारियों को तैयार रहने को कहा जाता है।

# मिट्टी में मिल गया अतीक-अशरफ

### अतीक अहमद-अशरफ को असद की कब्र के पास दफनायाः दोनों नाबालिग बेटे पहुंचे; हमलावरों को नैनी जेल भेजा, पत्नी नहीं हुई शामिल

**जांच जारी**

= तीनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। यहां अतीक का बेटा भी कैद

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**माफिया** अतीक और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात प्रयागराज में हत्या कर दी गई। पुलिस दोनों को मेडिकल टेस्ट के लिए अस्पताल ले जा रही थी। पत्रकार साथ-साथ चलते हुए अतीक और अशरफ से सवाल कर रहे थे। इसी बीच तीन हमलावर पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए आए और अतीक के सिर में गोली मार दी, फिर अशरफ पर फायरिंग की। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर मीडियाकर्मी बनकर आए थे। इनके नाम लवलेश तिवारी, सनी और अरुण मौर्य हैं। हमले के तुरंत बाद ही तीनों ने सरेंडर कर दिया। लवलेश बांदा, अरुण कासगंज और सनी हमीरपुर का रहने वाला है। उनसे हथियार बरामद किए गए हैं। कॉन्स्टेबल मानसिंह को भी गोली लगी है। सरकारी वकील गुलाब चंद्र अग्रहरी ने बताया- तीनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। यहां अतीक का बेटा अली भी कैद है। अतीक-अशरफ के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद कसारी-मसारी स्थित कब्रिस्तान में इस्लामिक रीति-रिवाज से दफनाया गया।




### 'कई रसूखदारों का राज खोल सकते थे अतीक और अशरफ'



**इस** दुस्साहसिक दोहरे हत्याकांड के पीछे शक की सूई रसूखदार सफेदपोशों की ओर घूमने लगी है। एक दिन पहले ही धूमनगंज थाने में पूछताछ में माफिया ने कई बिल्डरों और बड़े लोगों से अपने रिश्तों का खुलासा किया था। आशंका है कि राज खुलने के डर से माफिया और उसके भाई की जान ली जा सकती थी। फिलहाल पुलिस इस पहलू पर पैनी नजर रखे हुए है। अतीक अहमद ने रिमांड के दौरान कई सनसनीखेज खुलासे किए और प्रयागराज समेत यूपी भर में अपनी काली कमाई के बल पर खड़े किए गए आर्थिक साम्राज्य में पार्टनर के तौर पर कई गणमान्यों के नाम गिनाए थे। यह वो नाम हैं जिन्होंने अतीक के काले धन को अपनी कंपनियों में लगाया है। ऐसी दो सौ से अधिक सेल कंपनियों के बारे में पता चला था। रियल एस्टेट कारोबार में अतीक की कमाई खपाने वालों के अलावा कई सफेदपोशों तक आंच आने लगी थी। इस तरह के 50 से अधिक नामों का अतीक ने खुलासा किया था। अपराध की दुनिया में दखल रखने वाले माफिया के कई राजनीतिक दलों के नेताओं से भी रिश्ते रहे हैं।

### किसने दी हत्या की सुपारी?

'**इस** हत्या के बाद दो चीजें सामने आ रहीं हैं। पहला ये भी हत्यारों का टारगेट एकदम साफ था और दूसरा ये भी कि उन्हें किसी बाहरी का सपोर्ट भी था। बगैर किसी सपोर्ट के वो इतनी बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे सकते थे।' 'सुपारी की बात तभी साफ हो जाएगी जब हत्यारों का कनेक्शन सामने आएगा। दोनों की सैकड़ों लोगों से दुश्मनी रही होगी। ऐसे में संभव है कि किसी ने अपना बदला लेने की नियत से ऐसा करवाया होगा। हां, ये भी हो सकता है कि फेमस होने के चक्कर में इन्हीं तीनों शातिरों ने इस वारदात को अंजाम दिया होगा।

### क्या पुलिस का सुरक्षा चक्र न के बराबर था?

**अतीक** अहमद और अशरफ के प्रयागराज में हुई हत्या के बाद अब कई तरह के सवाल भी उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यही उठ रहा है कि इतने दुर्दांत अपराधी को पुलिस जब अपनी सुरक्षा घेरे में अस्पताल लेकर जा रही थी तो क्या उसका सुरक्षा चक्र न के बराबर था। जब अतीक अहमद का नेटवर्क खुद पुलिस ने पाकिस्तान और आईएसआई से जोड़कर देख रही थी तो इतने दुर्दांत अपराधी की सुरक्षा के लिए क्या अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवानों-कमांडो को नहीं लगाया जाना चाहिए था।




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सीबीआई मुख्यालय से साढ़े 9 घंटे के बाद बाहर निकले। सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति (2022-21) घोटाला मामले में पूछताछ की।

## पत्रकारों की सुरक्षा के लिए जारी होगा एसओपी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने माफिया डॉन रहे अतीक अहमद और उसके भाई की गोली मारकर की गई हत्या के मामले का संज्ञान लेते हुए निर्णय लिया है कि पत्रकारों की रक्षा व सुरक्षा को लेकर एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाएगी। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने रविवार को एसओपी तैयार करने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात कुछ अपराधी पत्रकार बनकर पुलिस हिरासत में मेडिकल जांच के लिये जा रहे अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या कर दी। हत्या के समय अतीक और उसका भाई पत्रकारों से बातचीत कर रहा था। इस घटना ने पत्रकारों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए हैं।

## कर्नाटक चुनावः राहुल गांधी ने लगाई वादों की झड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/कोलार**

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव से 24 दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोलार में जनसभा को संबोधित किया। ये वही कोलार है, जहां राहुल ने मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। 23 मार्च को इसी साल सूरत की कोर्ट ने उन्हें दो साल जेल की सजा सुनाई और एक दिन बाद उनकी सांसदी चली गई। राहुल ने अपने संबोधन में एक बार फिर अडाणी मामले का जिक्र किया। कर्नाटक में भाजपा सरकार के 40% कमिशन का मुद्दा उठाया। इसके अलावा उन्होंने राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर बेरोजगारा युवाओं को दो साल तक 1500 से 3000 रुपए, महिलाओं को 2000 रुपए भत्ता और राज्य के हर परिवार को 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया।



**सरकार बनी तो पहली कैबिनेट मीटिंग में वादे पूरे करेंगेः** राहुल गांधी ने कोलार की जनसभा में कहा- मैं कर्नाटक की जनता से सीधी बात करना चाहता हूं। कर्नाटक में हमारी सरकार बनी तो हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

## दवाओं के नियमन का भारतीय-मानदंड ग्लोबल स्टैंडर्ड हो

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नीति** आयोग ने देश में मेडिकल उपकरणों से जुड़े नियमों के लिए अलग संस्था का गठन करने की सलाह दी। आयोग ने सिफारिश की है कि दवाओं से जुड़े नियमों के इंडियन स्टैंडर्ड ना सिर्फ ग्लोबल स्टैंडर्ड बल्कि इंटरनेशनल काउंसिल फॉर हामोर्नाइजेशन की गाइडलाइन के मुताबिक होने चाहिए, जिससे व्यापार में आसानी हो। अभी देश में दवाओं और मेडिकल उपकरणों से जुड़े नियम ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया बनाता है।

**जुलाई 2022 में सार्वजनिक मंच पर रखा गया था विधेयकः** नीति आयोग ने ये सिफारिशें न्यू ड्रग्स, मेडिकल डिवाइसेज एंड कॉस्मेटिक विधेयक 2023 पर अंतर-मंत्रालयी विचार के दौरान दीं। यह विधेयक संसद में पास होने के बाद ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 की जगह लेगा। इसे पिछले साल जुलाई में सार्वजनिक मंच पर रखा गया।

## सीएम केजरीवाल को अहमदाबाद कोर्ट का समन



**टीम एक्शन इंडिया/सूरत**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई पूछताछ कर रही है। इस बीच केजरीवाल के लिए एक और मुसीबत भरी खबर आई है। अहमदाबाद की एक अदालत ने केजरीवाल और आप पार्टी के नेता संजय सिंह को समन जारी किया है। यह समन मानहानि मामले में जारी किया गया है। दरअसल गुजरात यूनिवर्सिटी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि केजरीवाल और संजय सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री के मुद्दे पर यूनिवर्सिटी के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया।

**23 मई को किया तलबः** अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट जयेशभाई चोवाटिया की अदालत ने शनिवार को आप के दोनों नेताओं को 23 मई को तलब किया है। जज ने कहा कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि) के तहत गुजरात विश्वविद्यालय की एक शिकायत पर मामला प्रतीत होता है।

**पीएम मोदी की डिग्री को लेकर की थी टिप्पणीः** केजरीवाल और सिंह ने यह टिप्पणी गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा मुख्य सूचना आयुक्त के उस आदेश को रद्द करने के आदेश के बाद की थी।

## कर्नाटकः पूर्व सीम जगदीश ने भाजपा छोड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव से 25 दिन पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश शेट्टार ने शनिवार देर रात भाजपा से इस्तीफे का ऐलान किया। शेट्टार टिकट न मिलने से नाराज चल रहे थे। रविवार को उन्होंने कहा कि कांग्रेस जॉइन करने का फैसला नहीं किया है, लेकिन चुनाव जरूर लड़ेंगे। इससे पहले 12 अप्रैल को राज्य के डिप्टी सीएम रह चुके लक्ष्मण सावदी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। सावदी ने 14 अप्रैल को कांग्रेस का दामन थाम लिया था। अब वे कांग्रेस की टिकट पर अथानी विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे।



**सीएम बोम्मई बोले- शेट्टार के इस्तीफे से तकलीफ हुईः** सीएम बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार के भाजपा से इस्तीफे पर उन्हें तकलीफ हुई है। शेट्टार क्षेत्र के वरिष्ठ और महत्वपूर्ण हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को शेट्टार से व्यक्तिगत रूप से बात की थी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शेट्टार को केंद्रीय स्तर पर एक बड़ा पद देने का वादा किया था।

**बीजेपी की परेशानी**

= शेट्टार टिकट न मिलने से नाराज चल रहे थे। रविवार को उन्होंने कहा कि कांग्रेस जॉइन करने का फैसला नहीं किया है

**खुलासा** 78% शिकायतें अंग्रेजी में नहीं थीं, इसलिए सुनवाई ही नहीं; सिर्फ 3 मामलों की जांच पूरी

# लोकपाल पर 4 साल में 300 करोड़ से ज्यादा खर्च

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री,** मुख्यमंत्री से लेकर विधायकों जैसे अहम पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए 2019 में बना लोकपाल अब तक एक भी मामले में किसी को दोषी बनाकर मुकदमा नहीं चला पाया है। इन चार सालों में लोकपाल के पास 8,700 से अधिक शिकायतें पहुंचीं। इनमें से 6,775 (78%) शिकायतें इस आधार पर खारिज दी गईं कि वे सही फॉर्मेट में दर्ज नहीं हुई थीं। सही फॉर्मेट की बेतुकी शर्त यह है कि शिकायत सिर्फ अंग्रेजी में होनी चाहिए। लोकपाल ने जितनी भी शिकायतें सही फॉर्मेट नहीं होने का हवाला देकर खारिज कीं, उनमें ज्यादातर हिंदी में थीं। इसके अलावा कई शिकायतें दक्षिण भारतीय भाषाओं में थीं। लोकपाल के दफ्तर में कितनी शिकायतें सिर्फ भाषा के आधार पर रद्दी की टोकरी में डाल दी गईं, इसका ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है।




**4 साल में 14 प्रमुख लोगों के खिलाफ दर्ज हुई शिकायतेंः** लोकपाल के आंकड़ों के अनुसार, 4 साल में सिर्फ 14 मंत्रियों, सांसदों या विधायकों के खिलाफ शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से अब तक सिर्फ 3 मामलों में जांच पूरी हो पाई है। हालांकि, कार्मिक मामलों पर संसद की समिति को दी गई जानकारी के अनुसार 36 मामलों में शुरूआती जांच शुरू हो चुकी है, लेकिन अब तक एक भी मामले में मुकदमा नहीं चलाया गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ दशकों तक चली राजनीतिक रस्साकशी के बाद 2019 में बनी लोकपाल नाम की इस संस्था पर अब तक 300 करोड़ रु. से ज्यादा खर्च हो चुके हैं। 2019-20 में केंद्र सरकार के मंत्रियों और सांसदों के खिलाफ चार मामले पहुंचे।



# 'बीजेपी पूरे राज्य में है मजबूत'

## जब हमारे पास बहुमत नहीं था, तो हमें समर्थन लेना पड़ा, निर्दलीय भी समर्थन दे रहे थे, लेकिन अधिक अधिक स्थिर होने के लिए हमने जेजेपी का समर्थन मांगा

**8 बीजेपी अब एक ऐसी पार्टी है जिसका पूरे राज्य में बहुत मजबूत आधार है। उसे किसी की जरूरत नहीं है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह पार्टी के 2024 में होने वाले हरियाणा विधानसभा और लोकसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने के पक्ष में हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हरियाणा में सरकार बनाने के लिए 2019 में भाजपा और जननायक जनता पार्टी एक साथ आए क्योंकि दोनों के पास अपने दम पर बहुमत नहीं था और यह एक साथ चुनाव लड़ने के बारे में नहीं था। बीजेपी अब एक ऐसी पार्टी है जिसका पूरे राज्य में बहुत मजबूत आधार है। उसे किसी की जरूरत नहीं है। जब जरूरत होती है तो गठबंधन किया जाता है। स्थिति तब आती है जब कोई व्यक्ति स्थिति के बारे में सोचता है। इतना मजबूत नहीं है कि वे स्वतंत्र रूप से चुनाव नहीं लड़ सकते। लेकिन हमारी पार्टी के लिए ऐसा नहीं है जो नौ साल से राज्य में सत्ता में है। 77 वर्षीय दिग्गज नेता, जिनके बेटे बृजेंद्र सिंह हिसार से भाजपा सांसद हैं उन्होंने कहा कि भाजपा ने स्थिर सरकार देने के लिए अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व वाली जेजेपी के साथ गठबंधन किया।

**निर्दलीय भी दे रहे थे समर्थन:** जब हमारे पास बहुमत नहीं था, तो हमें समर्थन लेना पड़ा। निर्दलीय भी समर्थन दे रहे थे। लेकिन अधिक सकारात्मक और अधिक स्थिर होने के लिए हमने जेजेपी का समर्थन मांगा। सरकार बनाने के लिए उस समय जरूरत थी। चुनाव लड़ने के लिए सर छोटू राम के पोते, बीरेंद्र सिंह ने कहा कि जो स्वतंत्रता-पूर्व युग के दौरान एक प्रमुख किसान नेता थे, जिन्होंने किसानों के हितों का समर्थन किया था। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि गठबंधन ने पिछले साढ़े तीन सालों से राज्य को प्रगतिशील बनाने के लिए काम किया है। लेकिन भविष्य में क्या है, मैं भविष्यवाणी करने वाला ज्योतिषी नहीं हूं।

**भाजपा-जजपा गठबंधन मजबूत स्थिति में है:** हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने हाल ही में कहा था कि भाजपा-जजपा गठबंधन मजबूत स्थिति में है और अच्छा कर रहा है और कहा कि अगले साल संसदीय चुनाव संयुक्त रूप से लड़ने पर कोई भी फैसला बाद में लिया जाएगा। वर्तमान में हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा के सदस्यों का कब्जा है। 2019 के विधानसभा चुनावों में जेजेपी ने 10 सीटें जीतीं, जबकि बीजेपी को 40 सीटें मिलीं। सात में से छह निर्दलीय भी बीजेपी-जेजेपी सरकार का समर्थन कर रहे हैं।

**विधानसभा चुनाव में भाजपा की लड़ाई मुख्य रूप से कांग्रेस के साथ होनी चाहिए:** एक सवाल के जवाब में बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हालांकि अभी भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी लेकिन अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा की लड़ाई मुख्य रूप से कांग्रेस के साथ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप पंजाब में कैसा प्रदर्शन करती है, इसका हरियाणा में थोड़ा असर हो सकता है।

**राजनीतिक रूप से सक्रिय रहेंगे, लेकिन चुनावी राजनीति से दूर रहेंगे:** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के बारे में बीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार बनाएगी, मुझे वहां कोई समस्या नहीं दिख रही है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह राजनीतिक रूप से सक्रिय रहेंगे, लेकिन चुनावी राजनीति से दूर रहेंगे। हल्के-फुल्के अंदाज में पूछे जाने पर कि क्या उनके विधानसभा चुनाव लड़ने की कोई संभावना है, सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा, 'नहीं, नहीं'। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति में पांच दशक लंबा समय होता है। 2014 के विधानसभा चुनावों से पहले बीरेंद्र सिंह, जिन्होंने कभी हरियाणा की राजनीति के "त्रासदी राजा" की उपाधि अर्जित की थी, कांग्रेस के साथ अपने चार दशक से अधिक के जुड़ाव को समाप्त कर भाजपा में शामिल हो गए।

# दुष्यंत चौटाला को उचाना से हार का डर : प्रेमलता



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

**सखी-सहेली** कार्यक्रम में धनखड़ी गांव पहुंची भाजपा की पूर्व विधायक प्रेमलता का महिलाओं ने रविवार को भव्य स्वागत किया। बीते कई दिनों से ग्राम स्तर पर महिलओं द्वारा सखी-सहेली कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इन कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रेमलता द्वारा उनके समय हुए विकास कार्यों की जानकारी दी जा रही है। प्रेमलता ने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में उचाना हलके से दुष्यंत चौटाला चुना नहीं लड़ेंगे क्योंकि यहां पर कोई काम वो नहीं करवा पाए है। बीते दिनों जींद में उनके पिता अजय सिंह चौटाला ने बयॉन दिया है कि वो एक जगह से चुनाव नहीं लड़ते है। इस बयान से साफ है कि दुष्यंत चौटाला के परिवार को उचाना हलके से उनकी हार नजर आने लगी है। ऐसे में वो पहले से ही इस तरह के बयॉन देने लगे है। उन्होंने कहा कि हलके के हर गांव में बिना किसी भेदभाव के विकास करवाने का काम किया। काम करवाने के बाद अगर उसका फल नहीं मिलता है तो दर्द होता है। अलेवा में जो बस स्टैंड बना उसका शिलान्यस के साथ-साथ निर्माण कार्य की शुरूआत करवाई। इसका जब उद्घाटन हुआ तो पत्थर दुष्यंत चौटाला का लगा क्योंकि वो यहां से विधायक बने। चुनाव दौर शुरू हो गया है ऐसे में आप लोगों को बहाकने के लिए फिर आपके बीच आएंगे। लोगों को बहकावे में नहीं आना है। बीते चुनाव में 5100 रुपये पेंशन बुजुर्गों की करने का वायदा दुष्यंत चौटाला कर रहे थे। इस तरह के झूठे वायदे फिर चुनाव में उनके पास आकर किए जाएंगे।

# गर्मी से सूनी हुई शहर की सड़कें, बारिश की आशंका से किसान चिंतित



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**रविवार को** पारा अपने उफान पर था। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण शहर की सड़के सूनी रही। दो दिन में बारिश की आशंका ने किसानों की चिंताओं को बढ़ा दिया। मंडी और खलिहान में पड़ी किसानों की गेहूं को बरसात से नुकसान हो सकता है। सभी को इसी बात का डर सता रहा है। रविवार को कैथल का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा की स्पीड मद्दम रही लेकिन तेज धूप के कारण हवाएं गरम रही। रविवार रात के समय मौसम के फिर से बदलने की आशंका जताई जा रही है।

**हल्की वर्षा से कटाई में हो सकती है एक सप्ताह की देरी:** कृषि उपनिदेशक डॉ. करमचंद का कहना है कि हल्की वर्षा गेहूं की तैयार फसलों को नुकसान नहीं पहुंचाएगी। थोड़ी नमी आने से कटाई में एक सप्ताह की देरी हो सकती है। तेज वर्षा के साथ हवा के चलने से खड़ी फसलों के गिरने और दानों के काला होने की आशंका बढ़ जाएगी। अभी तक के मौसम के अनुसार गेहूं की फसल अच्छी है और दाने भी ठीक प्रकार से विकसित हुए हैं। बरसात आम के पेड़ों पर आए फलों को नुकसान पहुंचा सकती है। तेज हवाओं और बरसात के कारण इससे बौर तो गिरेंगे ही, रोग लगने की आशंका भी बढ़ जाएगी।

**दो दिन तक हो सकती है हल्की वर्षा:** कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा.मदन खीचड़ का कहना है कि वैसे तो प्रदेश में 17 अप्रैल तक मौसम खुश रहने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 16 व 17 अप्रैल को बीच-बीच में हल्के बादल तथा सतही हवाएं चलने की संभावना है।

# शिक्षक टीचिंग लर्निंग मैटेरियल से जगाएंगें शिक्षा की अलख

## शिक्षकों द्वारा टीएलएम (टीचर लर्निंग मटेरियल) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**8 सभी कलस्टरों में विभिन्न स्कूलों के प्राथमिक अध्यापकों द्वारा टीचिंग लर्निंग मैटेरियल प्रदर्शनी लगाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

जिले के सरकारी विद्यालयों में अब विद्यार्थियों को कौशल स्किल का विकास करने व समझ को विकसित करने के लिए प्रयास हो रहे हैं। इसे लेकर निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत गुरुग्राम जिले के सभी कलस्टरों में विभिन्न स्कूलों के प्राथमिक अध्यापकों द्वारा टीचिंग लर्निंग मैटेरियल प्रदर्शनी लगाई गई। जिले के करीब 65 क्लस्टर में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा टीएलएम (टीचर लर्निंग मटेरियल) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टीकली में अध्यापकों द्वारा बनाए गए बहुत ही खूबसूरत टीएलएम बनाए गए, जिसमें गणित, हिंदी व अंग्रेजी विषय की दक्षताओं को आसानी से समझाया जा सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्नेह मान ने बताया कि इसमें उनके क्लस्टर के सभी अध्यापकों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। अध्यापकों ने गत्ते की संख्या जोड़ मशीन, विलोम शब्द, प्ले कार्ड, जमा, घटा, गुणा, भाग पर आधारित चार्ट, जल चक्र, मात्रा ज्ञान, शब्द निर्माण, पहले व बाद की संख्या ज्ञान, जैंबल्ड वर्ड्स, अंग्रेजी के वॉवेल, दिनों के नाम, महीनों के नाम, पानी के विभिन्न श्रोत, आकृतियों की गाड़ी, संज्ञा के भेद, सर्वनाम, कहानी के पात्रों के मखौट, सम विषम संख्या, आकृतियों का कमाल, मात्रा चार्ट, बारहखड़ी चार्ट, पहाड़े, विराम चिन्ह, सीवीसी चार्ट, राइम वर्ड्स, रंगों की कविता, पेड़ पौधे की उपयोगिता, स्थानीय मान, आरोही व अवरोही क्रम, घड़ी चक्र, टेबल पैटर्न, शब्द बनाओ, प्लेस वैल्यू मशीन, अनुपात चार्ट, गत्ते का कंप्यूटर, वायु प्रदूषण, एक कदम स्वच्छता की ओर, पक्का घर, कंकड़ की साइकल, फलों के नाम, ज्वालामुखी, शब्दों का टीवी, निपुण गणित संविधान पुस्तक, जोड़ मशीन, आदि अनेकों लो कॉस्ट, जीरो इन्वेस्टमेंट टीएलएम बनाए हैं। राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित राष्ट्रीय अवॉर्डी शिक्षक व निपुण हरियाणा मिशन के जिला नोडल अधिकारी मनोज कुमार लाकड़ा ने कहा कि अध्यापकों के साथ साथ छात्रों में ज्ञान, जागरूकता व रचनात्मकता कौशल के अवसर आत्मविश्वास और इसके साथ साथ बच्चों में स्वयं कार्य करने की भावना को विकसित करने के लिए भी यह प्रदर्शनी बहुत सहायक सिद्ध होगी।

# चाय के खोखे में लगी आग से 3200 कट्टे गेहूं जलकर नष्ट



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

**सफीदों की** नई अनाज मंडी में रविवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई। जब यहां पर रखे एक चाय के खोखे में अचानक आग लग गई। यह खोखा व उसके रखा सारा सामान पलक झपकते ही आग से नष्ट हो गया और उसके आसपास की तीन आढ़त की दुकानों के बाहर लगे हजारों गेहूं के कट्टों को भी अपनी चपेट में ले लिया। यह गेहूं सरकारी एजेंसियों हैफेड व खाद्य एवं आपूर्ति द्वारा खरीदी गई थी लेकिन ये एजेंसियां अपने खरीदे गए माल का उठान समय पर नहीं करवा पाईं थी। गनीमत तो यह रही कि कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। क्योंकि घटना के वक्त खोखे और उसके आसपास दर्जनों लोग खड़े व बैठे हुए थे। मामले की सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी गई। कुछ विलंब के बाद अनाज मंडी परिसर में स्थापित फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया। वहीं पुलिस की ओर से एसआई कुलवंत सिंह अपनी टीम के साथ अनाज मंडी में घटना स्थल पर पहुंचे। इसके अलावा काफी तादाद में आसपास के दुकानदार व मजदूरों मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास किया।

वहीं किसी ने खोखे के अंदर रखे दो गैस सिलेण्डरों को बाहर खींच कर खाली जगह पर फेंका अन्यथा कोई हादसा घटित हो सकता था। आग लगने का कारण खोखे के ऊपर से जा रही एक बिजली की तार में शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# 'साइबर अपराधियों से सतर्क रहें किसान'

**8 अनाज खरीद बेच या किसी अनाज के बीज की किस्म व पेस्टिसाइड की आड़ में कर सकते ठगी**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हांसी के पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने कहा है कि आजकल फसली सीजन चल रहा है और साइबर अपराधी किसानों को चूना लगाने की फिराक में हैं। इसलिए किसान विशेष सावधानी बरतें और साइबर ठग किसी भी अनाज की खरीद बेच अथवा किसी अनाज के बीज की किस्म व पेस्टिसाइड की आड़ में भी ठगी कर सकते हैं। एसपी मकसूद अहमद ने कहा कि सतर्कता व सावधानी ही साइबर फ्रॉड से बचने का बेहतर उपाय है, इसलिए किसानों को साइबर फ्रॉड के प्रति सचेत रहना चाहिए और अपने घर के सदस्यों व आसपास के लोगों को भी साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरुक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें किसी भी संदिग्ध लिंक के बारे में जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जब भी किसान किसी संस्था या कंपनी की बेवसाइट पर लिखे नंबरों पर कॉल करते हो तो ये किसी भी साइबर अपराधी के हो सकते है इसलिए ऐसे नंबरो पर कॉल करते समय सावधानी बरतें। उन्होंने व्हाट्सएप व ई-मेल पर आने वाले फर्जी लिंक से सावधान रहने की सलाह दी है।

# हरियाणा पुलिस का यमुनानगर में हुआ आप्रेशन प्रहार

**यमुनानगर**: हरियाणा पुलिस ने जिला में रविवार सुबह 4 बजे ऑपरेशन प्रहार के तहत गैंगस्टर और गैंगस्टर से जुड़े करीब 15 ठिकानों पर छापेमारी की। अम्बाला में भी 2 जगह छापेमारी की गई। जिला पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस महानिदेशक के दिशा निर्देश पर रविवार सुबह 4 बजे से यमुनानगर में गैंगस्टर और उनसे जुड़े करीब 15 ठिकानों पर छापेमारी 12 घंटे से जारी है। अभी तक इस छापेमारी में अलग-अलग जगह से दो देशी कट्टे, एक डमी पिस्टल, 18 कॉटरेंज, एंटी काट्रेज और अवैध तेजधार हथियार, इसके साथ-साथ 39 लाख रुपए से अधिक नगदी, भारी संख्या में मोबाइल फोन और पेन ड्राइव मिले हैं।

# प्रतिबंधित संदिग्ध नशीला पाउडर व दवाइयों सहित दो आरोपी अरेस्ट

**8 पुलिस टीम द्वारा मौके से एक चक्की, 5 लोहे के टब, 2 तसले व दो मिक्सी को भी अपने कब्जे में लिया गया**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

जिला पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा भारी मात्रा में संदिग्ध नशीला पाउडर व दवाइयों सहित दो आरोपियों को काबू करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से 272 किलोग्राम पाउडर व 25 किलो 210 ग्राम दवाइयां बरामद की गई है।

इस संबंध में बीती रात नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान सब इंस्पेक्टर ऋषि पाल के नेतृत्व में कार्य करते हुए स्पेशल यूनिट असंध की टीम व एएसआई नरेंद्र कुमार स्पेशल यूनिट असंध की अध्यक्षता में टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर बृजभूषण उर्फ बिरजू व सुशील उर्फ सुनील दोनों वेदप्रकाश वासी सालवन को काबू किया। टीम द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट व डाक्टर नितिन रोहिल्ला व डॉक्टर सतीश कुमार आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी करनाल व हेमंत ग्रोवर जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी करनाल को मौके पर बुलाया गया। तलाशी पर उस कमरे में से 9 कट्टों में रखा 272 किलोग्राम आयुर्वेदिक व एलोपैथिक दवाइयों का मिश्रण पाउडर बरामद हुआ और 25 किलो 210 ग्राम खुली हुई एलोपैथिक दवाइयां बरामद हुई। इसके अलावा मौके से 10 किलो अनार दाना चूर्ण, 2000 प्लेक्सिया टेबलेट, 5 किलो अर्शकुठार, 20 किलो निंबाड़ा चूर्ण व 30 हजार लिवरो टेबलेट, आयुर्वेदिक दवाइयां बरामद हुई। आयुर्वेदिक दवाइयों को आयुर्वेदिक डॉक्टर द्वारा फार्म 17 भरकर ड्रग्स कॉस्मेटिक एक्ट 1944 के तहत कार्रवाई करने के लिए अपने कब्जे में लिया गया। इसके अलावा मौके से 33 किलो 656 ग्राम वजनी एलोपैथिक दवाइयां बरामद की गई। इन दवाइयों को एलोपैथिक डॉक्टर द्वारा फार्म 16 के तहत आगामी कार्रवाई हेतु अपने कब्जे में लिया गया। इसके अलावा पुलिस टीम द्वारा मौके से एक चक्की, 5 लोहे के टब, 2 तसले व दो मिक्सी को भी अपने कब्जे में लिया गया। आरोपी उक्त कमरे में कमरे में चक्की व मिक्सी की सहायता से दवाइयों को पीसकर पाउडर बनाने का काम कर रहे थे।

# नशा मुक्त भारत मिशन के तहत निकाली गई शहर में जागरूकता यात्रा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**नशे** जैसी जानलेवा बीमारी से युवा व हर आयु का इंसान सदा के लिए दूर हो जाए और नशे के खिलाफ समाज को प्रेरित करेए इसी सोच के साथ सेक्टर नौ स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में रविवार को दूसरे सप्ताह ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय व सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्त भारत मिशन के तहत इस महान मिशन की कडी के तौर पर झंडेए बैनर लेकर जागरूकता यात्रा निकाली गई। कुंजपुरा रोड, आईटीआई चौक व मुख्य शहर से होती हुई ये जागरूकता यात्रा वापस ब्रह्माकुमारी आश्रम पहुंची।

नशा मुक्त भारत जागरूक यात्रा का शुभारंभ मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, नवचेतना मंच के संयोजक व नशा मुक्त भारत अभियान के अग्रज एसपी चौहान, बीके निर्मल बहन, बीके उर्मिल बहन व भाई रामबूल ने शानदार तरीके से किया। इससे पहले वक्ताओं ने नशे जैसी बीमारी को समाज से उखाडने के लिए युवाओं व आमजन को प्रेरित किया। मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि नशा मुक्त आंदोलन समय की मांग है। आज नशे से घर उजड रहे हैं, नौजवान नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं, ऐसे में नशे के लिए जागरूकता अभियान चलाना वक्त की मांग भी है और जरूरत भी।

उन्होंने ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय व नशा मुक्त अभियान के अग्रज एसपी चौहान को इस चेतना को जगाने के लिए बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि नशे से युवा व समाज दूर रहे इसके लिए हम सभी को मिलजुल को प्रयास करने होंगेए उन्होंने ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय व भारत नशा मुक्त अभियान के अग्रज नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान को इस जागरूकता अभियान के लिए बधाई देते हुए कहा कि एसपी चौहान ने बचपन से ही नशे के खिलाफ जो मुहिम चलाई वो सराहनीय हैए ये उनके सपनों का मिशन है जिसे चौहान बचपन से चला रहे हैं। उनके जीवन पर लेखक संदीप साहिल की संघर्ष को सलाम बॉयोग्राफी पर आधारित फिल्म एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन भी बनी जिसमें वे नशे के खिलाफ अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं, ये बहुत बडी बात है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा बनें और दीमक की तरह खोखला कर रही इस बीमारी को जड से उखाड़ फेंकने में एक दूसरे का सहयोग करें। मौके पर नवचेतना मंच के संयोजक व नशा मुक्त भारत अभियान के अग्रज एसपी चौहान ने कहा कि नशा मुक्त भारत मिशन अब पूरे जोर शोर से चलता रहेगा। इस मिशन को मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का पूरा सहयोग मिल रहा है। आने वाले समय में नशा मुक्त भारत अभियान को हम स्कूल, कॉलेजों में चलाएंगे,ताकि युवा पीढी और अधिक जागरूक हो सके।

# सनफूड ओवरसिज राइस शेलर में आग, करोड़ों का नुकसान



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**कुतुबपुर रोड** पर सनफूड ओवरसिज (राइस शेलर) आग लगने से लाखों रुपए की मशीनरी जलकर राख हो गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। राइस शेलर भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच का बताया जाता है। दमकल की 6 गाड़ियों ने 7 घंटे से अधिक में आग पर काबू पाया। आगजनी में किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। रविवार की सुबह आग लगने के बाद के अवशेष देखकर लोग भी दुखी हुए। भाजपा नेता सुरेश गर्ग के बेटे सुमित ने बताया कि उन्हें अपने कर्मचारियों से शनिवार रात 8:30 बजे राइस शेलर की मशीनरी में आग लगने की सूचना मिली। आग धान को सुखाने वाले ड्रायर में लगी थी। देखते ही देखते आग ने दूसरी मशीनरी को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। फायर अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियों को तुरंत मौका पर रवाना कर दिया गया था। 10 दमकल कर्मियों ने 7 घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# अंबाला में डाला जाएगा पंचकूला का कचरा

## कचरे के डोर- टू- डोर कलेक्शन, ट्रांसपोर्टेशन और प्रोसेसिंग के लिए एजेंसी को दिया गया कार्य, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड वर्किंग कमेटी में लिया गया निर्णय

8 पंचकूला शहर में लगभग 70 हजार घरों से लगभग 200 टन प्रति दिन कचरा निकलने का अनुमान है।





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने पंचकूला जिले में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और कचरे के निस्तारण हेतु आगामी एक साल के लिए एजेंसी को कार्य दिया है। एजेंसी द्वारा कचरे के निपटान के लिए डोर- टू- डोर कलेक्शन, ट्रांसपोर्टेशन और प्रोसेसिंग की जाएगी। पंचकूला शहर से कचरा एकत्र कर अंबाला के पटवी में डाला जाएगा। यह निर्णय आज यहां मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड वर्किंग कमेटी में लिया गया। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि पंचकूला शहर में लगभग 70 हजार घरों से लगभग 200 टन प्रति दिन कचरा निकलने का अनुमान है। मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कचरे के डोर- टू- डोर कलेक्शन सुनिश्चित करने के लिए वाहनों पर जीपीएस के साथ - साथ सभी घरों में आरएफआईडी लगाई जाए। इससे हर घर से कचरे का उठान सुनिश्चित होगा तो वहीं निगम के पास भी वास्तविक जानकारी उपलब्ध रहेगी और अधिकारी निगरानी रख सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के किसी एक नगर निगम क्षेत्र में निगम अपने स्तर पर एक पायलट प्रोजेक्ट चलाए, जिसके तहत निगम के सफाई कर्मचारी कचरे का डोर- टू- डोर कलेक्शन करें। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार पंचकूला को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रयासरत है। पंचकूला में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए मुख्यमंत्री पहले ही विभिन्न स्थलों का दौरा कर चुके हैं, ताकि कचरे का सही तरीके से उठान तथा उसकी प्रोसेसिंग सुनिश्चित हो सके। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डोर टू डोर कलेक्शन पर विशेष निगरानी रखी जाए। बैठक में पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री रस्तोगी, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरूण गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खेल विभाग में भर्ती होंगे कोच 21 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** खेल विभाग में विभिन्न खेलों के हेड कोच पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सभी पद हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के तहत अनुबंध आधार पर भरे जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल है।
एक सरकारी प्रवक्ता ने रविवार को इस संबंध में बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के तहत हॉकी, टाई कमांडो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, जूडो, जिम्नास्टिक्स, स्विमिंग, वेटलिफ्टिंग आदि के हेड कोच के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
इसी के साथ स्पोर्ट्स साइकोथैरेपिस्ट, न्यूट्रीनिस्ट, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग एक्सपर्ट आदि के आवेदन आमंत्रित भी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक योग्य आवेदक ऑनलाइन मोड के माध्यम से दिए गए पदों के लिए अपने आवेदन भेज सकते हैं। आवेदन करने का लिंक व पदों से जुड़ी अन्य जानकारी / पर उपलब्ध है।

## मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म: रणबीर गंगवा



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा है कि मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक सामाजिक संगठन एवं स्वयंसेवी संस्थाएं उल्लेखनीय भूमिका निभा रही हैं। वे रविवार को पटेल नगर में नर सेवा नारायण सेवा समिति की ओर से आयोजित वैशाखी मिलन समारोह में उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में अनेक सामाजिक संगठन एवं स्वयंसेवी संस्थाएं अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। इन संगठनों एवं संस्थाओं में नर सेवा नारायण सेवा समिति की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि ऋषि-मुनियों, संत-महात्माओं एवं महापुरुषों के बताए हुए मार्ग एवं उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हमें समाज एवं राष्ट्र के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। समिति द्वारा शुरू किए गए निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई सेंटर की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे जरूरतमंद महिलाओं को स्वभावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनने में भरपूर मदद मिलेगी।इस अवसर पर पूर्व विधायक वेद नारंग, पूर्व चेयरमैन सतवीर वर्मा, पार्षद महेंद्र जुनेजा, मनोहर नारंग, सुरेंद्र धमीजा, राजकुमार मदान, पिंकी खन्ना, ललित भूषण आर्य, सुषमा कथुरिया, विमला शर्मा, वैभव बिदानी, खुशहाल सिंह, मोहिंद्र ठकराल, डॉ राजेंद्र, हंसराज सरदाना, हंसराज मक्कड़, , सरिता कालडा, सुरेंद्र धमीजा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रोग: राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

8 बच्चों को बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। समाज में रक्त दाताओं से सहायता प्राप्त की जाती है



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने चंडीगढ़ के कला ग्राम में हरियाणा बाल कल्याण कल्याण परिषद और ह्यूमन केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में समाज में थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चों के प्रति संवेदनाएं जगाने और युवाओं में नशे की लत को रोकने के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रोग है। इसमें बच्चों को बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए समाज में रक्त दाताओं से सहायता प्राप्त की जाती है। मैं समाज के सभी युवाओं से निवेदन करता हूं कि वे समय-समय पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों में भाग लेकर रक्तदान अवश्य करें ताकि थैलेसीमिया, हीमोफीलिया जैसी अनुवांशिक बीमारियों से पीड़ित बच्चों का समय पर इलाज किया जा सके और उनके जीवन की रक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि माता-पिता को भी अपने छोटे बच्चों में थैलेसीमिया व हीमोफीलिया रोगों के लक्षणों के बारे में जागरूक होना चाहिए।
श्री दत्तात्रेय ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने को नशे से हमेशा दूर रखें। दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प से और समुचित उपचार से इससे छुटकारा पाया जा सकता है। युवाओं को हर रोज योग करनी चाहिए और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल के युवा बंद कमरों में एकाकी जीवन व्यतीत करते हुए सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताते हैं, इससे एक तो उनका समय व्यर्थ में बर्बाद होता है और दूसरे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी हानि पहुंचती है। इसकी बजाय उन्हें व्यामशाला और खेल स्टेडियमों में जाना चाहिए और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

## महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी

**कैथल।** एक महिला का नहाते हुए वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर रुपए मांगने वाले पति पत्नी को महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राजौंद क्षेत्र निवासी एक गांव की महिला ने उनके खिलाफ वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज करवाया था। जितेंद्र व उसकी पत्नी को सरस्वती एनक्लेव गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया।

# ओपीएस के समर्थन में आए भूपेंद्र सिंह हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा में ओल्ड** पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लागू करने के मुद्दे पर प्रदेश सरकार एवं कर्मचारी संगठन आमने-सामने हैं, वहीं नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को कर्मचारियों द्वारा चलाई जा रही नेशनल मूवमेंट का समर्थन किया। हुड्डा के इस ट्वीट के बाद कई यूजर्स ने उन्हें पलटवार करके घेरते हुए सवाल भी किया है कि अगर समर्थन करना था तो फिर आपने अपनी सरकार में इसे रद्द क्यों किया था। कर्मचारियों की इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा तीन सदस्यों वाली कमेटी का गठन किया जा चुका है। कमेटी अब तक दो बैठकें कर चुकी है लेकिन अभी तक इस पर कोई भी फैसला सरकार ने नहीं लिया है। इस कमेटी में मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ ही वित्त सचिव और पीएस टू सीएम को शामिल किया गया है। हरियाणा में कर्मचारी संगठन ओल्ड पेंशन योजना को फिर से लागू करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। रविवार को संघर्ष समिति द्वारा हरियाणा में प्रदर्शन भी किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के तहत जिला मुख्यालयों पर चल रहे आंदोलन को मेरा पूर्ण समर्थन है।

## पुलिस ने अफीम व डोडा पोस्त समेत एक पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
उकलाना थाना पुलिस ने सुरेवाला चोक पर नाकाबंदी कर एक मोटरसाइकिल सवार युवक को आठ किलोग्राम 300 ग्राम डोडा पोस्त और 32 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को सोमवार को अदालत में पेश किया जाएगा। एएसआई संजीव ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल सवार युवक हिसार रोड सुरेवाला चौक की तरफ नशीला पदार्थ लेकर आ रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने हिसार रोड सुरेवाला चौक पर नाकाबंदी करके मोटरसाइकिल सवार एक युवक को काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सुरेवाला निवासी रोहित बताया। मोटरसाइकिल की टंकी पर रखे प्लास्टिक के कट्टे से आठ किलोग्राम 300 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ।

# वीरेंद्र सिंह जेजेपी-बीजेपी गठबंधन पर किस हैसियत से सवाल उठा रहे हैं: अजय चौटाला

8 साढ़े तीन साल से गठबंधन धडल्ले से चल रहा है और पांच साल तक चलेगा। आगे का निर्णय चुनाव की घोषणा के बाद ही होगा



**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय** अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री विरेंद्र सिंह जेजेपी-बीजेपी गठबंधन पर किस हैसियत से सवाल उठा रहे हैं। ना वो पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं और ना ही प्रदेश में कोई आफिस बेयरर हैं। सांसद व विधायक तो पता नहीं कितने है, उन्हें कोई नहीं पूछता। डॉ. अजय सिंह चौटाला रविवार को यहां आंबेडकर जयंती समारोह में शिरकत करने से पूर्व देवीलाल सदन में कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने गठबंधन बारे सवाल पूछे जाने पर कहा कि साढ़े तीन साल से गठबंधन धडल्ले से चल रहा है और पांच साल तक चलेगा। आगे का निर्णय चुनाव की घोषणा के बाद ही होगा, क्योंकि इस तरह के निर्णय चुनाव की घोषणा के साथ ही किये जाते हैं। उन्होंने कहा कि जजपा ने हमेशा प्रदेश के हितों के मुद्दे उठाये। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पर अजय चौटाला ने कहा कि यात्रा से कोई नहीं जुड़ा। कही राजस्थान टूटा तो कही हरियाणा टूटा है, कौन सा प्रदेश आखिर यात्रा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी अभय चौटाला की परिवर्तन यात्रा पर सवाल नहीं उठाए थे, बल्कि ये कहा था कि जिसके गोडों में दम है, चाहे वो हजार दिन चले। प्रजातंत्र में सबको अधिकार है और यात्राएं तो चलती रहनी चाहिए। कांग्रेस-इनेलो गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसका गठबंधन और कब गठबंधन। जो ओमप्रकाश चौटाला कहते थे कि कांग्रेस अछूत है, वह अब छूत कैसे हो गई। आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी दावेदारी पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि उनका काम डांस करना है, बल्कि चुनाव लड ?ा है। अगर चुनाव आयोग उन्हें अनुमति देगा तो वे चुनाव भी लडकर दिखा देंगे। अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाए जाने के सवाल पर डॉ. अजय चौटाला ने कहा कि सरकारी एजेंसी कब किस पर क्या कार्यवाही कर रही है, उनके पास क्या फीडबैक है इसक जवाब तो एजेंसी के पास ही है। एजेंसी ने मुझे भी बुलाया और दस साल के लिए अंदर भी ठोक दिया था। इल्जाम होंगे तो केजरीवाल को भी बुलाया जाएगा और अंदर भी डाला जाएगा। पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर प्रदेशभर में जारी प्रदर्शनों के सवालों पर डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि इस बाबत उन्हे पूरी जानकारी नहीं है।

# पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग को लेकर गरजे कर्मचारी

8 जब तक पुरानी पेंशन बहाली की उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा




**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**पेंशन बहाली संघर्ष समिति** के आह्वान पर रविवार को कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली (ओपीएस) नीति की की मांग को लेकर आक्रोष मार्च निकालते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेताया कि जब तक पुरानी पेंशन बहाली की उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आक्रोष मार्च से पहले कर्मचारी रानी तालाब स्थित नेहरू पार्क में एकत्रित हुए और रोष सभा की। राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप लाठर ने कहा कि सरकार जहां एक तरफ कमेटी बना रही है वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री और मंत्री पुरानी पेंशन पर तथ्यहीन बयानबाजी कर मुद्दे को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। इसको लेकर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि संघर्ष समिति प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल और प्रदेश महासचिव रिषि नैन के नेतृत्व में नांगल चौधरी से ओपीएस संकल्प यात्रा निकलेगी। जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान, महिला विंग जिला प्रधान राजबाला कौशिक ने कहा कि 20 फरवरी को हरियाणा सरकार और छह अप्रैल को केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस की समीक्षा कमेटी केवल मुद्दे को लंबा खींचने और गुमराह करने का जरिया मात्र है। सरकार अगर पुरानी पेंशन योजना के मुद्दे पर गंभीर है तो इच्छाशक्ति दिखाते हुए राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और हिमाचाल प्रदेश की तर्ज पर पुरानी पेंशन नीति को बहाल करे।

## आश्वासन के बाद ना स्कूल के कमरे बने, ना सड़कें और ना सुधरी पार्क की बदहाली

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
स्थानीय लाईन पार क्षेत्र स्थित एमसी कॉलोनी कम्यूनिटी पार्क में सेवा नगर, शिव नगर, संजीव कालोनी, काठपालिया कालोनी, बृजवासी कालोनी के नागरिकों की बैठक का आयोजन रविवार को रेल अंडर पास महापंचायत के तत्वावधान में किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापंचायत के पूर्व प्रधान एवं पूर्व पार्षद बृजलाल जोगी एवं संचालन दलबीर सिंह उमरा व नरदेव आर्य ने किया। नये भवन, टूटी सडकों की मुरम्मत, ग्वार फैक्ट्री के पीछे सरकारी भूमि पर मार्केट बनाने एवं हरित पट्टी बनाने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई तथा जनप्रतिनिधियों को एक बार फिर से इन मुद्दों को याद दिलाने के उद्देश्य से मांग पत्र सौंपे जाने की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

# 'खाटू श्याम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को मिलेगा सीधी बस सेवा का लाभ'



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**डिप्टी स्पीकर** रणबीर गंगवा ने रविवार को हिसार के मुख्य बस स्टेंड से खाटू श्याम जी के लिए सीधी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। क्षेत्र के खाटू श्याम दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को सीधी बस सेवा शुरू होने से बेहतर सुविधा मिलेगी। डिप्टी स्पीकर ने उपस्थित नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को को संबोधित करते हुए बताया कि खाटू श्याम जी के लिए सीधी बस सेवा शुरू करने की काफी समय से मांग की जा रही थी। परिवहन विभाग ने सीधी बस सेवा शुरू करके एक प्रशंसनीय कार्य किया है। यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाने में विभाग बेहतर कार्य कर रहा है। महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने बताया कि हिसार बस स्टेंड से बस प्रतिदिन खाटू श्याम जी के लिए बाद दोपहर तीन बजकर दो मिनट पर चलेगी। बस अगले दिन खाटू श्याम से सुबह नौ बजे चलकर हिसार आएगी। उन्होंने बताया कि बस हिसार से सिवानी, झूपा, राजगढ़, चूरू, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, सीकर से होते हुए खाटू श्याम पहुंचेगी। बस का किराया प्रति यात्री 290 रुपए होगा।

# बेटियों के स्वर्णिम भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना कारगर

## किसी भी डाकघर या बैंक में खुलवाया जा सकता है खाता



8 बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं।

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**महिला एवं बाल** विकास विभाग द्वारा बेटी के उज्वल भविष्य के लिए चलाई जा रही सुकन्या समृद्धि योजना बहुत कारगर सिद्ध हो रही है। बेटियां समाज का गौरव हैं और बेटियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सुरक्षित माहौल प्रदान करने में सरकार सजगता से अपना दायित्व निभा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। योजना के तहत खाता पोस्ट ऑफिस या बैंक में खुलवाया जा सकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वरदान है। इस योजना में जमा की गई राशि भविष्य में बेटियों को उच्चतर शिक्षा दिलवाने व उनकी शादी में आर्थिक रूप से मददगार साबित हो रही है। ऐसे में सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना के तहत अपनी बेटी का खाता खुलवाना चाहिए। सुकन्या समृद्धि खाता योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का ही एक भाग है। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता एक डाकघर से दूसरे डाकघर में निःशुल्क ट्रांसफर किया जा सकता है। जमा राशि पर लगने वाला ब्याज पूर्णतः कर रहित है तथा इसमें आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत छूट भी प्राप्त है। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत माता-पिता या कानूनी अभिभावक दो लड़कियों के लिए यह खाता खुलवा सकते हैं। बेटी के जन्म से 10 वर्ष तक की उम्र में सुकन्या समृद्धि खाता खोला जा सकता है। यह खाता लडकी के नाम से ही खोला जा सकता है। जमाकर्ता माता-पिता या अभिभावक में से एक होगा जो नाबालिग लडकी की ओर से पैसा जमा करेगा। उन्होंने बताया कि मात्र 250 रुपये से खाता खोला जा सकता है लेकिन साल में कम से कम एक हजार रुपये हर खाते में जमा होने चाहिए।

# पुलिस ने चलाया नाइट डोमिनेशन अभियान

## भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ सहित दो, सट्टा खाईवाली करते एक, एक बाइक चोर व अवैध शराब के साथ तीन आरोपियों सहित 11 आरोपी किए गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **पुलिस** महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार चलाये गये बीती रात्रि नाईट डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा-निदेशों के अनुसार जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु जिले भर में विभिन्न स्थानों पर टाइट नाकेबंदी की गई। जिला पुलिस द्वारा 15-16 अप्रैल रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने इलाकों में गश्त की। साथ ही विभिन्न स्थानों का चिन्हित करके दुरुस्त नाकाबंदी की गई। इस दौरान नाकों से गुजरने वाले वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चैंकिग की गई। पुलिस द्वारा होटल, धर्मशाला, सराय, ढाबों, अन्य ठहरने वाले स्थानों, बैंक के एटीएम व अन्य सार्वजनिक स्थलों की गहनता से चैंकिग की गई। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने



बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा पीके अग्रवाल के दिशा-निदेर्शानुसार स्पैशल नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन को तंग करना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित करना है। इसलिये आमजन इस तरह के अभियानों में पुलिस का सहयोग करें। अभियान के पीछे उद्देश्य यह है कि जो अपराधी रात के समय वारदात को अंजाम देने निकलते हैं, वह काबू किए जा सकें। इस तरह सडक पर पुलिस की उपस्थिति कई तरह की आपराधिक गतिविधियों को रोकने में कारगर साबित होती है। पुलिस का सडक पर होना आम आदमी को सुरक्षा का एहसास दिलाता है। नाइट डोमिनेशन के दौरान जिला पुलिस ने पहले भी काफी सफलताएं हासिल की। इस दौरान सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र मे गश्त पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला के विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके 40 स्थानों पर नाकाबन्दी की गई व 96 पुलिस पैट्रोलिंग पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की गई व अपने अपने एरिया में गश्त की गई। इस दौरान कुल 1722 दो पहिया, चार पहिया, हल्के व भारी कमर्शियल वाहनों की गहनता से जांच की गई। यातायात के नियमों का पालन न करने वाले तीन वाहनों के चालान किए गए व एक वाहन को इम्पाउंड किया गया।

इस दौरान आबकारी अधिनियम के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले दर्ज किए गए और आरोपियों के कब्जे से 96.5 बोतल अवैध देसी शराब व 12 बोतल बीयर बरामद की गई। जुआ अधिनियम के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से 870 रुपए बरामद किए गए। वंही एनडीपीएस एक्ट के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 272 किलो ग्राम प्रतिबंधित नशीला पाउडर व 21 किलो 210 ग्राम वजनी नशीली दवाइयां बरामद की गई। 157 सार्वजनिक स्थानों को चेक किया गया और इस दौरान 53 संदिग्ध अजनबी व्यक्तियों की तस्दीक हेतु स्ट्रेंजर रोल फॉर्म जारी किए गए।

# खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने पाई दोहरी सफलता



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** गुरू नानक खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने दोहरी सफलता हासिल कर एक बार फिर कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने बताया कि दयाल सिंह कॉलेज में वाणिज्य संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय द बिजनेस बैटल रॉयल प्रतियोगिता में नवनीत कौर ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि द ब्रांड बिल्डर्स प्रतियोगिता में भी कॉलेज की छात्रा रमनजोत कौर ने पहला पुरस्कार जीता।
वहीं गीता यूनिवर्सिटी पानीपत में आयोजित नए बिजनेस आइडिया प्रस्तुति में भी नवनीत कौरए रमनजोत कौर तथा हरलीन कौर ने तीसरा पुरस्कार जीता। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सभी विजेता छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।
इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा प्रो. चेष्टा अरोडा, प्रो. मीनाक्षी, प्रो. भावना शर्मा, प्रो. आरती, प्रो. मनीष, प्रो. पूजा, प्रो. प्रशांत शर्मा व प्रो. मलकीत भी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मन्दबुद्धि लापता लड़की को परिवार से मिला लौटाई मुस्कान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में अम्बाला पुलिस द्वारा मानव तस्करी को रोकने के लिए गुमशुदा/बन्धक/शोषित व्यक्तियों/महिलाओं/बच्चों को ढूँढकर परिजनों तक पहुँचाकर उनकी मुस्कान लौटाने के लिए 01 अप्रैल 2023 से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान महिला पुलिस थाना अम्बाला के प्रबन्धक महिला उप-निरीक्षक सुरेन्द्र कौर ने सराहनीय कार्य करते हुए देहरादून यू0पी0 की रहने वाली 25 वर्षीय मन्दबुद्धि लापता लड़की जोकि उसके फौजी भाई के पास फाजिल्का में रहती थी और वहां से लापता होने उपरान्त 11 अप्रैल 2023 को देर रात्रि डायल-112 गाड़ी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को घूमती हुई मिली जिन्होंने इस लड़की को महिला पुलिस थाना अम्बाला में पहुँचाया। लड़की मन्दबुद्धि होने के कारण उचित जानकारी देने में असमर्थ थी। महिला पुलिस थाना अम्बाला ने देहरादून पुलिस से सम्पर्क कर उसके गाँव में परिवार वालों तक संदेश पहुँचाया और 13 अप्रैल 2023 को उनके परिजनों को उनकी मुस्कान लौटाने का सराहनीय कार्य किया। उसके परिजनों ने बतलाया कि 14 वर्ष पहले सड़क दुर्घटना के कारण इसके दिमाग में चोट आई थी तब से मंदबुद्धि हो गई और अपने फौजी भाई के साथ फाजिल्का में रहती है जहां से लापता हुई। इस अभियान के दौरान अम्बाला पुलिस ने 01 अप्रैल 2023 से अब तक 08 नाबालिग बच्चों, 05 महिलाओ व पुरूष को तलाश उनके परिजनों के सुपुर्द कर उनकी मुस्कान लौटाने का सराहनीय कार्य किया है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

# जिले में करीब 5 लाख 15 हजार 644 मीट्रिक टन गेंहू की हुई आवक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **उपायुक्त** अनीश यादव ने बताया कि जिला की मंडियों में गेंहू की आवक शुरू हो चुकी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे। गत दिवस तक जिले में करीब 5 लाख 15 हजार 644 मीट्रिक टन गेंहू की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा गेंहू की खरीद का कार्य 1 अप्रैल से शुरू किया गया। गत दिवस तक जिला में करीब 5 लाख 15 हजार 644 मीट्रिक टन गेंहू मंडियों में आवक हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 26 हजार 530 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2 लाख 63 हजार 948 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 25 हजार 166 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जो भी किसान मंडी में आए, वह अपने क्रमानुसार ही आएं ताकि समय पर उनकी फसल की खरीद हो सके।

# बांई लेन के नियमों की उल्लघंन करने पर कटा चालान

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017



की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 15 अप्रैल 2023 को 60 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 346 दिनों में 16079 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज दिनांक 15 अप्रैल 2023 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 60 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ग्रामीण हलका वासियों के आशीर्वाद से विधायक बनकर करेंगे लोगों की सेवा: विजय जैन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** पानीपत ग्रामीण हलके के लोकप्रिय एवं जनप्रिय नेता भाई विजय जैन के नेतृत्व में पांचवें चरण की जनसंपर्क पदयात्रा रविवार को एकता विहार कॉलोनी में निकाली गई। भाई विजय जैन का कालोनी वासियों घर घर पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। वहीं विजय जैन ने कालोनी वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे पानीपत ग्रामीण हलके के लोगों की सेवा करने के लिये राजनीति में आये है। उनका परिवार शुरू से ही गरीब लोगों की सेवा में सदैव तत्पर रहता है और हलके के लोगों का आशीर्वाद मिला तो वे विधायक बनकर



ग्रामीण हलके का चहुंमुखी विकास करवाने का काम करेंगे। वहीं जैन ने कहा कि वे घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जान रहे है ताकि उनकी समस्याओं का समाधान करवाया जा सके। इस अवसर पर दिनेश शर्मा, सुभाष शर्मा, अशोक कबीरपंथी, धर्मवीर साहनी, डॉक्टर सिताब सैनी, जसवीर राणा, बलराम कौशिक, अनिल सैनी, सत्यनारायण, कंसल डॉक्टर, बंसीलाल, रणधीर मलिक, तिलकराज ठकराल, रोशन गुर्जर, कुलदीप प्रजापत रामरतन अग्रवाल, सुरेंद्र गर्ग व सुरेंद्र मित्तल आदि मौजूद रहे।

# श्री गुरु तेग बहादुर साहब का पावन प्रकाश दिवस मनाया गया

**सोनीपतः** गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहब सेक्टर 15 सोनीपत में श्री गुरु तेग बहादुर साहब का पावन प्रकाश दिवस मनाया गया। शुक्रवार प्रात अखंड पाठ आरंभ किए गए आज प्रातः अखंड पाठ साहब की समाप्ति हुई। उपरांत स्त्री सत्संग सभा द्वारा कीर्तन किया गया । गुरुद्वारा साहब के हजूरी जत्था भाई दलजीत सिंह एवं साथियों द्वारा कीर्तन श्रवण कराया गया। बीबी जगजीत कौर एवं साथियों द्वारा शब्द कीर्तन गायन किया गया। उसके उपरांत भाई बलविंदर सिंह लोपोके हजूरी रागी श्री दरबार से अमृतसर वालों ने संगत को गुरबाणी कीर्तन श्रवण कराया गुरु जी का जन्म 1621 श्री अमृतसर साहिब में हुआ।

# 'फाक्सटेल पाम के पौधों से सड़कों की सुंदरता बढ़ेगी'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने कहा कि करनाल की सडकों को और खुबसूरत व सुंदर बनाने के लिए अब फाक्सटेल पाम के पौधे लगाए जाएंगे। इसका कार्य सेक्टर-13 में शुरू हो गया है। यह पौधे सेक्टर-13 के महर्षि दयानंद चौक से हरियाणा नर्सिंग होम तथा कालड़ा मार्केट के सामने डिवाईडिंग रोड पर लगाए जाएंगे। यह पौधे अच्छी उंचाई तक बढ़ते हैं और हर मौसम में हरे.भरे रहते हैं। इससे न केवल सडक पर छाया रहेगी बल्कि सडकों की सुंदरता भी बढ़ेगी। इसी उद्देश्य से यह फाक्सटेल पाम का पौधा लगवाया गया है।

निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि इस फाक्सटेल पाम के पौधारोपण के लिए द संगम को-ऑपरेटिव मल्टीपर्पज सोसाईटी लिमिटेड को टैण्डर दिया गया है। इसके अंतर्गत करीब 310 पौधे लगाए जाएंगे तथा इनकी सुरक्षा के लिए सीमेंट कंक्रीट से निर्मित मजबूत ट्री-गार्ड भी लगाए जाएंगे। कार्य का अनुमान हरियाणा शैड्यूल रेट (एचएसआर) के अनुसार तैयार किया गया है तथा इस पर 11 लाख 95 हजार रुपए की अनुमानित राशि खर्च की जाएगी। यह कार्य आगामी 1 पखवाड़े में मुकम्मल कर लेने की उम्मीद है।
1 वर्ष तक पौधे की मैंटेनेंस करेगी एजेंसी : निगमायुक्त ने बताया कि इस पौधारोपण कार्य में तीन आईटम को शामिल किया गया है। पहली आईटम पौधा लगाने के लिए गढ्ढा करना, जिसका एचएसआर रेट 24 रुपए प्रति गढ्ढा है। दूसरी आईटम फोक्सटेल पाम पौधा, जिसका एचएसआर रेट 1492 रुपए प्रति पौधा तथा तीसरी आईटम पीसीसी का ट्री-गार्ड, इसका एचएसआर रेट 2272 रुपए प्रति ट्री-गार्ड है।

# दो दर्जन संस्थाओं ने किया पूर्व डीसी सुशील सारवान का सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** पानीपत जिला के पूर्व उपायुक्त सुशील सारवान का रविवार को सेक्टर 25 स्थित रघुनाथ धाम में आयोजित समारोह में शहर की करीब दो दर्जन सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों ने फूलमालाओं, पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व डीसी को सम्मानित करने वाली संस्थाओं में दशहरा कमेटी सनौली रोड, दशहरा कमेटी बरसत रोड, हनुमान जन्मोत्सव समिति, सबको रोशनी फाउंडेशन, जन सेवा दल, महाबीर सभा, सनातन धर्म संगठन, सेवा




भारती, अवध धाम मंदिर आदि शामिल है। समारोह में दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा, भीम सचदेवा, हरिओम तायल, विकास गोयल, पुरूषोतम शर्मा,कृष्ण रेवड़ी, विजय, हरीश अरोड़ा, सतीश गुप्ता व सतबीर सिंगला आदि ने कहा कि पूर्व उपायुक्त सुशील सारवान ने करीब 22 माह तक पानीपत जिला के उपायुक्त के पद पर कार्य करते हुए लोगों की सेवा करने का काम किया है। उन्होंने शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं व संगठनों को हमेशा धार्मिक कार्य करने में पूरा सहयोग दिया है। सभी संस्थाओं ने सुशील सारवान को अपने परिवार की तरह माना है और संस्थाओं को दिया गया उनका योगदान कभी भूलाया नहीं जा सकता।
वहीं सुशील सारवान ने कहा कि पानीपत वासियों ने उनको इतना प्यार व मान सम्मान दिया है जोकि उनको जिंदगी भर याद रहेगा।

# 'हिंदी भाषा के प्रचार और प्रसार के लिए निरंतर काय हो रहा'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हिंदी साहित्य भारती द्वारा गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा एवं गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के पूर्व कुलपति डॉ राधे श्याम शर्मा ने की। डा. राधे श्याम शर्मा ने कहा कि साहित्य भारती हरियाणा के हर जिले के साथ पूरे हरियाणा, समस्त भारत और विश्व स्तर पर हिंदी भाषा के प्रचार और प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रही। उन्होंने कहा कि करनाल के सभी हिंदी प्रेमी और साहित्य प्रेमी साहित्य भारती के साथ जुड़ सकते है और अपना योगदान दें सकते है।
गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के प्राचार्य डॉ. गुरिंदर सिंह ने कहा कि हमारा कॉलेज हमेशा इस प्रकार की गतिविधियों के लिए हमेशा तैयार है। स्कूल स्तर के अध्यापकों को भी साहित्य भारती के साथ जोड़ा जाएगा और साथ ही बैंक कर्मियों और अन्य सरकारी विभागों के साथ साथ अन्य जगत के लोगों को भी जोड़ा जाएगा। जनता कॉलेज कोल के प्राचार्य डॉ ऋषिपाल ने कहा कि हिंदी प्रेमी, गजल, गीत, कविता आदि लिखने वाले लोगो को जोड़ा जाएगा, ताकि हमारा दायरा बड़ा हो।

# हथियारों के बल पर छीना झपटी करने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस की सीआईए वन की टीम द्वारा हथियारों के बल पर मोबाइल फोन व नगदी स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है।
इस संबंध में शिकायतकर्ता फिरोज पुत्र अबीब वासी बिहार हाल कलहेड़ी जिला करनाल ने 2 मार्च को थाना घरौंडा में एक शिकायत देते हुए बताया कि 2 मार्च को वह व उसका साथी मौजिब खेतों की दवाई लेने के लिए बरसत जा रहे थे। जब वह दोनों गांधी राइस मिल कलहेडी के पास पहुंचे तो चार नौजवान लडके एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और



पिस्तौल व चाकू के बल पर उनको डरा धमका कर उनसे उसका मोबाइल फोन व दो हजार रुपए की नगदी छीन कर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना घरौंडा में 379बी आईपीसी व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।
इस मामले में पुलिस टीम द्वारा बीती रात नाइट डोमिनेशन के दौरान दो आरोपी शाहिद पुत्र यामीन वासी गांव नवादा जिला पानीपत व आसिफ पुत्र दिलशाद वासी गांव पत्थरगढ़ जिला पानीपतङ को विश्वसनीय सूचना पर सेक्टर 16 करनाल के एरिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्य के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी बीती रात भी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में सेक्टर 16 में घूम रहे थे। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपियों ने जल्दी पैसा कमाने के चक्कर में पिस्तौल व चाकू के बल पर उपरोक्त वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से उपरोक्त वारदात में छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है।
आरोपियों को आज पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## संपादकीय

# शिक्षा में सृजनात्मकता को अवसर दिया जाए

**औपचारिक** शिक्षा और सृजनात्मकता के आपसी सम्बन्ध समाज के वर्तमान और भविष्य के निर्माण के साथ गहनता से जुड़े हुए हैं । शिक्षा में सृजनात्मकता कितनी बची रहेगी और समाहित होगी इस बात पर देश का ही नहीं बल्कि सारी मनुष्यता का भविष्य निर्भर करता है। शिक्षा सृजनात्मकता के साथ शब्द और अर्थ की ही तरह आपस में जुड़ी हुई है । जैसे शब्द और अर्थ एक दूसरे से संपृक्त होते हैं, एक के बिना दूसरे का कोई मूल्य या उपयोगिता नहीं होती, ठीक वैसी ही शिक्षा और सृजनात्मकता भी एक दूसरे से जुड़े और अन्योन्याश्रित होते हैं। बगैर सृजनात्मकता के शिक्षा अर्थहीन होगी और सृजनात्मकता के विकास के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण का अवसर भी जरूरी होता है। इसलिए शिक्षा की सार्थकता के लिए उसका रचनात्मक और सृजनात्मकता होना ही चाहिए । किंतु जब हम शिक्षा-व्यवस्था में सृजनात्मकता की जगह तलाशते हैं तो विफलता ही हाथ लगती है। रटना और उसे परीक्षा में पुनरुत्पादित कर देना ही शिक्षा का परम लक्ष्य बन चुका है। इस दृष्टि से सोचने पर आज की औपचारिक शिक्षा की वास्तविकता पर विचार चिंता पैदा करने वाला होता जा रहा है। तथ्य यही है कि शिक्षा और सृजनात्मकता के बीच की कड़ी सामान्य शिक्षा केंद्रों में बहुत क्षीण अथवा कमजोर होती जा रही है। हम जो शिक्षा व्यवस्था देख रहे हैं, जिसमें जी रहे हैं उसमें ज्यादातर जगहों पर सृजनात्मकता का कोई अंश ढूँढे नहीं मिल रहा है। यह अलग बात है और जिस पर गौर किया जाना चाहिए कि तो भारत और अन्यत्र भी रचनाशील लोगों को औपचारिक शिक्षा कोअक्सर रास नहीं आती है। ऐसे लोगों ने बीच में ही छोड़ दिया जिनके भीतर तीव्र रचनात्मकता थी। उनको स्कूली व्यवस्था रास नहीं आयी। ऐसा इसलिए था क्योंकि औपचारिक शिक्षा व्यवस्था एक औपनिवेशिक दृष्टि की उपज थी । इस तथ्य से भी कोई इनकार नहीं कर सकता कि इस शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य अंग्रेजी राज के लिए बाबू यानी क्लर्क तैयार करना था। इसलिए सबसे पहले आत्मबोध को खंडित किया गया और धीरे-धीरे उसे विस्मृति के अंधे कुएं में डाल दिया गया। जिसका परिणाम है कि किसी चीज अथवा प्रत्यय का भारतीय होना हीन माना जाने लगा। यहां तक कि जब तक विदेश की मुहर न लग जाए तबतक उसे स्वीकार न करने का ही चलन बन गया। हमारे मन में 'भारतीय' के लिए व्यर्थता बोध भरता चला गया। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि शिक्षा का अर्थ परिष्कार और शुद्धि भी है। इसलिए हमारे मस्तिष्क में जो यह भ्रम बैठ गया है उसका निवारण भी शिक्षा के माध्यम से होना चाहिए। हमारे यहां ज्ञान का दायरा, उसकी व्याप्ति बहुत बड़ी है। विद्या भी परा और अपरा दो प्रकार है। इस दृष्टि से भी उसपर विचार होना चाहिए। यदि आप वेदों और उपनिषदों को रचनात्मकता का प्रमाण नहीं मानेंगे, कालिदास को नहीं स्वीकार करेंगे तो किसे स्वीकार करेंगे। कादंबरी जैसी रचना यदि आपके चिंतन का हिस्सा नहीं है तो चिंतन करेंगे किसपर? हम यह न भूले की सृजनात्मकता का एक अर्थ मौलिकता भी है। इस अर्थ में महाकाव्य सृजनात्मकता के प्रतिमान हैं। जिस प्रकार की औपचारिक शिक्षा आजकल मिल रही है वह हमारे सोच-विचार का दायरा संकीर्ण करती जा रही है। हमारे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय आदि शिक्षण संस्थान नये प्रश्न, नये विचार, सृजनात्मकता का परिवेश नहीं बना पा रहे। वे एक ही ढर्रे पर वर्षों से चल रहे हैं और चाहते हैं कि उनके यहाँ से 'शिक्षित' व्यक्ति भी उसी दायरे के भीतर रहे।

# मन की बातें: पीएम मोदी की मन की बात



अनुराग ठाकुर

"मन की बात का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री और देश के नागरिकों के बीच सीधा संपर्क बनाना है। हर महीने, प्रधानमंत्री को देश भर से लाखों पत्र मिलते हैं, जिस पर वे कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डालते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का लोगों से टेलीफोन पर बातचीत करना भी कोई असामान्य बात नहीं है। निर्वाचित नेता और जनता के बीच संचार का ऐसा तरीका लोकतंत्र और शासन में लोगों के विश्वास को काफी मजबूत करता है। 'मन की बात' के 8 वर्षों के अपने 99 एपिसोड के सफ ल बनाने के क्रम में, न केवल महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, बल्कि उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय हितों को लेकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है"

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी को सार्वभौमिक रूप से एक असाधारण प्रतिभा के धनी वक्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है। जो जनता के साथ तत्काल संवाद-संबंध स्थापित कर सकते हैं। उनकी शानदार वक्तृत्व कला, इस अनूठी क्षमता का केवल एक उदाहरण है। जिस लगन के साथ वे बोलते हैं, जिस निष्ठा के लिए वे जाने जाते हैं और पिछले आठ वर्षों में उन्होंने लोगों के साथ जो विश्वास-आधारित संवाद संबंध बनाए हैं, वे सभी मिलकरए जन संचारक के रूप में उनकी सफलता में योगदान देते हैं। उनके समावेशी दृष्टिकोण को देश के सभी भागों में अभूतपूर्व स्वीकृति मिली है। यह पीएम मोदी के विकास का लोक-केंद्रित मॉडल है, जिसने उन्हें बड़ी संख्या में आम लोगों का प्रिय बना दिया है। लोगों के साथ निरंतर संवाद, जिसे हम 'मन की बातज के रूप में जानते हैं, से जुड़े उनके विचार को गैर-अभिजात्य या साधारण स्तर का कहा जा सकता है। 'मन की बात' कार्यक्रम को अक्टूबर 2014 में लॉन्च किया गया था। वर्षों से यह महीने के अंतिम रविवार के दिन के लिए नियत किया गया है। यह एक रेडियो वार्ता के रूप में शुरू हुआ थाय लेकिन अब इसे एक साथ विभिन्न प्लेटफ ार्मों पर कई भाषाओं में प्रसारित किया जाता है।मन की बात से पता चलता है कि मोदी के दो व्यक्तित्व हैं। मजबूत, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री मोदी तथा नम्र, दयालु और नेक पिता तुल्य अभिभावक। यदि आप आंख बंद करके 'मन की बात सुनें, तो आप सोचेंगे कि मोदी जी गांव की चौपाल पर बैठे हैं,लोगों से बातचीत कर रहे हैं, उनकी बातें सुन रहे हैं, उनसे साथ संवाद कर रहे हैं, जहां जरूरत हो वहां ज्ञान भरी सलाह दे रहे हैं या किसी अनुकरणीय कार्य के लिए किसी की तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंग दान करने के फैसले किये थे। मोदी जी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया।

ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनमें जलवायु की विपरीत स्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बधाई देना आदि शामिल हैं। पीएम मोदी की 'मन की बात' रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत को दशार्ती हैं और लुटियंस दिल्ली की संकीर्ण सीमाओं से परे हैं। इसी वजह से 'मन




की बातज का हर एपिसोड अत्यधिक लोकप्रिय होता है और इसे लाखों प्रतिक्रियाएं मिलती हैं। यह लोगों के साथ प्रतिध्वनित होता है, क्योंकि यह उनकी चिंताओं के बारे में है। मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर, 2014 को प्रसारित किया गया था। यह 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड पूरे करेगा। मन की बात अपनी विषय वस्तु, डिजाइन, बातचीत और आम लोगों तथा समग्र रूप से समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीके के मामले में अद्वितीय है। 262 रेडियो स्टेशनों और 375 से अधिक निजी और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ दुनिया के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क 'ऑल इंडिया रेडियोज के माध्यम से, भारतीय प्रधानमंत्री सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विभिन्नता वाली विशाल आबादी तक पहुँचते हैं, उन्हें न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संकट जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी प्रेरित व सक्रिय करते हैं, जिनका दुनिया आज सामना कर रही है। भारतीय लोक प्रसारक, प्रसार भारती मन की बात का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओं/बोलियों में करता है, जिसमें 1

1 विदेशी भाषाएँ शामिल हैं, ताकि देश के सबसे दूर-दराज क्षेत्रों से लेकर विदेशों में रहने वाले भारतीयों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित हो सके। मन की बात भारत का पहला वर्चुअल रूप से समृद्ध रेडियो कार्यक्रम है, जिसे टीवी चैनलों द्वारा एक साथ प्रसारित किया जाता है।

दूरदर्शन नेटवर्क के 34 चैनल और 100 से अधिक निजी सैटेलाइट टीवी चैनल इस अभिनव कार्यक्रम को देश भर में प्रसारित करते हैं, जो संचार के इस पारंपरिक माध्यम के प्रति एक नई रुचि और जागरूकता पैदा करते हैं। फ रवरी 2022 से हर महीने विशेषज्ञों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अग्रणी व्यक्तियों के लेखों के साथ एक स्मार्ट तरीके से तैयार पुस्तिका भी प्रकाशित की जा रही है, जो डिजिटल रूप से 60 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचती है। इतने व्यापक प्रभाव के साथ, मन की बात को एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है जो सही भी है। इस कार्यक्रम को जनभागीदारी से ठोस आधार प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना और कार्यान्वयन, नागरिकों के साथ जुड़ाव और भागीदारी के विचार पर आधारित है, जो कार्यक्रम के नाम से लेकर विषयों की पसंद और लोगों द्वारा सक्रियता से काम करने के आह्वान तक से परिलक्षित होते है, जिन्हें प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल करते हैं। प्रत्येक एपिसोड व्यक्तियों की परिवर्तनकारी शक्ति में प्रधानमंत्री के अटूट विश्वास के आधार पर तैयार किया जाता है और शासन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री देश भर के लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे हैं। वे इस प्लेटफार्म का देश के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने में उपयोग करते हैं और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी चाहते हैं।

"मन की बात का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री और देश के नागरिकों के बीच सीधा संपर्क बनाना है। हर महीने, प्रधानमंत्री को देश भर से लाखों पत्र मिलते हैं, जिस पर वे कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डालते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का लोगों से टेलीफोन पर बातचीत करना भी कोई असामान्य बात नहीं है। निर्वाचित नेता और जनता के बीच संचार का ऐसा तरीका लोकतंत्र और शासन में लोगों के विश्वास को काफी मजबूत करता है। 'मन की बातज के 8 वर्षों के अपने 99 एपिसोड के सफ ल बनाने के क्रम में, न केवल महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, बल्कि उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय हितों को लेकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है। बदलाव लाने वालों की प्रेरक कहानियां इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में से एक हैं, जो जमीन पर लगातार और निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं, जो न केवल उनके लिए काम करते रहने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं, बल्कि लाखों अन्य लोगों को भी प्रेरित करते हैं।

अपनी शुरूआत से लेकर, 'मन की बातज पूरे देश में समुदायों को शामिल करने वाले सामाजिक आंदोलनों को उत्प्रेरित करने वाले जन आंदोलन के एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सामाजिक संदेश कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया ट्रेंड बन जाते हैं और कुछ ही हफ्तों में एक जन आंदोलन बन जाते हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान,ज 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओज, 'कोविड टीकाकरणज और 'हर घर तिरंगाज इसके कुछ शानदार उदाहरण हैं। हाल ही में 'मन की बात के 88वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने इलाके में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। कुछ महीनों के भीतर, प्रधानमंत्री का यह संदेश एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गया और देश भर में कई अमृत सरोवर तैयार हो गए,जो स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र के सरकारी निकायों की मदद से बनाए गए थे। इसके बाद, 92वें एपिसोड में, प्रधानमंत्री ने नागरिकों के त्वरित प्रयासों की सराहना की, क्योंकि उन्होंने उत्तर प्रदेश के ललितपुर में भगत सिंह अमृत सरोवर और कर्नाटक के बिलकेरूर में अमृत सरोवर जैसे विभिन्न अमृत सरोवरों के बारे में चर्चा की।

'सशक्त भारत के निर्माण की दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, 'मन की बातज का यह कार्यक्रम देश की उन राष्ट्रीय एवं वैश्विक सफलताओं को उजागर करने पर केन्द्रित है, जो नागरिकों में गर्व, अपनेपन और राष्ट्रवाद की भावना पैदा करते हुए लोगों से देश के विकास में भाग लेने का आग्रह करती है। इस कार्यक्रम की 89वीं कड़ी में, प्रधानमंत्री ने भारत में यूनिकॉर्न की संख्या के 100 के आंकड़े तक पहुंचने पर प्रकाश डाला। इसके 91वीं कड़ी में, 'हर घर तिरंगाज अभियान की सामूहिक भागीदारी और देशव्यापी सफलता का उत्सव मनाया गया, जिससे हर भारतीय का हृदय गर्व से भर गया।

ऐसे कई और उदाहरण हैं जो यह दिखाते हैं कि कैसे 'मन की बातज् सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत के समग्र विकास का प्रतिबिंब और सार्वजनिक भागीदारी की अभिव्यक्ति है। संकट के समय में भी, इस कार्यक्रम ने लोगों को सूचित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उदाहरण के लिए इसने कोविड महामारी के दौरान लोगों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया और उन्हें टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। भारत की टीके की कहानी की सफलता का श्रेय काफी हद तक 'मन की बातज कार्यक्रम को जाता है।

यही हमारे जीवन में 'मन की बातज कार्यक्रम की प्रासंगिकता और इसके महत्व का पर्याप्त प्रमाण है।

## कविता

### नदी कुछ कहती है

बह रही हूं अनवरत देखो तो
रफ्ता रफ्ता ही सहीबढ़ रही हूं
अनगिनत सवालों को झेलकर
कहीं नहीं मैं यूं ही रुक रही हूं।

जहां रुक जाऊंगी मैं वहीं नदी,
नहीं कोई नालाही बन जाऊंगी।
अपनी गरिमा ना मिटा जाऊंगी
अनवरत पथ पे आगे बढ़रही हूं

सरिता हूं पत्थरों को काटकर
ऊंचे नीचे रास्ते को यूं पाटकर
कभी ऊंचाई में नीचे बह रही हूं
निरंतर मार्ग चीर कर बढ़रहीहूं।

हूं गुजरती जिस नगर से उसमें
रोजगार पैदा करते चल रही हूं।
नहीं भेदभाव करती किसी से
खुद पथ पे लगातार बढ़ रही हूं।

कहीं धीरे कहीं तेज कहीं थोड़ा कहींज्यादा
बहाव ले बह रही हूं।
रास्तों में कितने हैं अवरोध खड़े निरंतरता
बनाए में बढ़ रही हूं।

श्याम कुमार

## कृषि रोबोट: किसानों का किफायती दोस्त

**प्रियंका सौरभ**

**भारत में कृषि उद्योग में पिछले कुछ दशकों में भारी बद**लाव आया है। पारंपरिक खेती के तरीकों से लेकर स्मार्ट खेती तक, हमने एक लंबा सफर तय किया है। प्रौद्योगिकी ने अंततः ग्रामीण कृषि की चुनौतियों पर काबू पा लिया है और उत्पादकता बढ़ाने के लिए लगातार उन्नत समाधान लेकर आ रही है। अंतिम उद्देश्य किसानों को बढ़ती आबादी को खिलाने के लिए उच्च उपज वाली फसलों का उत्पादन करने में मदद करना है। इस सतत विकास को प्राप्त करने के लिए, कृत्रिम बुद्धि के साथ संयुक्त तकनीकी विकास ने ड्रोन, नमी सेंसर इत्यादि के आकार में नए-नए गैजेट पेश करने में मदद की है। ऐसा ही एक उदाहरण कृषि रोबोट है। रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी की वह शाखा है जो रोबोट के डिजाइन, निर्माण, संचालन, संरचनात्मक निक्षेपण, निर्माण और अनुप्रयोग से संबंधित है। आज रोबोटिक्स तेजी से बढ़ता क्षेत्र है और यह विभिन्न व्यावहारिक उद्देश्यों की पूर्ति करने वाले नए रोबोटों के अनुसंधान, डिजाइन और निर्माण में जारी है। भारत में कृषि उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने में रोबोटिक्स फसल और मिट्टी के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए कंपनियां सेंसर और विभिन्न तकनीकों का लाभ उठा रही हैं। विभिन्न एआई और मशीन लर्निंग टूल्स का उपयोग बीज बोने के समय की भविष्यवाणी करने, कीट हमलों से जोखिमों पर अलर्ट प्राप्त करने आदि के लिए किया जा रहा है। कंपनियां एक कुशल और स्मार्ट आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए कई स्त्रोतों से आने वाले डेटा-स्ट्रीम पर रीयल-टाइम डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर रही हैं। कृषि रोबोट कंपनियां आवश्यक कृषि कार्यों को संभालने के लिए स्वायत्त रोबोट विकसित और प्रोग्रामिंग कर रही हैं, जैसे मानव मजदूरों की तुलना में अधिक मात्रा में और तेज गति से फसल की कटाई। कृषि रोबोट के कुछ उदाहरण है जैसे ग्रीन सीकर सेंसर स्मार्ट मशीन एक पौधे की जरूरतों को पढ़ती है और फिर आवश्यक शाकनाशियों के उर्वरक की मात्रा को सटीक रूप से लागू करती है। ग्रीन सीकर एक ऐसी मशीन है जो सेंसर का उपयोग करके पौधे को बताती है कि उसे क्या चाहिए। रोबोट ड्रोन ट्रैक्टर रोबोट ड्रोन की एक नई पीढ़ी हमारे खेती करने के तरीके में क्रांति ला रही है, विभिन्न रोबोट के निर्माण के साथ, पहली बार रोबोट ड्रोन ट्रैक्टर की घोषणा कृषि मुख्यधारा का हिस्सा बन गई है। रोबोट यह तय करेगा कि कहां बोना है, कब फसल काटनी है और खेत को पार करने के लिए सबसे अच्छा मार्ग कैसे चुनना है। उर्वरक फैलाने के लिए उड़ने वाले रोबोट इली खेतों के ऊपर फसलों की बढ़ती स्थिति की निगरानी करता है, एक स्वचालित उर्वरक प्रणाली के साथ, रोबोट स्वायत्त रूप से उड़ सकता है। फल चुनने वाले रोबोट अनुसंधान अभी भी पूरी तरह से प्रगति पर है, विशेष रूप से रोबोट को सावधानीपूर्वक डिजाइन करने की आवश्यकता है ताकि वे फलों को तोड़ते समय चोट न करें। एक समाधान सक्शन ग्रिपर्स का उपयोग है>

## विचार

# अतीक की हत्या या बड़ी साजिश...?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**माफिया** अतीक अहमद और उसके भाई असरफ के आतंक का अंत इस तरीके से होगा इसकी उत्तरप्रदेश पुलिस और खुद अतीक और उसके परिवार को इसकी कल्पना नहीं रहीं होगी। लेकिन यह सच था कि पुलिस की कार्रवाई को लेकर वह सहमा था। उसके भीतर कहीं न कहीं यह भय था कि उसकी भी हत्या कि जा सकती है। झाँसी में बेटे असद के एनकाउंटर के बाद उसका डर और गहरा हो गया था। इस घटना के बाद उत्तरप्रदेश पुलिस और राज्य की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में है। सवाल उठता है कि इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अतीक और असरफ की हत्या कैसे हुईं। विपक्ष का सवाल उठाना लाजमी है कि फिर कानून व्यवस्था का क्या मतलब है? क्योंकि अतीक माफिया भले था लेकिन उसी प्रयागराज से पांच बार विधायक और एक बार सांसद रह चुका था। जिस तरह पुलिस अभिरक्षा में घूस कर तीन युवकों ने गोली मार कर हत्या कि वह अपने आप में बड़ा सवाल है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, अखिलेश यादव और ओवैसी ने इस हत्या की तीखी आलोचना की है। उधर सपा के महासचिव रामगोल यादव ने अतीक के बाकि बचे बेटों के हत्या की भी आशंका जतायी है। उन्होंने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। योगी सरकार ने इस घटना की रिपोर्ट केंद्रीय गृहमंत्रालय को भी भेजा है। पुलिस अभिरक्षा में अतीक और असरफ की हत्या की घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़े न इसके लिए राज्य पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं। प्रयागराज में जहाँ इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं पूरे प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गयीं है। घटना के सम्बन्ध में 17 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। राज्य पुलिस मुख्यालय से पांच आईपीस अफसरों को कानून-व्यवस्था निगरानी और समीक्षा के लिए भेजा गया है। अब अतीक की हत्या को मजहबी रंग भी दिया जाने लगा है। लेकिन कानून-व्यवस्था पर तो सवाल तो उठेगा ही। निश्चित रुप से अतीक और उसके गुर्गो को उसके गुनाहों की सजा मिलनी चाहिए थी। इसके लिए संवैधानिक गतिविधियां अपनायी गयीं थीं। प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उमेशपाल हत्याकाण्ड में अतीक के खिलाफ सजा भी सुनायी थी। साबरती से उसे दूसरी बार पुलिस रिमांड पर प्रयागराज ले आया गया था। माफिया डॉन अबू सलेम और पाकिस्तान कनेक्शन पर भी धूमनगंज थाने में पूछताछ हो रहीं थी। लेकिन जिस तरह अतीक की हत्या को अंजाम दिया गया वह किसी बड़ी साजिश की तरफ इशारा करती है। प्रयाराज में मेडिकल परिक्षण के दौरान अतीक और उसके भाई की हत्या को लेकर उसकी अभिरक्षा में लगी पुलिस भी सवालों को घेरे में हैं। सवाल उठता है कि रात में जिस समय अतीक पर हमलावर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा रहे थे उस दौरान पुलिस क्या कर रहीं थी। पुलिस ने काउंटर फायरिंग क्यों नहीं किया। अतीक कोई मामूली कैदी नहीं था वह पांच बार का विधायक और सांसद रह चुका था। वह बेहद हाईप्रोफाइल व्यक्ति था उसकी हत्या कोई सामान्य बात नहीं है। जब आरोपित गोलियां बरसा रहे थे तो पुलिस को उन पर कवर फायरिंग करना था। लेकिन पुलिस ने ऐसा क्यों नहीं किया। इस मीडिया रिपोर्ट में अतीक का जो वीडियो आया है उसमें साफ दिख रहा है कि उसे एकदम सटाकर गोली मारी गयीं। आरोपित ताबड़तोड़ गोली मारते रहे और पुलिस मौन ही। इस घटना में एक पुलिस वाले और पत्रकार के घायल होने की खबर है। लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया, हमलावर आराम से हत्या कर हथियार डाल कर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करते हैं। अगर पुलिस की कवर फायरिंग में तीन में किसी भी बदमाश को गोली लगती तो पुलिस की भूमिका पर सवाल न उठते। प्रयागराज में अतीक की हत्या किसी बड़े इशारे की ओर इंगित करती है। हत्या के आरोपित जिन तीन युवकों का नाम आ रहा है उसमें लवलेश तिवारी बांदा, अरुण मौर्या कासगंज और सनीसिंह हमीरपुर शामिल हैं। यह तीनों बड़े अपराधी हैं। लेकिन अतीक की हत्या के लिए तीनों का एक साथ आना बड़े सवाल खड़े करता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# लगातार चलता ही रहता है बिहार में जहरीली शराब का तांडव

**अशोक भाटिया**

**बिहार में** एक बार फिर जहरीली शराब कांड हुआ है। यहां पश्चिमी चंपारण के मोतिहारी में संदिग्ध हालत में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। वहीं 4 दर्जन से अधिक लोग बीमार हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृतक संख्या बढ़ सकती है। वैसे बिहार में 2016 से ही शराबबंदी कानून लागू है। राज्य में कहीं भी शराब पीना या शराब से जुड़ा कारोबार करना कानूनी जुर्म है और इसके लिए कठोर सजा का प्रावधान है। लेकिन बावजूद इसके इस कानून की हकीकत क्या है वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला मोतिहारी से निकलकर सामने आया है। जहां एक साथ 16 लोगों की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गईक्ष् इनके मौत के पीछे की वजह जहरीली शराब बताई जा रही है। हालांकि, प्रसाशन की टीम इसे डायरिया की वजह से हुई मौत बता रही है। इस मामले में जांच करने के लिए पटना से मद्य निषेद्य इकाई की एक स्पेशल टीम मोतिहारी जा रही है। स्पेशल टीम में 5 पुलिस अफसर शामिल हैं। इनमें 2 डीएसपी और 3 इंस्पेक्टर हैं। डीएम-एसपी का कहना है कि डायरिया-फूड पॉइजनिंग से मौतें हुई हैं। मामला सामने आने के बाद पुलिस और प्रशासन एक्शन में है। घटना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने जांच के आदेश दिए हैं। सदर व अरेराज के अनुमंडल पदाधिकारी प्रभावित गांवों में जाकर जांच कर रहे हैं।वैसे यह पहली बार नहीं है जब कथित रूप से जहरीली शराब के कारण लोगों की मौत हुई है। मौतें का सिलसिला 14अप्रैल से शुरू हुआ हुआ और शाम तक 8 लोगों की जान चली गई। 15 अप्रैल के सुबह तक यह आंकड़ा बढ़ कर 16 हो गया। परिवार वालों ने 7 लोगों के शव बिना पोस्टमार्टम के ही जला दिए। खबरों के अनुसार रघुनाथपुर ओपी क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव, तुरकौलिया थाना क्षेत्र के गोकुला, जसीनपुर, मथुरापुर गांव, हरसिद्धि थाना के मथलोहियार और पहाड़पुर थाना के बलुआ गांव में जहरीली शराब से मौतें हुई हैं। गौरतलब है कि बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी नीतीश सरकार से सवाल किया था।

## एक दुनिया वह भी...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक दुनिया** धरती के ऊपर है तो एक दुनिया पानी के भीतर भी है। जैसी अपनी दुनिया है ठीक उनकी दुनिया है। अपनी दुनिया में लोग एक-दूसरे को पानी पिलाने के चक्कर में रहते हैं। उनकी दुनिया में ऐसी मारा-मारी नहीं है। जो खुद पानी में डूबे हो उन्हें भला पानी पिलाने का क्या मतलब। उसी तालाब में एक बड़ी मछली है। लिग बदलने की सुविधा होती तो मछली की जगह मछला कहना बेहतर होता। बड़ी मछली दिन-ब-दिन और बड़ी होती जा रही है। छोटी मछलियाँ दिन-ब-दिन घटती जा रही हैं। बड़ी मछलियों के पेट में अजीब सी मराड़ मची है, लेकिन पचाने की शक्ति में उसका कोई सानी नहीं है। हिसाब से देखा जाए तो जो पचा सकता है, उसे खाने का पूरा हक है। बड़े छोटों को खा सकते हैं, क्योंकि वे बड़े हैं। छोटे बड़ों को नहीं खा सकते, क्योंकि वे छोटे हैं। वैसे भी कुत्ता दुम हिलाता है न कि दुम कुत्ते को। अगर दुम कुत्तों को हिलाने लगें तो भला कुत्ते अपनी दुम क्यों बक्शने लगे? भूख लगने पर सांप अपने संपोलों तक को नहीं छोड़ते फिर भी यह तो कुत्ते की दुम है। दुनिया भर के लोग जिसे महामारी कह रहे हैं, उसे ही ये बड़ी मछलियाँ महावसर की तरह भुनाती हैं। एक बार के लिए गिद्ध शवों को खाना छोड़ सकते हैं, किंतु ये बड़ी मछलियाँ कोरोना महामारी से मरने वालों के नाम पर धंधा करना नहीं छोड़ सकतीं। छोटी-छोटी मछलियाँ जैसे-तैसे अपनी जिंदगियाँ बचते-बचाते गुजर-बसर करते हैं और ये बड़ी मछलियाँ एक झटके में उन्हें डकार जाती हैं। ये छोटी-छोटी मछलियाँ बड़ी मेहनत करके अपने दाना-पानी का इंतजाम करती हैं। उसी मेहनत को ये बड़ी मछलियाँ टॉनिक की तरह पी जाती हैं। मेहनत, लगन, आत्मनिर्भरता आदि शब्द सुनने में इतने मधुर लगते हैं कि छोटी मछलियाँ इन्हें सुन-सुन कर ऐसी बड़ी होती हैं जैसे कसाई के यहाँ मिमियाती नन्हीं बकरियाँ। कहते हैं एक गंदी मछली पूरे तालाब को गंदा कर देती है। जबकि एक बड़ी मछली पूरे तालाब को खा जाती है। छोटी मछलियाँ जिंदगी भर जिंदगी बचाने के चक्कर में जिंदगी खो बैठती हैं, जबकि बड़ी मछलियाँ उन्हीं जिंदगियों को लीलकर अपनी और अपनी आने वाली पीढ़ियों की जिंदगियाँ बनाती हैं।

# दुकानदारों ने गृह मंत्री अनिल विज का आभार जताया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**नगर** परिषद की तर्ज पर कैंटोनमेंट बोर्ड की दुकानों के किराएदारों को दुकानों का मालिकाना हक मिलने की आस जगी है। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने दुकानदारों की मांग पर देश के रक्षा मंत्री को पत्र लिखकर नगर परिषद की तर्ज पर 20 साल से ज्यादा पुराने किराएदारों को दुकानों का मालिकाना हक दिलाने की स्तुति की है। गृह मंत्री अनिल विज ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र में कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नगर पालिकाओं के 20 वर्ष पुराने किराएदारों को दुकानों का मालिकाना हक दिया जा रहा है और नगर पालिकाओं की ही तर्ज पर कैंटोनमेंट बोर्ड के अधीन आने वाले 20 वर्ष या इससे ज्यादा पुराने किराएदारों को दुकानों का मालिकाना हक दिया जाए। गृह मंत्री अनिल विज ने दुकानदारों के समक्ष ही यह बात कही जिसपर दुकानदारों ने



अनिल विज जिंदाबाद और बाबा है तो मुमकिन है के नारे लगाते हुए उनका हार्दिक धन्यवाद जताया। दरअसल, रविवार को कैंटोनमेंट बोर्ड के अधीन आने वाली शहीद भगत सिंह मार्किट के दुकानदारों ने गृह मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच उनका धन्यवाद जताया। दुकानदारों ने कहा कि गृह मंत्री की बदौलत नगर परिषद की किराए की दुकानों के किराएदारों को दुकानों का मालिकाना हक मिल सका है। उन्होंने मांग उठाई की इसी तरह कैंटोनमेंट बोर्ड के पुराने किराएदारों को भी दुकानों का मालिकाना हक मिलना चाहिए। इस अवसर पर भगत सिंह मार्किट से दुकानदार रवि जाट, सुरेंद्र शर्मा, प्रदीप चोना, मनोज कुमार, जितेंद्र मलिक, अशोक कुमार, सुनील शर्मा, दिल बहादुरपाल, रमनदीप, साहिल गुप्ता,

**8 गृह मंत्री की बदौलत नगर परिषद के 20 वर्ष से ज्यादा पुराने किराएदारों को दुकानों का मालिकाना मिल सका है**

गगनदीप, राजेश चोना, दविंद्र, पुनीत, मुकेल, संजू सहित भाजपा नेता सुरेंद्र तिवारी, अनुज यादव एवं अन्य मौजूद रहे। गृह मंत्री अनिल विज की बदौलत नगर परिषद के 20 वर्ष से ज्यादा पुराने किराएदारों को दुकानों का मालिकाना मिल सका है और इसी वजह से उनका आभार जताने के लिए अलग-अलग बाजार एसोसिएशन से दुकानदार उनके आवास पर पहुंच रहे हैं। रविवार को उनके आवास पर इंदिरा मार्केट और गवर्मेंट कालेज के दर्जनों दुकानदारों धन्यवाद जताया और फूलों की वर्षा करते हुए ह्लअनिल विज जिंदाबादह्व के नारे लगाए। दुकानदारों ने कहा कि गृह मंत्री की बदौलत वह दुकानों के मालिक बन पाए हैं। दशकों से वह इस आस में थे कि कब वह दुकानों के मालिक बनेंगे और अब उनकी आस पूरी हुई है। वह फख्र से कह पाएंगे कि वह दुकानों के किराएदार नहीं बल्कि मालिक है और गृह मंत्री अनिल विज की बदौलत वह आने वाली पीढ़ियों को प्रापर्टी दे पाएंगे।

इस अवसर पर दुकानदार परमजीत सिंह बत्तरा, लवली, मानव दास, काकू दास, आरडी गुलाटी, नरेश धवन, अशोक छतवाल, अजीत भल्ला, राकेश आनंद, सुरेंद्र कपूर, शक्ति कपूर, अश्विनी सहगल, कमल गुलार्टी, महिंद्र साहनी, अजय छतवाल सहित बाजारों के दर्जनों दुकानदार मौजूद रहे। वहीं, गृह मंत्री अनिल विज ने उनके आवास पर पहुंचे दुकानदारों से कहा कि वह एक रंग, एक जैसे डिजाइन की दुकानें बनाएं जिससे पूरा बाजार अलग ही रूप में सुंदर और आकर्षक नजर आए।

# 'गरीबी उन्मूलन देश विकास के लिए बहुत आवश्यक'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोनीपत के तत्वाधान में सीजेएम व सचिव रमेश चंद्र के निर्देशानुसार हिन्दू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काठ मंडी सोनीपत में नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाऐं योजना, 2015 वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याणकारी गरिमा के साथ बुढ़ापा पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता अधिवक्ता उषा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राजेश गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता अधिवक्ता उषा ने कहा कि किसी भी देश के लोग वहां की अमूल्य निधि होते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता के साथ सरकारी योजनाओं को सरलता से दिलवाना है। गरीबी उन्मूलन देश विकास के लिए बहुत आवश्यक है।
विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा गरीबी उन्मूलन में सहायतार्थ आर्थिक रूप से कमजोर बीपीएल परिवारों , अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों, सालाना ?5 लाख से कम कमाने वाले व्यक्तियों, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों,किन्नर, बोने, मानसिक रोगी, मन्द बुद्धि, स्वतंत्रता सेनानी, बाढ़ पीड़ित, भूकंप पीड़ित, दंगा पीड़ित, औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले काम कर मजदूरों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण करवा कर आप अनेकों सरकारी स्कीमों का लाभ उठा सकते हैं । सक्षम युवा योजना मैं भी युवा कार्य करके अपना रोजगार आगे बढ़ा सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### फसली सीजन में किसानों को साईबर अपराधियों से बचने की आवश्यकता: जशनदीप सिहँ रंधावा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिहँ रंधावा ने किसानो से अपील करते हुए कहा कि फसली सीजन में किसानों को साईबर अपराधियों से बचने की आवश्यकता, साईबर ठग किसी भी अनाज की खरीद/फरोख्त अथवा अनाज के बीज की किस्म व दवाई की आड़ में बना सकते है ठगी का शिकार।
साईबर ठगों से बचने के लिए सर्तकता व सावधानी ही एकमात्र उपाय है।
व्हटसप/ईमेल पर आने वाले किसी भी सन्दिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और रूपयों का लेनदेन या खरीद/फरोख्त करते समय सावधानी बरतें, बैंक से सम्बन्धित जानकारी किसी अनजान के साथ सांझा न करें। ऐसा करने से आप धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हैं।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने आगे जानकारी देते हुए बतलाया कि आर्नलाइन खरीददारी करते समय थर्ड पार्टी एप्प से सावधान रहें। गूगल-पे, पेटीएम, फोनपे आदि के माध्यम से पैसों का लेनदेन करते समय धोखाधड़ी हो सकती है। इसलिए बैंक द्वारा जारी किए गए एप्प का ही इस्तेमाल करना चाहिए। ध्यान रहे कि जब भी आप किसी सस्थां या कम्पनी की वेबसाईट पर लिखे नम्बरों पर कॉल करते हो तो यह किसी भी साईबर अपराधी के हो सकते हैं, ऐसे नम्बरों पर कॉल करते समय सावधानी अनिवार्य है। साईबर ठग आमजन को घर बैठे हजारो व लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बना सकते है। गूग्गल पर कम्पनियों का हैल्प लाईन नम्बर सर्च करने की बजाए सीधा कम्पनी की वैबसाईट पर जाकर नम्बर प्राप्त करके ही बात करें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने पुनः अपील करते हुए कहा कि थोड़ी सी सावधानी आपको ऐसे ठगों का शिकार होने से बचा सकती है। साईबर ठगी हो जाने पर तुरन्त हैल्पलाईन नम्बर 1930 पर कालॅ करें और नजदीकी पुलिस थाना में भी साईबर हैल्प डैस्क पर शिकायत दर्ज करवाऐं।

### बस स्टैंड के पास बीड़ी सिगरेट व अन्य सामान के खोखे में आग से सामान जल, मामला दर्ज

**गन्नौर:** जी टी रोड पर बस स्टैंड के पास गांव टेहा में बीड़ी, सिगरेट के खोखे में आग लग लग गई। आग लगने की खोखे के मालिक ताराचंद ने अज्ञात युवक पर खोखे में आग लगाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस को दी शिकायत में ताराचंद ने पुलिस में मामला दर्ज करवाकर अज्ञात युवक का पता लगाकर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### स्कारपियों गाड़ी चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** अशोक नगर में घर के बाहर खड़ी स्कारपियो गाड़ी चोरी हो गई। चोरी की शिकायत स्कारपियों के मालिक ने पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में नीरज जग्या ने बताया कि में किताबों का काम करता हुं। 12 अप्रैल को अपने काम के लिए अपनी सफेद रंग की स्कारपियो गाड़ी को लेकर दिल्ली कुछ काम गया था। उसके बाद वापिस आकर मैने अपनी गाड़ी को अपने घर के पास खड़ी करके अपने घर चला। सुबह अपनी गाड़ी देखी तो मुझे गाड़ी खड़ी नही मिली। मेरी गाड़ी को कोई चुरा ले गया। नीरज जग्या ने बताया कि उसके बाद उसने स्कारपियों की शहर व आसपास के गांवों में तलाश की लेकिन कोई पता नही चला। उसके बाद पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया है।

### जान से मारने की धमकी देते हुए रुपए छीनने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व मामलों में वांछितआरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 14 अप्रैल 2023 को थाना सदर अम्बाला में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए रुपए छीनने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी कलजीत सिहँ निवासी न्यू दुर्गानगर हिसार रोड जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता संजय कुमार निवासी पट्टी कलाला कालू माजरा ने 27 फरवरी 2023 को थाना सदर अम्बाला में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 फरवरी 2023 को बांसों की फैक्टरी छोटी घेल के पास आरोपी बंटी, गौरव, मनमीत, रोहित, कर्ण, राजीव, कुलजीत व शैली ने उससे मारपीट व जान से मारने की धमकी देते हुए नकद राशि छीन ली है।

# मेयर ने वार्ड नं 18 में आमजन की शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
नगर निगम मेयर निखिल मदान रविवार को वॉर्ड 18 के विकास नगर में पहुँचे और स्थानीय लोगों की जन समस्याएं सुनी। स्थानीय निवासी राजबीर ने बताया कि विवेकानंद स्कूल के पास कुछ घरों में पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है और पुरानी पाइपलाइन के माध्यम से उन्हें पानी नहीं मिल रहा है। इसी समस्या के समाधान हेतु कॉलोनी के लोग मेयर निखिल मदान से मिले थे। मेयर निखिल मदान ने बताया कि उपरोक्त समस्या के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने संबंधित निगम अधिकारी को एक नई पाइपलाइन बिछाने के आदेश दिए थे। आज मौके पर पहुँचकर



उन्होंने नई पाइप लाइन का निरीक्षण किया है साथ ही निगम अधिकारी को आदेश दिए है कि कल ही सभी लोगों के कनेक्शन करवाकर पेयजल आपूर्ति शुरू की जाए। इस पर सभी लोगों ने मेयर निखिल का आभार जताया। साथ ही एक अन्य ब्रांच गली में सीवर लाइन डालने के बाद गली निर्माण ना होने की शिकायत भी मेयर निखिल मदान के सामने रखी गई।
जिस पर मेयर निखिल मदान ने तुरंत कार्यवाही करते हुए निगम अधिकारियों को गली पक्के करने और सीवरेज मेनहोल के ढक्कन लगाने के आदेश दिए। इस दौरान डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, राजबीर,सुरेंद्र भारती,देवेंद्र,सुरेंद्र सिंह, शुभम गर्ग, रामकुमार,रामकरण,बलवान सिंह, महावीर, नरेंद्र, रविंद्र, सज्जनपाल, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व गवर्नर चौधरी रणधीर सिंह का निधन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शनिवार को सिक्किम के पूर्व गवर्नर ,सांसद एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता चौधरी रणधीर सिंह (बैंय्यापुर) का स्वर्गवास हो गया जो चौपाल संस्था के चेयर-पर्सन व प्रसिद्ध समाज सेवी डॉक्टर राजेंद्र सिंह टोंक के पिता थे। उनका दाह संस्कार दिनाँक 16 अप्रैल 2023, रविवार सुबह 11:00 बजे आर्मी क्रीमेशन ग्राउंड, बरार स्क्वायर, दिल्ली कैंट में किया गया। दाह संस्कार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सरोहा परिवार के साथ उनके पैतृक गांव बैंय्यापुर से ग्रामवासी तथा चौपाल संस्था के सभी सहभागी मौजूद रहे एवं श्रद्धांजलि प्रदान की।



# अब आदेश अस्पताल में ले पाएंगे कैशलैस उपचार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** के मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल अब हरियाणा सरकार के पैनल पर भी उपलब्ध है। जिससे अब सभी सरकारी कर्मचारी एवं पैंशन धारक कैशलैस उपचार का फायदा उठा पाएंगे। आदेश अस्पताल की टीपीए मैनेजर डा. गायत्री ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों और पैंशनर्स को कैशलैस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपने विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र दिखाना होगा और इससे सम्बंधित हरियाणा सरकार की सभी गाइडलाइनस की अनुपालना करनी होगी । उन्होंने बताया कि आदेश अस्प्ताल में हर तरह की आपात स्थिति जैसे कि हार्ट अटैक, ब्रेन हैमरेज, बिजली का झटका लगना, आदि के समय बिल्कुल कैशलैस उपचार उपलब्ध करवाया जाएगा। इन सभी स्थितियों से निपटने के लिए अस्पताल मे कैथ लैब, सीसीयू, कार्डियक डाक्टर, न्यूरो सर्जन, न्यूरो आईसीयू, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग, बर्न आईसीयू एवं ट्रामा सैंटर की सुविधा चौबिस घंटे उपलब्ध है। अस्पताल के एमडी डा. गुणतास गिल ने बताया कि आदेश अस्पताल में एक ही छत के नीचे हर प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

# पंजाब नेशनल बैंक ने 129वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार )**
पंजाब नेशनल बैंक के 129 वें स्थापना दिवस पर बैंक द्वारा मुलाना के सहयोग से ब्लड बैंक टटक्टरफ मुलाना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ' इसमें बैंक की ओर से पुनीत कुमार जिला अग्रणी प्रबंधक संदीप अग्रवाल सहायक महाप्रबंधक अमित कुलश्रेष्ठ मुख्य प्रबंधक व पीएनबी के शाखा प्रबंधकों व अधिकारियों ने भाग लिया तथा टटक्ळ्ळइट मुलाना से डॉक्टर मुनीश्वर राय रुबिका वालिय सुमित मित्तल ने भाग लिया ' इसमें महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व बैंक



कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ' जिला अग्रणी प्रबंधक पुनीत कुमार ने पंजाब नेशनल बैंक के बारे में तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया तथा सभी सहयोगियों को धन्यवाद किया तथा सभी प्रतिभागियों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जरूरी नहीं कि आप किसी की मदद सिर्फ पैसे से ही कर सकते है परमात्मा द्वारा आप को एक अनमोल चीज बक्शीश में मिली हुई है वो है रक्त जिसे आप समय समय पर दान कर किसी की अनमोल जिंदगी भी बचा सकते हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक्टिवा चालक की मौत

**गन्नौर:** रौशनपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक्टिवा चालक की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों का सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में दातौली निवासी पिंकी ने बताया कि उसके पति वीरेंद्र का करीब 6 महीने पहले देहांत हो गया था और उसका देवर कृष्ण उनका घरेलू सामान लेने के लिए एक्टिवा स्कूटी पर सवार होकर गन्नौर जा रहा था, जब वह गांव रोशनपुर के नजदीक पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी टक्कर लगने से कृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे खानपुर पीजीआई रेफर किया गया।

# रोड़ सेफ्टी ऑगेर्नाइजेशन और पुलिस ने बांटे हेलमेट

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार )** रोड़ सेफ्टी ऑगेर्नाइजेशन और कालाअम्ब चौकी द्वारा कालाअम्ब चौक पर जिन दुपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नही डाला हुआ था उनको हेलमेट वितरित किया गया। चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर धर्मपाल ने और रोड़ सेफ्टी ऑगेर्नाइजेशन के चैयरमैन गौरव मिगलानी ने वाहन चालकों को हेलमेट की योग्यता बताई। चौकी इंचार्ज धर्मपाल ने दुपहिया वाहन चालकों को अंतिम वार्निंग देकर और आइंदा से हेलमेट पहनने बारे कहकर भेजा।इस मौके पर नारायणगढ़ के डी.एस.पी. आदर्शदीप जी मुख्य रूप से मौजूद रहे उन्होंने अपने हाथों से दुपहिया वाहनचालकों को हेलमेट वितरित



किए। इस मौके पर अम्बाला रोड़ सेफ्टी ऑगेर्नाइजेशन के चैयरमैन गौरव मिगलानी ने बताया कि हम सभी की छोटी छोटी गलतियों के कारण ही बड़ी बड़ी दुर्घटनाएं होती है
कई वाहनचालक चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट नही लगाते वाहनों की थोड़े पैसे बचाने के लिए इंश्योरेंस नही करवाते कई वाहनचालक ओवरस्पीड करते है इन्ही छोटी छोटी गलतियों से वो अपना नुकसान तो करते है साथ ही साथ उनका भी नुकसान करते है जो सही ढंग से अपना वाहन चला रहे होते हैं।
वाहन चालकों ने पुलिस प्रशासन की और रोड़ सेफ्टी ऑगेर्नाइजेशन की इस मुहिम की बहुत प्रशंसा की।इस अवसर पर काला अम्ब चौकी से चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर धर्मपाल,सब इंस्पेक्टर रामनाथ, ए.एस.आई. सतीश, मोहित, रोबिन,राम मुर्ता, रोड़ सेफ्टी ऑगेर्नाइजेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रशोतम अनेजा, एडवाइजरी कमेटी के मेंबर करण कुमार,रोहित चौहान,गौरव कुमार,मीडिया एडवाइजर विक्रम चौहान,मदन लाल आदि मौजूद रहे।

# कर्मचारियों ने निकाला पैंशन आक्रोश मार्च



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुरानी पैंशन बहाली के मुद्दे को लेकर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने आज ऊर्जा भवन अम्बाला से बाजार के रास्ते पैंशन आक्रोश मार्च निकाला।जिला प्रधान रमेश कुमार ने बताया कि हरियाणा में 1 जनवरी 2006 के बाद की सभी भर्तियों में पुरानी पैंशन को निरस्त कर नई पैंशन योजना लागू की गई हैं जो कि कर्मचारियों के लिए बिल्कुल भी सही नही है और इस योजना में अभी तक रिटायर कर्मचारियों की पैंशन ना के बराबर बनती है।जिला महासचिव सुदेश कुमार ने कहा कि इस समय हरियाणा में लगभग 2ड्ट25 लाख कर्मचारी इस योजना से प्रभावित हैं और ये सभी कर्मचारी एक सुर में पुरानी पैंशन बहाली की मांग कर रहे हैं।
राज्य उपप्रधान कमलदीप ने कहा कि मुख्यमंत्री कर्मचारियों के पक्ष को धैर्यपूर्ण सुने और पुरानी पैंशन बहाली पर गंभीरता से सोचे।जिला वरिष्ठ उपप्रधान जितेंद्र सिंह ने कहा मुख्यमंत्री जी को कर्मचारियों की पुरानी पैंशन की मांग धैर्य और गंभीरता से सोचनी चाहिए।साथ ही कहा कि 1 जून से पुरानी पैंशन की मांग को लेकर पैंशन बहाली संघर्ष समिति पूरे हरियाणा में साइकिल यात्रा आरम्भ करेगी।इस अवसर पर राज्यकार्यकारिणी से आनन्द कंवर,जिला उपप्रधान सतबीर देसवाल,अम्बाला ब्लॉक प्रधान हैप्पी पांचाल,ब्लॉक बराड़ा प्रधान राजकुमार,ब्लॉक बराड़ा सचिव लहिरी सिंह,साहा से दलबीर सिंह,संदीप सिंह,अम्बाला ब्लॉक सचिव दलबीर सिंह,जिला सचिव सोनू यादव,विकास कुमार,जिला संयोजक विजय कुमार,प्रवेश कुमार,संदीप कुमार,अजय धीमान,करमचंद,गुरप्रीत,माम्-चंद,मुनीश धीमान,सुभाष चंद, मनोज कुमार प्रोफेसर कश्मीर सिंह,प्रोफेसर चांद राम,संतोष,बिंदिया, उर्मिल, सोनिया,अनुराधा,कमलेश,बबिता,कविता,ज्योति पूनम राजेश शर्मा, दलबीर सिंह,प्रवीण कुमार, रमाकांत मिलासी, तिलक राज,अरविंद,अजय,सहित सभी विभागों के हजारों कर्मचारी मौजूद रहे।

# शांडिल्य को दिया भगवान परशुराम जयंती का निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
ब्राह्मण महापंचायत एवं एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा 16 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती का निमन्त्रण देने प्रबंधक समिति के अध्यक्ष दिनेश गौड़ पहुंचे उनके साथ प्रशांत मिश्रा,अनूप शर्मा, संजीव अत्री, ललित भी साथ थे ' दिनेश गौड़ ने वीरेश शांडिल्य को निमंत्रण देते हुए कहा कि हरियाणा में शांडिल्य एक मात्र ब्राह्मण नेता है जो देश में ालिस्तान,पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मुहिम छेड़े हुए है ' उन्होंने कहा कि वीरेश शांडिल्य पहले ऐसे व्यक्ति



है जिन्होंने खालिस्तानी व आईएसआई के एजेंट अमृतपाल के खिलाफ 2022 में ही पंजाब के राज्यपाल को उसे आतंकवादी बताते हुए उसे गिरफ्तार करने की मांग कर दी थी ' हरियाणा ही नही देश के ब्राह्मणों को शांडिल्य पर गर्व है और शांडिल्य को मुख्य वक्ता के रूप में भी कार्यक्रम के आमंत्रित किया गया

**8 परशुराम जयंती के मौके पर वह अम्बाला में ब्राह्मण धर्मशाला बनवाने की मुहिम का शंखनाद करेंगे: वीरेश शांडिल्य**

है ' दिनेश गौड़ ने बताया कि 16 अप्रैल 2023 को होने वाले परशुराम जयंती के कार्यक्रम में हजारों की तादाद में ब्राह्मण समाज के लोग शामिल होंगे ' वीरेश शांडिल्य ने कहा देश की ब्राह्मण सभाओं को बरगद का पेड़ बनने के लिए एकजुट होकर कार्य करना पड़ेगा '
वीरेश शांडिल्य ने कहा परशुराम जयंती के मौके पर वह अम्बाला में ब्राह्मण धर्मशाला बनवाने की मुहिम का शंखनाद करेंगे '

# प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की होगी: सुरेश त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** हलके के कांग्रेस नेता एवं त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश त्यागी ने कहा कि सोनीपत में हुई कांग्रेस की रैली प्रदेश की राजनीति में परिवर्तन लाएगी। प्रदेश में कांग्रेस कार्यकाल में प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल था। त्यागी ने रैली में गन्नौर हलके से काफी संख्या में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। त्यागी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा छतीस बिरादरी के नेता है। उन्होंने अपने कार्यकाल में सभी वर्गों के हित में नीतियां बनाई थी। आज भी लोग उन्हें याद कर रहे है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में गरीब वर्ग को हुड्डा ने मकान बनाने के लिए पंचायती जगहों में प्लाट देकर उन्हें रहने के लिए आवास की व्यवस्था करवाई। त्यागी ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। इसी का परिणाम है कि सोनीपत की रैली में हर वर्ग के लोगों ने शामिल होकर दिया कि वे प्रदेश में परिवर्तन चाहते है और अगली सरकार कांग्रेस की होगी। त्यागी ने कहा कि वे गन्नौर हलके में गांव- गांव जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत करवाने के लिए शीघ्र ही अभियान चलाएंगे।

# केजरीवाल से 9 घंटे से ज्यादा की हुई पूछताछ

## सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में पूछताछ की, वो रविवार सुबह 11 बजे दिल्ली कैबिनेट और पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ मुख्यालय पहुंचे थे

### सीबीआई की सख्ती

= जब सीएम केजरीवाल मुख्यालय से बाहर निकले तो उनके साथ आप कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद थे





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सीबीआई मुख्यालय से साढ़े 9 घंटे के बाद बाहर निकले। सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति (2022-21) घोटाला मामले में पूछताछ की। वो रविवार सुबह 11 बजे दिल्ली कैबिनेट और पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ मुख्यालय पहुंचे थे। जब सीएम केजरीवाल मुख्यालय से बाहर निकले तो उनके साथ आप कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद थे। साथ ही पूछताछ होने तक कार्यकर्ता मुख्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते रहे। यह पहली बार है जब सीबीआई ने मुख्यमंत्री से पूछताछ की है। एजेंसी ने मामले में मुख्यमंत्री से पूछताछ के लिए 14 अप्रैल को समन जारी किया था। बता दें कि दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। इससे पहले विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली को सीबीआई गिरफ्तार कर चुकी है।

### आप का प्रदर्शन, सोमनाथ ने भाजपा पर कसा तंज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई पूछताछ को लेकर आज तमाम इलाकों में आम आदमी पार्टी के विधायक और कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। एक तरफ अरविंद केजरीवाल के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत सभी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने लोधी रोड पर सीबीआई मुख्यालय से पहले ही रोक लिया, जहां नेताओं ने सड़क किनारे बैठकर धरना प्रारंभ कर दिया, वहीं आईआईटी फ्लाईओवर के नीचे आप आदमी पार्टी के विधायक और पूर्व अध्यक्ष सोमनाथ भारती के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और विधायकों ने प्रदर्शन किया।

वहीं दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शनिवार रात मारे गए गैंगस्टर अतीक अहमद के बीच तुलना की और कहा कि आप उसी तरह की भाषा बोल रहे हैं। दरअसल,मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रविवार को सीबीआई ने आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में हुई कथित अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ कर रही है, जिसके विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश भर में प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज केजरीवाल गैंगस्टर अतीक जैसी भाषा बोल रहे हैं और गैंगस्टर की तरह तर्क देकर एजेंसियों के सवाल से बचने की कोशिश कर रहे हैं। शराब माफिया के 144 करोड़ रुपये क्यों माफ किए गए

**केजरीवाल विजय नायर के मुद्दों पर क्यों नहीं करते बात:** "विजय नायर समीर महेंद्रू के मुद्दों पर बात क्यों नहीं करते केजरीवाल ने इस बात को क्यों छुपाया कि विजय नायर ने सरकारी आवास को ही अपना घर बना लिया था नायर ने खुद अपने बयान में कहा है कि उन्हें केजरीवाल के घर बुलाया गया था और एक्साइज पॉलिसी में जो भी बदलाव हुआ है, उसे ही लागू करना है।

# एलजी ने 250 वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को पुलिस के लिए खरीदे गए 250 वाहनों को बांसड़ा से हरी झंडी को दिखाकर रवाना किया है। नए खरीदे गए वाहनों में 100 मारुति एर्टिगा और 150 बोलेरो शामिल हैं। बता दें कि गृह मंत्रालय द्वारा अनुमोदित 850 हल्के मोटर वाहनों के बेड़े की पहली खेप है। खास बात है कि ये वाहन लगातार बढ़ती परिचालन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस की आवश्यक गतिशीलता प्रदान करके बल की दक्षता को और बढ़ाएंगे। खास बात है कि गृहमंत्रालय ने 850 हल्के वाहनों को अनुमोदित किया है। 850 वाहनों में 300 मारुति एर्टिगा, 200 महिंद्रा बोलेरो, 100 महिंद्रा स्कॉर्पियो और 250 टोयोटा इनोवा शामिल हैं। शेष वाहनों को धीरे-धीरे बेड़े में शामिल किया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में रणनीतिक रूप से तैनात किए जाने वाले ये वाहन दिल्ली पुलिस की दृश्यता में सुधार और दक्षता बढ़ाने के अलावा पुलिस की तेज गतिशीलता सुनिश्चित करेंगे।

# हत्याकांड: तेवतिया ने हमला करने वाले अत्ताउर रहमान को दी थी गाली

### खुलासा

= जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने जेल में रोजमर्रा की चीजों से खुद ही धारदार हथियार बना लिए थे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तिहाड़ जेल** में गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया की हत्या के मामले में नया खुलासा हुआ है। तेवतिया के अता-उर-रहमान को गोली देने के तुरंत बाद झगड़े की शुरूआत हुई और फिर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें प्रिंस तेवतिया की मौत हो गई, जबकि हमला करने वाले अता-उर-रहमान समेत तीन कैदी घायल हो गए। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने जेल में रोजमर्रा की चीजों से खुद ही धारदार हथियार बना लिए थे। हरिनगर थाना पुलिस ने मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। घटना में शामिल कैदी फिलहाल अस्पताल में ही भर्ती हैं। इधर डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने तेवतिया के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया।

**ऐसे हुई वारदात:** जेल सूत्रों के अनुसार जब कैदियों को बैरक में भेजा जा रहा था, उस वक्त तेवतिया ने अत्ताउर रहमान को गाली दे दी। अत्ताउर रहमान ने विरोध किया लेकिन तेवतिया उसे गाली देता रहा। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई हो गई। अत्ताउर रहमान की तरफ से कैदी विनय आ गया, वहीं बॉबी प्रिंस की तरफ से आकर मारपीट करने लगा। इस दौरान कैदी धारदार हथियार से एक दूसरे पर हमला करने लगे। हमले में प्रिंस के सीने, पेट और कुल्हे पर, जबकि अत्ताउर के पेट पर चोट आई।

**महज झगड़ा था या साजिशन हुई हत्या : पुलिस इस** बात की जांच में जुटी है कि तेवतिया की हत्या कारण जेल में महज झगड़ा था या फिर यह कोई साजिश थी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि प्रिंस तेवतिया पहले रोहित चौधरी के गैंग का सदस्य था। बाद में वह लॉरेंस बिश्नोई के गैंग में शामिल हो गया था और जेल में बंद रोहित चौधरी को डर था कि प्रिंस उसकी हत्या की साजिश रच रहा है। इधर अत्ताउर रहमान से प्रिंस की दोस्ती थी। लेकिन रोहित ने अत्ताउर रहमान को अपने खेमे में लाकर उसे प्रिंस की हत्या करने के लिए राजी कर लिया था। दो तीन दिन पहले अत्ताउर रहमान ने प्रिंस के एक सेवादार की पिटाई भी कर दी थी। उसके बाद से दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

**पत्नी ने जेल प्रशासन पर लगाया आरोप:** पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद प्रिंस की पत्नी ने जेल प्रशासन पर उसके साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया। उसने बताया कि उसने इसकी शिकायत हाईकोर्ट में भी की थी। उसने आरोप लगाया कि प्रिंस की जेल में साजिश कर हत्या की गई है। इसकी जांच की मांग की। उसने बताया कि दोपहर में उसकी प्रिंस से फोन पर बात हुई थी। प्रिंस ने कपड़े लाने के लिए कहा था। सब ठीक था लेकिन इसके तीन घंटे बाद अचानक उसकी मौत की खबर मिली।

# पारा 40 के पार, अगले पांच दिन बढ़ेगी तपिश

### गर्मी से हलकान

= ज्यादातर इलाकों में पारा 40 के करीब या इसके पार रहा। अगले पांच दिन तक राज्यों में तापमान 40-42 डिग्री के बीच बना रहेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय राजधानी** समेत अधिकांश राज्यों में गर्मी के तल्ख तेवर दिखने शुरू हो गए हैं। दिल्ली-एनसीआर में तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। देश के ज्यादातर इलाकों में पारा 40 के करीब या इसके पार रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिन तक अधिकांश राज्यों में तापमान 40-42 डिग्री के बीच बना रहेगा। पूर्वी, उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के कई हिस्सों में तापमान में सामान्य से 3 से 5 डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जा सकती है।

**फरीदाबाद 43.1 डिग्री :** एनसीआर में फरीदाबाद सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान सर्वाधिक 43.1 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि नोएडा में 40.8, गुरुग्राम में 41.0, गाजियाबाद में तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, यूपी में प्रयागराज सबसे गर्म रहा, जहां दिन का तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आगरा में पारा 42.6 डिग्री दर्ज किया गया।



सांसद संजय सिंह को दिल्ली पुलिस के जवान हिरासत में लेते हुए।

# एलजी ने विधानसभा के विशेष सत्र पर उठाया सवाल

### गलत ठहराया

= एक दिवसीय सत्र बुलाने की कैबिनेट की सिफारिश उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना की गई है: एलजी विनय



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सोमवार** को दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। विशेष सत्र को लेकर सियासत जारी है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को कहा कि दिल्ली कैबिनेट ने बिना किसी विधायी कार्य के दिल्ली विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र की सिफारिश की है। एलजी ने आगे कहा कि एक दिवसीय सत्र बुलाने की कैबिनेट की सिफारिश उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना की गई है। खास बात है कि अरविंद केजरीवाल को मिले सीबीआई नोटिस सहित अन्य विषयों पर चर्चा करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। इस विशेष सत्र में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी बात रखेंगे। साथ ही आप के विधायक भी सीबीआई नोटिस मामले में अपनी बात रखेंगे। इसके अलावा दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी बिजली पर मिल रहे सब्सिडी को लेकर चर्चा करा सकती हैं। आप सरकार से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के इशारे पर दिल्ली सरकार को परेशान करने का काम किया जा रहा है। पहले केंद्र सरकार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल भेजा अब निशाना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हैं।

# आईपीएल मैच में सट्टा लगवाने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की एक विशेष टीम ने आईपीएल के मैचों पर सट्टा खिलाने वाले रैकेट का पदार्फाश किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से पांच मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी और एक लैपटॉप बरामद किया है। पुलिस ने सट्टा रैकेट पर की कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की एक विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर निहाल विहार थाना क्षेत्र में चल रहे आईपीएल क्रिकेट मैचों के दौरान जुआ रैकेट चलाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के आधार पर टीम ने सी-56 गली नंबर 3 शिव राम पार्क, निहाल विहार इलाके में छापेमारी की, जहां से आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खिलाने वाले सरगना संजय कुमार सहित 2 व्यक्तियों को ऑनलाइन जुआ खेलते हुए पाया गया। सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है और मौके से एक लैपटॉप, 5 मोबाइल फोन और 1 एलईडी टीवी बरामद की है। आरोपितों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा नेता मटियाला की हत्या के तार सात समुंदर पार से जुड़े

### जांच जारी

= कपिल सांगवान के फिलहाल लंदन में होने की आशंका है। पुलिस पोस्ट की हकीकत पता करने में जुटी है




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बिंदापुर के मटियाला इलाके में भाजपा नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या का तार सात समुंदर पार से जुड़ रहे हैं। दिल्ली के गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर भाजपा नेता की हत्या की जिम्मेदारी ली है। कपिल सांगवान के फिलहाल लंदन में होने की आशंका है। पुलिस पोस्ट की हकीकत पता करने में जुटी है। पोस्ट में कपिल सांगवान ने भाजपा नेता पर दूसरे गैंगस्टर को प्रॉपर्टी पर कब्जा करने में मदद करने का आरोप लगाया है। गैंगस्टर ने धमकी दी है कि जल्द ही इसी तरह की और घटनाओं को अंजाम देगा। बताया जा रहा है कि कपिल सांगवान लंदन से उगाही के लिए दिल्ली के प्रॉपर्टी डीलरों को धमकी दे रहा है। पोस्ट सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, अपराध शाखा और साइबर यूनिट जांच में जुट गई हैं। इधर पुलिस की कई टीम सुरेंद्र मटियाला पर गोलीबारी करने वाले बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। कई सीसीटीवी फुटेज में बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद भागते हुए कैद हुए है। हालांकि घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस को बदमाशों का कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। शुक्रवार शाम दो बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने सुरेंद्र मटियाला की गोली मारकर हत्या कर दी, उस समय वह कुछ लोगों के साथ कार्यालय में बैठकर बातचीत कर रहे थे। पुलिस ने शनिवार को उनके शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। छानबीन में पता चला है कि सुरेंद्र अपने पास आने वालों की मदद करते थे। वहीं स्थानीय बिल्डरों के पास धमकी भरे कॉल आ रहे थे, लेकिन कद्दावर सुरेंद्र के साथ होने से बिल्डर कॉल को अनसुना कर रहे थे।

# एयरपोर्ट पर 3 किलो सोना बरामद

## कस्टम ने उज्बेकिस्तान के नागरिक को पकड़ा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सोना तस्करी** से जुड़े मामले में उज्बेकिस्तान के एक नागरिक को कस्टम विभाग ने गिरफ्तार किया है। पकड़े जाने के डर से आरोपित ने चंडीगढ़ से दुबई फरार होने की कोशिश की, लेकिन उसे चंडीगढ़ में पकड़ लिया गया और दिल्ली लाया गया। मामले की छानबीन जारी है।

**ट्राली बैग छोड़कर फरार:** कस्टम अधिकारियों का कहना है कि आरोपित 13 अप्रैल को आईजीआई एयरपोर्ट पर एक्सरे मशीन के पास एक यात्री ट्राली बैग छोड़कर फरार हो गया। जब ट्राली बैग की तलाशी ली गई तो इसमें बड़ी मात्रा में सोना बरामद हुआ। इसमें सोने की चेन व सोना निर्मित बटननुमा सामान बरामद हुए।

**3 किलो से ज्यादा सोना बरामद:** सोने से बने तमाम वस्तुओं का वजन 3 किलो 208 ग्राम पाया गया। कस्टम विभाग के अनुसार बरामद सोने की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.68 करोड़ रुपये आंकी गई है। मामले में छानबीन की गई तो जिस यात्री ने ट्राली बैग छोड़ा था, उसकी पहचान कर ली गई। इसके बाद सभी एयरपोर्ट पर सतर्कता बढ़ा दी गई। अंत में उसे चंडीगढ़ में पकड़ा गया। वहां से इसे दिल्ली लाया गया। अभी तक की पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित को संदेह था कि वह ट्राली बैग यदि अपने साथ रखेगा तो दिल्ली एयरपोर्ट पर वह पकड़ा जा सकता है।

# श्रद्धा वॉकर के पिता की कोर्ट से गुहार

## अंतिम संस्कार के लिए मिले श्रद्धा वॉकर की हड्डियां



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
श्रद्धा वॉकर के पिता ने शहर की एक अदालत में अर्जी देकर दाह संस्कार के लिए अपनी बेटी के अवशेष की मांग की और कहा कि परंपरा और संस्कृति के अनुसार उसका अंतिम संस्कार करना जरूरी है। श्रद्धा का पिछले साल 18 मई को उसके लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने उसकी हत्या कर दी थी और उसके शरीर के कई टुकड़े किए और उन्हें दक्षिण दिल्ली के महरौली स्थित अपने आवास पर लगभग तीन सप्ताह तक फ्रिज में रखा। पकड़े जाने से बचने के लिए उसने राजधानी दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर बिखेर दिया। विकास मदन वॉकर की ओर से अधिवक्ता सीमा कुशवाहा द्वारा दायर आवेदन में कहा गया है कि प्रथा के अनुसार, अंतिम संस्कार एक वर्ष के भीतर किया जाना था और हिंदू कैलेंडर के आधार पर दाह संस्कार की अंतिम तिथि 8 मई है। मृत्यु के 10 महीने से अधिक समय बीत चुके हैं, आवेदन में कार्यवाही तेजी से करने का अनुरोध किया गया ताकि, मृतक की हड्डियों और अन्य शरीर के अंगों को प्रदर्शित किया जा सके और उसके परिवार को सौंप दिया जा सके। आवेदन में कहा गया है कि हमारे देश में पारंपरिक मान्यता यह है कि जब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाता है, तब तक मृतक की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी और यह विश्वास गहराई से जुड़ा हुआ है।

# हवलदार ने दृष्टिबाधित एसडीएम और टीम को बंधक बनाकर पीटा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस के एक हवलदार ने खाकी पर दाग लगा दिया। दरअसल उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर स्थित अमर विहार में दिल्ली सरकार के एसडीएम जींस रंगाई की अवैध फैक्टरी पर छापेमारी के लिए पहुंचे थे। फैक्टरी मालिक दिल्ली पुलिस के हवलदार ने परिवार के साथ मिलकर दृष्टिबाधित एसडीएम और उनकी टीम को बंधक बनाकर हमला कर दिया। मारपीट में करावल नगर एसडीएम संजय सोंधी व उनकी टीम के कई लोग जख्मी हो गए। आरोपी हवलदार ने वर्दी का रौब दिखाकर टीम को देख लेने की धमकी दी। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो करावल नगर थाने का स्टाफ वहां पहुंच गया। जख्मी एसडीएम व उनकी टीम के तीन सदस्यों को तुरंत इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार हुआ। पुलिस ने एसडीएम संजय सोंधी की शिकायत पर अशक्त व्यक्ति पर हमला, बंधक बनाने, सरकारी काम में बाधा और ड्यूटी के दौरान हमला करने का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, शनिवार दोपहर सूचना मिलने के बाद करावल नगर एसडीएम संजय सोंधी अपनी टीम के साथ करावल नगर के अमर विहार की गली नंबर-6 के ए-42 में पहुंचे थे। उनकी टीम को पता चला था कि यहां पर अवैध रूप से जींस की रंगाई की फैक्टरी चल रही है। फैक्टरी का मालिक दिल्ली पुलिस का हवलदार कुलदीप सिंह व उसका परिवार है। आरोप है कि एसडीएम की टीम को देखते ही कुलदीप व उसका परिवार बौखला गया और एसडीएम संजय सोंधी के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। उनको अंदर बंदकर बुरी तरह पीटा। टीम को जान बचाना भारी पड़ गया। बाद में मामले की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस का स्टाफ वहां पहुंच गया। पुलिस ने एसडीएम और उनकी टीम को मुक्त कराया। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी कुलदीप दिल्ली पुलिस के सिक्योरिटी में तैनात है। घटना के समय उसकी भाभी और भाई जयदीप व अन्य सदस्य घर पर मौजूद थे। इन सब ने मिलकर टीम को बुरी तरह पीटा।

**हवलदार पर लगाया दुष्कर्म का आरोप:** विजय विहार इलाके में पति से अलग रह रही एक महिला ने दिल्ली पुलिस के हवलदार पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला का अपने पति से तलाक का मामला चल रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए मिलते हैं 80 हजार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आजादी अमृत काल में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डा. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिसका पात्र बीपीएल परिवारों को लाभ उठाना चाहिए। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि इससे पहले केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही इस योजना का लाभ दिया जा रहा था। वर्तमान प्रदेश सरकार ने योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का सराहनीय निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 80 हजार रुपए किया है। हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। उन्होंने योजना से जुड़ी जरूरी जानकारी देते हुए बताया कि मकान को बनाए हुए 10 साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी पात्र परिवार को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त ने पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा आवेदनकर्ता का नाम बीपीएल सूची में दर्ज होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को बीपीएल परिवार होने का अपना जाति प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता का अपना घर होना चाहिए। घर कम से कम 10 साल पुराना होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रार्थी की परिवार आईडी, बीपीएल राशन कार्ड नंबर, राशन पत्रिका, एससी, बीसी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या, मोबाइल नंबर, घर के साथ फोटो, बिजली बिल-हाउस रजिस्ट्री-पानी बिल में से कोई भी दो, मकान की मरम्मत पर अनुमानित खर्च का प्रमाण जैसे कागजात जरूरी है।

### बेटियों के स्वर्णिम भविष्य हेतु सुकन्या समृद्धि योजना कारगर : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि बेटियां समाज का गौरव है और बेटियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सुरक्षित माहौल प्रदान करने में सरकार सजगता से अपना दायित्व निभा रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करते हुए क्रियान्वित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वरदान है। इस योजना में जमा की गई राशि भविष्य में बेटियों को उच्चतर शिक्षा दिलवाने व उनकी शादी में आर्थिक रूप से मद्दगार साबित हो रही है। ऐसे में सभी पात्र व्यक्तियों को इस योजना के तहत अपनी बेटी का खाता खुलवाना चाहिए। सुकन्या समृद्धि खाता योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का ही एक भाग है। घरेलू बचत के लिए भी सरकार की यह एक अच्छी पहल है। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता एक डाकघर से दूसरे डाकघर में निशुल्क ट्रांसफर किया जा सकता है। जमा राशि पर लगने वाला ब्याज पूर्णत : कर रहित है तथा इसमे आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत छूट भी प्राप्त है। उपायुक्त ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत माता-पिता या कानूनी अभिभावक दो लड़कियों के लिए यह खाता खुलवा सकते हैं। बेटी के जन्म से 10 वर्ष तक की उम्र में सुकन्या समृद्धि एकाउंट खोला जा सकता है। यह खाता लडकी के नाम से ही खोला जा सकता है। जमाकर्ता माता-पिता (अभिभावक) में से एक होगा जो नाबालिग लडकी की ओर से पैसा जमा करेगा। उन्होंने कहा कि मात्र 250 रुपये से खाता खोला जा सकता है लेकिन साल में कम से कम एक हजार रुपये हर खाते में जमा होने चाहिए, अधिकतम एक लाख 50 हजार रुपये वर्ष में जमा किए जा सकते है। एक वित्त वर्ष में पैसे नकद, चैक या ड्रा$फ्ट के जरिए कितनी बार ही जमा किए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सुकन्या समृद्धि खाता योजना में जमा राशि पर ब्याज की गणना सालाना की जाती है। अभिभावक इस खाते में 14 साल तक ही पैसे जमा करवा सकते हैं और 21 वर्ष में यह खाता परिपक्व हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष के बाद बेटी की उच्चतर शिक्षा के लिए तथा विवाह के समय जमा राशि में से आधा हिस्सा निकलवाया जा सकता है। यह खाता इसके खोले जाने की तिथि से लेकर लडकी की आयु 21 वर्ष होने तक तथा उसके विवाह के बाद बंद किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि खाता खुलवाने के लिए बेटी के जन्म का प्रमाण पत्र, अभिभावक के पते का प्रमाण तथा फोटो पहचान पत्र (पैन कार्ड, वोटर आईडी या आधार कार्ड) की जरूरत पड़ती है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत यह खाता पोस्ट ऑफिस या बैंक में खुलवाया जा सकता है।

# उत्कल दिवस के बाद अब गुरुग्राम को स्वच्छ बनाने में सहयोग देंगे ओड़िशी

## उत्कल दिवस की सफलता पर नवीन गोयल का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की प्रेरणा से पर्यावरण की स्वच्छता, शहर में फैली रहने वाली गंदगी की सफाई का ध्येय लेकर कार्यरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के प्रयासों से ओडिशी लोग भी प्रभावित हुए हैं।

ऐसे में उन्होंने भी नवीन गोयल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में गुरुग्राम में स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। बीती 9 अप्रैल को गुरुग्राम में



ओडिशी उत्कल दिवस की सफलता के लिए नवीन गोयल का आभार जताने पहुंचे नीलांचल सोसायटी के लोगों ने यह निर्णय लिया। साथ ही नवीन गोयल का बुके देकर स्वागत व आभार जताया। उन्होंने नवीन गोयल को भगवान जगन्नाथ जी की पुस्तक भी भेंट की। नीलांचल सोसायटी के अध्यक्ष जयप्रकाश स्वायन, सचिव पूनाचंद्र, सलाहकार मुरलीधर शू, सुजीत नाडा, अख्या ओझा, मानस मोहंती, अमरेंद्र बेहरा, बिस्वोरंजन स्वायन, परसुराम, प्रशांत, मलांडी, अमारा आदि ने नवीन गोयल का ओडिशी उत्कल दिवस के लिए तहे दिल से आभार जताया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में ओडिशी संस्कृति का इससे बेहतर मंचन पहले नहीं हुआ। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। बहुत सी जानकारियां मिलने के साथ यहां ओडिशा-हरियाणा की संस्कृति को एक मंच पर देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि यही हमारे देश की एकता है।

नीलांचल सोसायटी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाने के निर्णय का स्वागत करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में चाहे कहीं का भी व्यक्ति रह रहा हो, उसे स्वच्छता के विषय पर जरूर सोचना चाहिए। यह हमारी सेहत से जुड़ा विषय है। जब हम स्वस्थ ही नहीं होंगे तो हम क्या करेंगे।

## स्नेचिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अकुंश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 14 अप्रैल 2023 को थाना बलदेव नगर में दर्ज स्नैचिंग के मामले में पुलिस ने प्रबन्धक थाना बलदेव नगर निरीक्षक राम कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी अनिल कुमार निवासी गुरू अमरदास कालोनी राजपुरा थाना सिटी राजपुरा जिला पटियाला पंजाब व संजय पाल निवासी गली नम्बर-1 पंजाब इनक्लेव नजदीक सैलर सैयद खेड़ी थाना खेड़ी गडिया जिला पटियाला पंजाब को प्रोडक्शन वारन्ट पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 01 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया। जिन्हें आज न्यायिक हिरासत में



भेज दिया।

इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 12 मार्च 2023 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज करवाई थी 12 मार्च 2023 को अजायब आटा चक्की बलदेव नगर के पास से अज्ञात मोटरसाईकिल सवार लड़कों ने उसका मोबाईल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

## थाना मुलाना में दर्ज 6096 कैप्सूलज तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना मुलाना में दर्ज नशा तस्करी के मामले में 14 अप्रैल 2023 को पुलिस ने प्रबन्धक थाना मुलाना निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी आकाश निवासी पटेल नगर थाना मुलाना जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 02 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया। इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों को भी शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा। 18 मई 2021 को थाना मुलाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गाँव हेमा माजरा के पास सड़क दुर्घटना में मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति घायल हो गए है और उनके पास दो बैग पड़े हुए है। सूचना उपरान्त थाना मुलाना पुलिस ने तुरन्त मौके पर पहुँचकर घायलों को उपचार हेतू एम0एम0यू0 मुलाना में दाखिल करवाया। सड़क दुर्घटना में घायल आरोपियों के बैग की तलाशी लेने पर



उनमें से 6096 नशीले कैप्सूलज बरामद हुए थे। आरोपी आकाश व उसके साथी के खिलाफ थाना मुलाना में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आरोपियों की हालत गम्भीर व उपचाराधीन होने के कारण इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया था।

## जिले में रविवार को मिले कोरोना से संक्रमित 06 पोजिटिव केसः उपायुक्त

**सोनीपतः** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 06 नए पोजिटिव केस मिले हैं और 08 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60095 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 704 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 114 कोरोना एक्टिव केस है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए।

## अंबेडकर एवं धन्ना भक्त ने कर्म के सिद्धांत से भाग्योदय का दिया संदेशः प्रमोद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

लोकसभा सांसद संजय भाटिया के माडल टाउन स्थित कार्यालय में रविवार को सामाजिक समरसता मंच द्वारा अंबेडकर एवं धन्ना भक्त के आध्यात्मिक दर्शन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वक्ताओं ने जातिवाद का भेद मिटाते हुए पानीपत के नागरिकों से सामाजिक समरसता का संदेश देने का कार्य किया। कार्यक्रम में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने बतौर मुख्य अतिथि एवं डॉ. सुमेर सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। जबकि सांसद संजय भाटिया की पत्नी अंजु भाटिया व उनके लडके चांद भाटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच



संचालन शिक्षक मुकेश बोस ने किया और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्राण रत्नाकर ने अध्यक्षता की। इस मौके पर विधायक प्रमोद विज ने कहा कि अंबेडकर के राष्ट्र प्रेम व धन्ना भक्त के प्रभु प्रेम से हमें शिक्षा मिलती है कि कर्मशील व दिल के साफ और सच्चे व्यक्ति जीवन के आनंद सागर को नियंत्रित करके विश्व के मार्गदर्शक की भूमिका में यश अर्जित करते हैं। इस अवसर पर अंजु भाटिया, चांद भाटिया,मदन मित्तल, अश्वनी ढींगरा, नछतर पाल, तेजेंद्र धौंचक, गया प्रसाद, पुष्पेंद्र शर्मा, सत प्रकाश वैद, गिना राम, डॉ. शिव चरण, रविंद्र रहेजा, दीपक राणा, नफे सिंह, रोशन मालहा, सुशील माल्हा, प्रवीण मदान, कपिल शर्मा व डॉ. अजय दुआ, आदि मौजूद रहे ।

# संजय अग्रवाल के नेतृत्व में युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

पानीपत शहरी हलके से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता संजय अग्रवाल के नेतृत्व में रविवार को भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित अनेकों युवा कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल के संजय चौक के पास स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम मेंयुवाओं ने कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस में शामिल होने वाले सभी युवाओं का संजय अग्रवाल ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्होंने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। जबकि टीम संजय अग्रवाल के जिला प्रधान




राहुल शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल के नेतृत्व में रमाकांत, हरीश, सलीम, तेलु, जयप्रकाश, सूरज, रामकिशन, राकेश, सनी, विपिन, विशाल व सोनू आदि कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए है। संजय अग्रवाल ने आरोप लगाया कि मौजूदा भाजपा-जजपा सरकार ने रोजगार के नाम युवाओं के साथ धोखा

**8 प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर युवाओं को बिना किसी भेदभाव के मैरिट के आधार पर नौकरी देने का काम किया जाएगा**

किया है। अग्रवाल ने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर युवाओं को बिना किसी भेदभाव के मैरिट के आधार पर नौकरी देने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिला प्रधान सुभाष तंवर सुताना, प्रधान राहुल शर्मा, सतीश सैनी, अंकित गहलोत, प्रिंस लाठवाल, मनीष गुर्जर, रवि शर्मा, शेर सिंह व अनिल सहगल आदि मौजूद रहे।

## एमटीवी रोडीज-'कर्म या कांड' के लिए दिल्ली ऑडिशन में भारी भीड़ और कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई!

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भारत के एमटीवी रोडीज - 'कर्म या कांड' के लिए ऑडिशन एक बड़ी सफलता साबित हुई, जिसमें इच्छुक प्रतियोगियों की भारी भीड़ थी, जो शो की निरंतर लोकप्रियता दशार्ती है। बहुप्रतीक्षित सीजन 19 के ऑडिशन, जो 15 अप्रैल 2023 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर, प्रगति विहार, नई दिल्ली में हुए, ने पूरे शहर और इसके आस-पास के क्षेत्रों के युवाओं को आकर्षित किया। मेजबान सोनू सूद, और गैंग लीडर्स प्रिंस नरूला, रिया चक्रवर्ती, और गौतम गुलाटी के साथ, जोशऔर ऊर्जा से भरे हुए थे। गैंग लीडर्स ने प्रतियोगियों के साथ बातचीत की और उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया! प्रतियोगियों ने अपनी ताकत, सहनशक्ति और मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए ग्रुप डिस्कशन के दौर से गुजरे और अब शॉर्टलिस्ट किए गए रोडीज पर्सनल इंटरव्यू राउंड में आगे बढ़ेंगे! गैंग लीडर, गौतम गुलाटी ने कहा, "कुछ समय पहले मैं रोडीज के एक उम्मीदवार के रूप में दर्शकों के बीच था, और अब मैं एमटीवी रोडीज - कर्म या कांड में प्रिंस और रिया के साथ एक गैंग लीडर हूँ। मुझे यकीन है कि यहां से आगे की यात्रा के लिए कुछ शानदार उम्मीदवार हमारे साथ जुड़ेंगे। गैंग लीडर रिया चक्रवर्ती ने कहा, "दिल्ली में एमटीवी रोडीज - कर्म या कांड के ऑडिशन में प्रतियोगियों का उत्साह अविश्वसनीय था। आज यहां आए सभी लड़कियों और लड़कों से मुझे जो प्यार मिला है, उससे मैं अभिभूत हूं। वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है।ह्व दिल्ली में ऑडिशन भारत के सबसे बड़े एडवेंचर रियलिटी टेलीविजन शो, एमटीवी रोडीज- कर्म या कांड के रोमांचक सीजन की शुरूआत है।

## किसानों को दुर्घटना होने पर दी जाती है वित्तीय सहायताः अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि हरियाणा राज्य में कृषि कार्यो के दौरान खेतों, गांवों, मार्किट यार्ड तथा ऐसे स्थानों से आते-जाते दुर्घटना का शिकार हुए पीड़ितों को मार्किट कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर जीवन सुरक्षा योजना के तहत वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि किसान एवं खेतीहर मजदूरों को खेत-खलियानों में दिन-रात काम करना पड़ता है। इससे अनेक प्रकार की दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। इसके लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जाती है, जिसमें दुर्घटना के दौरान मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये, रीढ़ की हड्डी टूटने या अन्यथा के कारण से स्थायी अशक्तता होने पर 2 लाख 50 हजार रुपये, दो अंग भंग होने पर या स्थायी गंभीर चोट होने पर 1 लाख 87 हजार 500 रुपये, इसी प्रकार एक अंग भंग होने या स्थायी चोट होने पर 1 लाख 25 हजार रुपये, पूरी उंगली कटने पर 75 हजार रुपये, आशिंक उंगली भंग होने पर 37 हजार रुपये सरकार अनुदान के रूप में मार्किट कमेटी के माध्यम से देती है।

## विधायक व डिप्टी मेयर को टांक क्षत्रिय सभा ने ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार व डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत को सन्त नामदेव रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा,सोनीपत ने ज्ञापन सौंपकर सिलाई, बुनाई, कढ़ाई आयोग के गठन की मांग की है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने आश्वासन दिया कि उनकी मांग को सड़क से सदन तक पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा।

विधायक सुरेंद्र पंवार को दिए ज्ञापन में बताया कि सिलाई, बुनाई, कढ़ाई के कार्य में पिछड़ा वर्ग की सभी जातियो के बहुत से लोग लगे हुए है। इस कार्य को करने वाले वर्ग के कल्याण के



लिए सरकार द्वारा एक आयोग का गठन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ऐसे ही आयोग का गठन मध्यप्रदेश में कमलनाथ सरकार ने लगभग चार साल पहले किया है। इससे इस रोजगार में लगे हजारों लोगों को मासिक पेंशन दी जा रही है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सभा के समस्त पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग को पूरा करवाने के लिए सड़क से लेकर विधानसभा तक पुरजोर मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के अनुसार पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिया गया है, लेकिन इसमें क्रीमी लेयर की शर्त जोड़ दी है, जोकि संविधान के मूल स्वरूप के अनुसार ठीक नही है। उन्होंने मांग की है कि क्रीमी लेयर को खत्म करने के लिए पिछड़े वर्ग की आवाज को जोर-शोर से उठाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सन्त नामदेव मार्ग के नामकरण की स्वीकृति होने पर विधायक सुरेंद्र पंवार का धन्यवाद किया। इस दौरान प्रधान संतलाल रोहिल्ला, सचिन रोहिल्ला, रणबीर रोहिल्ला, तिलकराज रोहिल्ला, नरेश रोहिल्ला, रामनिवास रोहिल्ला, जेके रोहिल्ला, सुरेंद्र सिंह, जगदीश, चतर सिंह, श्याम सहित अन्य मौजूद रहे।

## मेयर मदान ने डीआईजी बनने पर पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनायें दीं

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत : नगर निगम** सोनीपत मेयर निखिल मदान रविवार को वार्ड नं 20 के अशोक विहार पहुँचे। जहाँ उन्होंने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कार्यरत रमेश कुमार को पदोन्नति पश्चात डी आई जी बनने पर पुष्पगुच्छ देकर अपनी शुभकामनायें दी। इस अवसर पर उनके साथ वार्ड नं 20 से निगम पार्षद नीतू दहिया,वार्ड नं 17 से निगम पार्षद नवीन तवर और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ सत्यवीर सिंह निर्माण मौजूद रहे। सभी लोगों ने रमेश कुमार को डी आई जी पदोन्नत होने पर



शुभकामनाएं दी। मौके पर मौजूद ओम प्रकाश ने बताया कि उनके बेटे रमेश कुमार 1991 में बीएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट भर्ती हुए थे आज उनको पदोन्नति के बाद डी,आई,जी, के पद पर नियुक्ति मिली है। जो पूरे परिवार और समाज के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि रमेश कुमार ने हमारे शहर और प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि रमेश कुमार और उनके परिवार से काफी सदस्य भारतीय सेना में सेवाएं दें रहे है जो हम सबके लिए खुशी का विषय है।

## थाना मुलाना क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 14 अप्रैल 2023 को थाना मुलाना क्षेत्र एम0एम0यु0 बुढियों मुलाना के पास से चोरी के मामले में पुलिस ने प्रबन्धक थाना मुलाना निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी विशाल निवासी बाल्मिकी बस्ती मुलाना को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता अंकित कुमार निवासी गावँ बिजंलपुर ने 14 अप्रैल 2023 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज



करवाई थी कि 13 अप्रैल 2023 को किसी अज्ञात ने एम0एम0यु0 बुढियों मुलाना के पास से उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

## हिंदी सिल्वर जोन ओलंपियाड के विजेता छात्रों को पदक देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** ओम शांति शिक्षा सदन नाथूपुर में हिंदी सिल्वर जोन ओलंपियाड के विजेता छात्रों को पदक व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। हिंदी विषय में रुचि लेते हुए स्कूल के 83 छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने हिंदी ज्ञान बुद्धिमता का प्रदर्शन करते हुए बड़े ही उत्साह के साथ परीक्षा दी। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी जीत का लोहा मनवाते हुए अपने कौशल को प्रदर्शित करते हुए 26 स्वर्ण पदक 10 सिल्वर पदक व छह कांस्य पदक जीते । परिणाम आने पर स्कूल मे स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य



राजेश गुप्ता ने सभी छात्रों को पदक व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। प्रबंधक योगराज भारद्वाज ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे ब्लॉक में ओम शांति स्कूल एकमात्र ऐसा कौन है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास व ज्ञानवान बनाने के लिए विभिन्न विषयों के ओलंपियाड करवाता है। जिसमें विद्यार्थियों के अंतर्गत सकारात्मक भाव का आत्मविश्वास का समावेश होता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को स्कूल सत्र परीक्षा में अवश्य भाग लेना चाहिए ताकि उन्हें भविष्य में होने वाली परीक्षाओं में आसानी और सुविधा मिल सके।

# आदर्श नगर मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन ने किया बैसाखी उत्सव का भव्य आयोजन

















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले आदर्श नगर और मजलिस पार्क इलाके की सबसे बड़ी ट्रेडर्स एसोसिएशन ने बैसाखी उत्सव का भव्य आयोजन किया। इस आयोजन को मार्केट की पूरी टीम ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। मार्केट एसोसिएशन के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने इस उत्सव को भव्य रूप देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

**बैसाखी उत्सव में क्या रहा खास ?**
इस उत्सव के दौरान पूरी मार्केट को जगमग लाइटों से सजाया गया। मार्केट में आने वाले खरीदारों के लिए दुकानदारों ने विशेष छूट दी। इसके अलावा मेहंदी लगाने वालों ने छूट दी।
बच्चों के लिए घोडा और कैमल राइड का भी आयोजन किया गया। पूरी मार्केट को एक नयी नवेली दुल्हन की तरह सजाया गया।

**उत्साहित दिखे दुकानदार और खरीदार**
बैसाखी उत्सव से पहले इस एसोसिएशन ने नववर्ष पर भी इसी तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया था। उस कार्यक्रम को भी खूब सराहना मिली थी। यही कारण है कि इस कार्यक्रम को लेकर भी पूरी एसोसिएशन की टीम खूब उत्साहित थी। यही उत्साह मार्केट में आने वाले राहगीरों और खरीदारों में भी साफ देखा जा सकता था।



**एसोसिएशन के सदस्यों ने किया बैठक का आयोजन**
मार्केट एसोसिएशन के प्रधान और हेमकुंट स्टोर के मालिक अमरजीत सिंह बंटी की अगुवाई में इस विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बड़ी संख्या दुकानदार शामिल हुए।
इनके अलावा आदर्श नगर के विधायक पवन शर्मा, ज़िलाअध्यक्ष राज कुमार भाटिया, पूर्व ज़िला अध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व ज़िलाअध्यक्ष अजय शर्मा, दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के स्वरूप नगर वार्ड सदस्य सरदार सुखबीर सिंह कालरा, न्यायाधीश केडिया जी, एक्शन इंडिया के समूह सम्पादक रवि भारद्वाज, मजलिस पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुभाष दीक्षित, क्लब पंजाबियाँ दा के प्रधान राम कुमार बरार, महासचिव मनोज दुआ, आदर्श नगर थानाध्यक्ष सतीश जी, अतिरिक्त थानाध्यक्ष दबाव जी सहित क्षेत्र की सम्मानित शख्सियतें शामिल हुई।

**बैठक में क्या रहे मुख्य मुद्दे ?**
इस बैठक में मार्केट की समस्याओं को लेकर आए हुए सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। मुख्य तौर पर अतिक्रमण को एक बड़ी समस्या के तौर पर देखा गया। सभी दुकानदारों ने एक स्वर में अतिक्रमण पर कड़ा कदम उठाये जाने की हिमायत की।
प्रधान बंटी ने तो थानाध्यक्ष और राजनेताओं के सामने भी अतिक्रमण के लिए ज़िम्मेवार लोगों पर कार्यवाही करने की पुरजोर माँग की।
इस बैठक में सभी वक्ताओं ने बैसाखी की शुभकामनाएँ देते हुए अतिक्रमण सहित अन्य विषयों पर अपने-अपने विचार रखे।





# स्वामी विवेकानंद सम्मान एवं युवा संसदीय सम्मेलन का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गंगा विहार स्थित प्रतिष्ठा युवा संगठन के तत्वाधान में 9वें स्वामी विवेकानंद सम्मान एवं राष्ट्रीय युवा संसदीय सम्मेलन के कार्यक्रम आयोजन हेतु बैठक आयोजित की गई। वहीं कई राज्य के सदस्य वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक की अध्यक्षता प्रतिष्ठा युवा संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित कुमार द्वारा की गई। मोहित कुमार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद सम्मान समारोह की शुरूआत वर्ष 2014 में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती से हुई थी।





शराब घोटाले के सरगना केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर राजघाट पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर व अन्य।

# पीतमपुरा में भंडारे का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**समाज** सेवी आशीष मेहरा व उनके साथियों द्वारा पीतमपुरा के शिवशक्ति मन्दिर के सामने भंडारे का आयोजन किया गया।
इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने शिरकत की।
इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद ने प्रसाद वितरित किया व सभी साथियों के साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वार्ड-57 के निगम पार्षद अमित नागपाल, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, पंकज दुरेजा, मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव, महेंद्र पाल, मनोज शर्मा, दीपक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





शराब घोटाले के सरगना केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर राजघाट पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान पूर्व निगम प्रत्याशी भाजपा मंगत राम शर्मा, भाजपा नेता विपिन पिव्हाल व अन्य।

# स्वर्ण जयंती विहार टिकरी में मनाई गई बाबा साहब की 132वीं जयंती



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**टिकरी** खुर्द स्थित स्वर्ण जयंती विहार के नाजरीन चर्च में 7:30 बजे मिशन अंबेडकर मूमेंट के बैनर तले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक कामरेड नरेश गुप्ता ने की और कुशल संचालन चर्च के पादरी अमर सिंह ने किया। सभी ने बाबा साहब को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर विचार प्रकट किए। नरेश गुप्ता ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि बाबा साहब ने विकट हालातों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर दलित एवं पिछड़े वर्ग को अपने अधिकार पाने के लिए जगाने का काम किया। इस वर्ग को अपनी ताकत का एहसास करा कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं में प्रगतिशील युवा नेता कॉमरेड सुरेंद्र पंचाल ने बताया कि भीमराव के अनुसार शिक्षा शेरनी का दूध है, जो इसे पिएगा वो शेर की तरह दहाड़ेगा अर्थात अपने अधिकारों के लिए लड़ेगा। कलमकार राजव्रत ने कहा कि आज शासक वर्ग द्वारा जिस तरह अपने स्वार्थ में शासक वर्ग द्वारा संशोधित कर तोड़ा-मोड़ा जा रहा है, वह बेहद निंदनीय है। हमें एकजुट होकर इस शक्तियों से लड़ना होगा।
उन्होंने अपनी कविता बाबा तेरे संविधान को धृतराष्ट्र सा बना दिया, सरेआम धज्जियां उड़ाकर बीच चौराहे सजा दिया।
कविता की जोरदार प्रस्तुति कर माहौल को झकझोर कर रख दिया। इस मौके पर आरके मौर्य एलआईसी विकास अधिकारी नवीन कुमार, सतपाल, पादरी विजय कुमार, जीतेंद्र, दीपक, संजय कुमार, अजीत कुमार शाही, उपेंद्र ,शिक्षाविद मास्टर सुनील राठी मौजूद रहे।



# करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के गोकलपुरी विधानसभा में 'जय भारत सत्याग्रह' सभा का आयोजन

## राहुल गांधी की अगुवाई में लड़ी जा रही हैं आजादी की दूसरी लड़ाई: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राहुल** गांधी द्वारा अडानी घोटाला, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ संसद में आवाज उठाने पर जिस तरह केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से राहुल गांधी की सदस्यता खत्म की गई। उसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने जय भारत सत्याग्रह शुरू किया है। कांग्रेस इस सत्याग्रह के जरिए लोगों के बीच जाकर भाजपा केंद्र सरकार की तानाशाही को उजागर करेगी। इस अवसर पर नरेंद्र नाथ पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार, आदेश भारद्वाज जिलाध्यक्ष करावल नगर कांग्रेस कमेटी, डॉ एस पी सिंह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, रामविलास शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष नरेश पाल, सुनील कुमार, आशीष कुमार पूर्व निगम प्रत्याशी, ईश्वर बागड़ी पूर्व चेयरमैन डॉक्टर ए पी जोशी, डॉ अकरम एडवोकेट सतबीर, डालचंद प्रधान, सुशीला बघेल, पीएस रावत, सुजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार, राजेश गोस्वामी आजाद, आरपी झा व कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर नरेंद्र नाथ पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार ने कहा कि भाजपा की सरकार अंग्रेजी शासन की तर्ज पर शासन कर रही है, जैसे अंग्रेज फूट डालकर राज करते थे, वैसे ही बीजेपी भी नफरत फैलाती है। सत्ता का दुरुपयोग कर देश की संपत्ति एक व्यक्ति को सौंपी जा रही हैं। आदेश भारद्वाज जिला अध्यक्ष करावल नगर कांग्रेस कमेटी ने अपने संबोधन में कहा कि राहुल गांधी ने अडानी मुद्दे पर सवाल किया तो उनकी सदस्यता तुरंत रद्द कर दी गई।




लोकतंत्र की आवाज को दबाने के लिए सरकार हर प्रकार के तानाशाही रवैए को अपना रही है। जिस तरह से अंग्रेजों को देश से बाहर करने के लिए आजादी की लड़ाई लड़ी गई थी, उसी तरह से आज कांग्रेस राहुल गांधी की अगुवाई में नई आजादी की लड़ाई लड़ने जा रही है। ताकि सत्ता पर बैठे नए अंग्रेजों को बेदखल किया जा सके और लोकतंत्र व संविधान को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जेपीसी जांच की मांग उठाई तो उन्हें निशाना बनाया गया।

# देश को विपक्षहीन कर देना चाहती है भारतीय जनता पार्टी: चौ. निर्मल सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली/चंडीगढ़**
दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा समन देने के विरोध में हरियाणा के आप नेता रविवार को दिल्ली पहुंचे। यहां केजरीवाल के समर्थन में उतरे हरियाणा के आप नेताओं ने अंधेरिया मोड़ और पीरागढ़ी चौक पर प्रदर्शन शुरू किया। आप नेताओं ने सड़क पर जाम लगा दिया और नारेबाजी की।इस दौरान आप नेता और वर्कर सड़क पर लेट गए, लेकिन दिल्ली पुलिस उन्हें घसीटते हुए उठाकर ले गई। पुलिस ने हरियाणा के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता, वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा, डॉ. अशोक तंवर, अंबाला से पूर्व मंत्री निर्मल



सिंह, चित्रा सरवारा समेत सैंकड़ों को बस में बैठा लिया और पुलिस उन्हें दिल्ली के आधा दर्जन अलग-अलग थानों में ले गई। डॉ. सुशील गुप्ता और डॉ.अशोक तंवर को फतेहपुर बेरी थाने में ले जाया गया इससे पूर्व, हरियाणा प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ नेता अशोक तंवर को भी सैंकड़ों कार्यकताओं के साथ अंधेरिया मोड़ से गिरफ्तार कर दक्षिणी दिल्ली के फतेहपुर बेरी थाने ले जाया गया। पुलिस ने सीबीआई की पूछताछ चलने तक उन्हें अपनी हिरासत में ही रखा। वहीं वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा, चौधरी निर्मल सिंह और चित्रा सरवारा समेत सैंकड़ों कार्यकताओं को मंगोलपुरी पुलिस स्टेशन और नकलोई पुलिस स्टेशन ले जाया गया। आप नेताओं ने दिल्ली के पीरागढ़ी चौक को तीन घंटे के लिए जाम कर दिया। सीएम अरविंद केजरीवाल से सीबीआई की पूछताछ के विरोध में आप कार्यकताओं ने नारेबाजी शुरू की और पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर लेट गए। उन्हें कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने हिरासत में लिया। प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार तानाशाही की तरफ बढ़ रही हैं, विकल्प के रूप में देश की जनता आम आदमी पार्टी को देख रही है। इसलिए मोदी सरकार डर गई है। अरविंद केजरीवाल से पूरे देश की जनता लगातार जुड़ती जा रही है। आज दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल के समर्थन में घरों से निकलकर सड़कों पर उतर आई है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि जब विधानसभा से अरविंद केजरीवाल ने अडानी के काले धन के बारे में जानकारी दी, तब से मोदी सरकार जानबूझकर अरविंद केजरीवाल को परेशान करने में लगी है। आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर बीजेपी सरकार पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को कमजोर करना चाहती है, लेकिन आज दिल्ली समेत अन्य राज्यों से आम आदमी पार्टी को समर्थन मिल रहा है।

# श्री संकट मोचन हनुमान मंडल कैली धाम में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।**
श्री संकट मोचन हनुमान मंडल कैली धाम में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिष्ठित अमृता हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने अपना पूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम मंदिर के प्रधान पारसमल एवं कार्यक्रम संयोजक योगेश तिवारी ने बताया कि मंडल का उद्देश्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ज्यादा से ज्यादा दी जा सके और समय रहते दवा आदि की व्यवस्था भी की जा सके। स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 150 लोगों का परीक्षण किया गया और उनको दवाई भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रसिद्ध उद्योगपति मंडल के संरक्षक



अरुण बजाज, बीएस चौधरी, बलबीर शर्मा, पवन वशिष्ठ, सचिव मुकेश वर्मा, ललित गर्ग, मनमोहन शर्मा आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर अमृता हॉस्पिटल के डॉक्टर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर साहिल गाबा, मूत्र रोग विशेषज्ञ कुणाल गांधी, स्त्री एवं प्रसूति रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर श्वेता एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्वर्णिका एवं सहयोगी प्रभा शर्मा व सुश्री संध्या का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को मंदिर के वरिष्ठ पुजारी लक्ष्मी नारायण तिवारी ने सभी लोगों को बाबा का स्मृति चिन्ह एवं प्रसाद देकर के आभार जताया।

## संक्षिप्त खबरें

### सोनीपत पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढती हुई सड़क दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में यातायात नियमों के लिए सख्ती दिखाते हुए 557 चालान किये

**सोनीपत:** पुलिस आयुक्त सोनीपत बी. सतीश बालन के निदेर्शानुसार सोनीपत पुलिस ने यातायात नियम की पालना हेतु चलाए हुए अभियान के अंतर्गत जिला सोनीपत के अंतर्गत आने वाले सभी नेशनल हाइवेज पर यातायात नियमों की उल्लंघना करने व गलत लेन में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की है। इस संबंध में कार्यवाही करते हुए अप्रैल माह में कुल 468 लेन चेंज व 89 रोंग साइड ड्राइविंग के चालान किये गए हैं। इस अवसर पर प्रबंधक थाना यातायात मुरथल निरीक्षक राजबीर सिंह ने बतलाया की गलत लेन में ड्राइविंग करते हुए वाहन चालक हादसों का शिकार हो जाते हैं व दूसरों की भी जान जोखिम में डालते हैं। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सोनीपत पुलिस ने मुहीम चलाई है। इन वाहनों के चालान भी किये जायेंगे व जरुरत पड़ने पर इन्हें जब्त भी किया जायेगा। इस तरह के अभियान आने वाले समय में भी जारी रहेंगे।

### पुलिस पब्लिक समन्वय बढ़ाने हेतु एक बैठक का किया गया आयोजन

**सोनीपत।** आज दिनांक 16.04.2023 को समय 11.00 अट से 01.00 ढट तक सेक्टर-15 में पुलिस उपायुक्त पश्चिम डॉ. अंशु सिंगला के निदेर्शानुसार प्रबंधक अफसर थाना सेक्टर-27 सोनीपत निरीक्षक रविंदर के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस पब्लिक समन्वय बढ़ाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सेक्टर-15 की वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी, जनसेवा जागृति मंच के कार्यकारी सदस्य एवं सेक्टर 15 के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस बैठक में पुलिस पब्लिक समन्वय बढाकर हर दिन होने वाले अपराध जैसे चोरी, छिना झपटी आदि पर कैसे नियंत्रण किया जा सकता है इस बारे विस्तार से चर्चा हुई।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले के थाना कुण्डली की पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफ्तार आरोपी जतिन पुत्र होशियार सिंह निवासी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि दिनांक 16 सितम्बर 2022 को मूल रूप से उत्तर प्रदेश हाल जिला सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने थाना कुण्डली में शिकायत दी थी कि जतिन पुत्र होशियार सिंह निवासी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश ने मेरी नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर घर से भगा कर उसके साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना कुण्डली में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना कुण्डली के अनुसंधानकर्ता अरकदिनेश ने अपनी पुलिस टीम के साथ नियमानुसार कार्यवाही करते हुये न्यायालय के आदेशानुसार मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ से काउंसलिंग करवाई गई। दूसरी और पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुये घटना मे संलिप्त आरोपी जतिन पुत्र होशियार सिंह निवासी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

### राजकुमारी ने देशी गाय के घी के कारोबार में जोड़ी 200 महिलाएं

**सोनीपत।** जिला पुलिस लाईन ग्राउंड में लगे जिला व्यापार मेले में गांव मिमारपुर की एक महिला ने भी लगाई है। उसने अपने साथ 200 महिलाओं को जोड करोबार दिया। ऐसा करके वह सभी के लिए एक मिसाल बन गई। स्टॉल नंबर-23 पर गांव मिमारपुर की राजकुमारी ने लगाई है, जिसका देशी गाय के घी का कारोबार है। इस कारोबार ने मिमारपुर के आस-पास के गांव की मध्यम वर्ग की 200 महिलाओं को रोजगार दे रहा है। राजकुमारी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2013 में देशी गाय की एक डेयरी की थी, लेकिन कुछ समय बाद मजदूरों के अभाव के कारण यह डेयरी नुकसान में चली गई लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और वो कार्य किया जिसने 200 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने जोड़ लिया। उन्होंने एक-एक महिला को एक-एक देशी गाय दे दी।

## पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी कहने पर लगे रोक

**जींद:** पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजीए शरणार्थी अथवा पाकिस्तानी बोलने पर रोक लगाए जाने व बोलने वालों के खिलाफ विशेष एक्ट लगाने की मांग जोर पकड़ रही है। समस्त पंजाबी खत्री समाज के लोगों ने रविवार को भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा को ज्ञापन सौंपा।

जींद इकाई से मुलखराज कत्याल ने कहा कि पंजाबी खत्री समाज के राष्ट्रीय संयोजक सर्वदानंद आर्य के नेतृत्व में यह फैसला लिया गया था कि प्रदेश के सभी 90 विधायकों को ज्ञापन सौंप कर उनसे यह मुद्दा विधानसभा में उठाए जाने की मांग की जाए।

# राजेश भाटिया का 54वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम व जोश के साथ मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।**
जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष, सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर 1 के प्रधान एवं व्यापार मंडल फरीदाबाद के प्रधान श्री राजेश भाटिया का 54 वा जन्मदिन बड़ी धूमधाम व जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने राजेश भाटिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्हें विभिन्न जानी-मानी राजनीतिक हस्तियों , उद्योगपतियों, वेलफेयर एसोसिएशनो , धार्मिक व




सामाजिक संस्थाओं, पत्रकारों, शिक्षाविदों तथा समाजसेवियों ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके भावी सफल जीवन और दीघार्यु की कामना की। आभूषण वेलफेयर एसोसिएशन एनआईटी नंबर-एक के प्रधान श्री रहमान खान ने सुबह के समय रोज गार्डन में राजेश भाटिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में एक मिलन समारोह का आयोजन किया । इस मौके पर संस्था के कई प्रमुख सहयोगी और कई अन्य संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी गण भी शामिल रहे। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय प्रताप सिंह, लखन सिंगला , एसी चौधरी, रेनू भाटिया, रिंकल भाटिया, आशु अरोड़ा, जतिन मलिक, अनुज नागपाल, प्रेम बब्बर, गगन अरोड़ा, रविंद्र गुलाटी, भारत कपूर, पंकज अरोड़ा, अजय शर्मा, हरिराम किराड, सीमा सितोरिया, लतीफ कुरेशी, अब्दुल सत्तार, वेद प्रकाश भाटिया, अमर, बंसीलाल कुकरेजा, रवि सोनी, संतिदर दुग्गल, बजाज, जजपा नेता नंदराम पाहिल, कैलाश गुगलानी, विकास भाटिया, विपिन भाटिया, रवि नागपाल,विराट कथूरिया, अनिल किराड़, संजीव ग्रोवर, सुनील बहल, राकेश रक्कू, सुनील दत्त तंवर, राजन भाटिया, डॉक्टर देवेंद्र बक्शी, नरेश अरोड़ा, सुरेंद्र भाटिया, अरविंद शर्मा, परविंदर सिंह, प्रीतम अदलखखा, शाशि चौहान, सुभाष कुकरेजा, बिट्टू ढंग,अंशु अरोड़ा, नीरज भाटिया, सुनील तवर, अमित नरूला, कमलजीत सिंह, राकेश भाटिया, सुशील भाटिया, संजय अरोड़ा, चौधरी रतनलाल, राजन भाटिया, नरेश अरोड़ा, विकास सिंह, नवीन भाटिया, संदीप भाटिया, सिद्धार्थ नरूला, संजना, बृजेश चावला, रॉकी गौतम, विकास चौधरी, ज्योति शर्मा, आरती शर्मा सहित कई अन्य वरिष्ठ लोगों ने भी राजेश भाटिया को उनके जन्मदिन के मौके पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# गौतम पराग बने युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**
युवा कांग्रेस नेता गौतम पराग को युवा कांग्रेस का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से युवा कांग्रेसियों में खुशी का माहौल बना हुआ है। अपनी नियुक्ति पर गौतम पराग ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी शैलजा, युवा प्रदेशाध्यक्ष दिवांशु बुद्धिराजा, हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सीबी चौहान, सह प्रभारी



सत्यवान गहलौत सहित अन्य युवा कांग्रेसी नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे और युवा कांग्रेस संगठन को मजबूत करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोडने.का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश प्रदेश के युवा राहुल गांधी की नीतियों में अपनी आस्था जता रहे है और उनके कार्यो की जमकर प्रशंसा कर रहे है। गौतम पराग ने कहा कि भाजपा ने तानाशाही रवैया अपनाया हुआ है, जोकि लोकतंत्र को बचाने के लिए अपना बात रखता है उसका मुंह ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स के माध्यम से बंद कर दिया जाता है।

## यातायात के नियम तोड़ने वालों के 557 चालान काटे

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढती हुई सड़क दुर्घटनाओं के सम्बन्ध में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर पुलिस सख्त रही। पुलिस ने अप्रैल महीने में 557 चालान किये।यह जानकारी रविवार को पुलिस आयुक्त सोनीपत बी. सतीश बालन की ओर से दी गई है। पुलिस आयुक्त सोनीपत बी. सतीश बालन के निर्देश पर पुलिस ने यातायात नियम की पालना के लिए चलाए हुए एक अभियान के अंतर्गत नेशनल हाइवे पर यातायात नियमों की अवहेलना करने व गलत लेन में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## बाबा साहेब ने पूरी दुनिया को दिशा देने का काम किया है: विजय प्रताप



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)।**
एन एच तीन पुलिया पर दलित समाज द्वारा भारत रत्न बाबासाहेब आंबेडकर की 132 वीं जयंती महोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के नेता विजय प्रताप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सर्वप्रथम विजय प्रताप सिंह लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी और डा भीम अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहेब ने समाज को एक नई दिशा व दशा दी है। उनके जीवन की संघर्ष व सफलता की कहानी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। संविधान निर्माण में उनकी अहम भूमिका अतुल्य है। बाबा साहेब युगपुरुष व महापुरुष है तथा नारी सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया था। डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने कमजोर और पिछड़ा वर्ग को समान अधिकार दिलाने, जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध कर समाज में सुधार लाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

यही वजह है कि बाबा साहेब की जयंती को भारत में जातिगत भेदभाव और उत्पीडन.जैसी सामाजिक बुराइयों से लडने, समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने पूरी दुनिया को दिशा देने का काम किया है। वे एक महान समाज सुधारक व शिक्षाविद थे। उनका मानना था कि समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार और न्याय मिले, जिसके लिए वे सदैव संघर्षरत रहे। रूढियों और कुप्रथाओं से घिरे समाज को नई दिशा देने और पिछड़ो-वंचितों को मुख्यधारा से जोडने.के लिए उनके द्वारा किए कार्य सदियों तक मानवता का पथ आलोकित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो समाज को समान अधिकार , शोषित वंचित को समान अधिकार देते वह भगवान ही तो हो गए। हम सबको उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए । इस अवसर पर उन्होंने 11 हजार रुपए की सहयोग राशि भी आयोजकों को भेंट की ।

इस अवसर पर बुद्धि सरपंच , परवेश मालिक जागृति मिशन , जगदीश प्रधान सहित अनेकों गणमांय लोग उपस्थित थे।

# हत्या करने की घटना में संलिप्त एक आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
जिले के थाना मुरथल की पुलिस ने गोलियां मारकर हत्या करने की घटना मे संलिप्त एक और आरोपी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी अनिल उर्फ मोनू पुत्र जयभगवान निवासी बख्तावरपुर जिला सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 10 अप्रैल को फुल सिंह पुत्र औमप्रकाश निवासी मेहन्दीपुर जिला सोनीपत ने थाना मुरथल में शिकायत दी थी कि मेरे भतीजे निखिल पुत्र अजीत सिंह निवासी मेहन्दीपुर ने करीब 7-8 दिन पहले मुरथल अनाज मण्डी के सामने टयूबल कोठडा मे चाय की दुकान की थी जो समय करीब 10 बजे उक्त दुकान पर मै,



निखिल पुत्र अजीत सिंह, विशाल पुत्र बिजेन्द्र व चांद पुत्र विरेन्द्र थे तभी दो मोटरसाईकिल पर चार नौजवान लडके आए और आते ही उन्होने निखिल को गोली मारी और मेरी तरफ फायर किया जो मै बच गया और निखिल गोली लगने के बाद चाय की दुकान से खेतो की तरफ भागने लगा । तो उन्होने पीछा करके निखिल को और गोलिया मारी और निखिल गाँव की पंचायती जमीन की नाली मे गिर गया और गिरे हुए को भी गोली मारकर मौका से चारो नवजवान लडके अपनी बाईको पर बैठकर दिपालपुर नान्दनौर और मुरथल चौक की तरफ भाग गए। फिर मै व विशाल अपने भतीजे को (निखिल) को अपनी गाडी मे लेकर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सोनीपत मे लेकर आए । जहाँ पर डा0 ने मेरे भतीजे निखिल को मृत घोषित कर दिया। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना मुरथल में अभियोग दर्ज किया गया था। अनुसंधान टीम मे नियुक्त रक पवन ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त एक आरोपी साहिल पुत्र राजेंद्र निवासी हसनपुर जिला सोनीपत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे: कैल इंटरचेंज का काम अंतिम चरण में

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के लिए कैल गांव के पास इंटरचेंज का निर्माण अंतिम चरण में है। इसी महीने इंटरचेंज के तैयार होने की उम्मीद है। इसके बाद साहुपुरा मोड़ से सीधी कनेक्टिविटी मिंडकोला तक हो जाएगी। फिलहाल जो वाहन साहुपुरा की ओर से आते हैं, उन्हें हाईवे पर उतरकर फिर कैल गांव से एक्सप्रेस-वे पर चढ?ा पड़ता है। सीधी कनेक्टिविटी होने से हजारों वाहन चालकों का आवागमन सुगम होगा और समय भी बचेगा। उधर हाईवे पर भी वाहनों का दबाव कम होगा। बता दें कैल गांव से मिंडकोला तक



करीब 26 किलोमीटर भाग पर आवागमन शुरू हो चुका है। इससे आगे वाला भाग अलीपुर से दौसा भी चालू हो गया है। वाहन चालकों के लिए कैल गांव से एक्सप्रेस-वे पास उतार-चढ़ाव बनाए गए हैं। एक्सप्रेस-वे का निर्माण तीन भागों में हो रहा है। दिल्ली के डीएनडी फ्लाईओवर से लेकर मिंडकोला गांव के बीच 59 किलामीटर है। भाग एक के तहत दिल्ली के डीएनडी फ्लाईओवर के पास से कालिंदीकुंज तक करीब नौ किलोमीटर एक्सप्रेस-वे का निर्माण चल रहा है। इनमें सात किलोमीटर एलिवेटिड है। इसके बाद आगरा नहर के साथ-साथ सेक्टर-37 शवदाह गृह के पास आकर बाईपास से जुड़ जाएगा। भाग दो मलरेना पुल तक 24 किलोमीटर है। तीसरा भाग मलरेना पुल से सोहना तक 26 किलोमीटर है। सोहना के अलीपुर से दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे का हिस्सा भी यहीं से जुड़ा है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का निर्माण दिनेश आर चंद्रा आर अग्रवाल इंफ्राकाम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा किया जा रहा है। परियोजना की डेड लाइन अगस्त 2023 तय की है। फिलहाल बाईपास पर लगभग सभी चौराहों पर अंडरपास का निर्माण 60 से 80 प्रतिशत तक हो चुका है।

# चंडीगढ़ की दिव्या नेहरा बनी मिस वोगस्टार इंडिया

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
ग्लैमर और रोशनी से भरे ग्रैंड फिनाले में चंडीगढ़ की दिव्या नेहरा ने अन्य प्रतियोगियों को पीछे छोड़ते हुए मिस वोगस्टार इंडिया का ताज अपने नाम कर लिया।

दूसरी ओर गोवा की अमृता कुमार केशरी और असम की संगीता पछानी ने मिसेज वोगस्टार इंडिया खिताब जीता। इस फैशन वीक कम ब्यूटी पेजेंट का आयोजन 14 से 16 अप्रैल तक किया गया जहां राज्य स्तर के 80 विजेताओं ने भाग लिया। ग्रैंड फिनाले की विशेषता ये रही कि इस फैशन वीक में राज्यों से आये उभरते डिजाइनरों द्वारा बनाई गई उत्कृष्ट डिजाइन को ब्यूटी पेजेंट में भाग ले रही युवा प्रतिभागियों द्वारा रैंप पर प्रदर्शित किया गया इस शो में जयपुर फैशन उद्योग की हस्तियां देखी गईं, जिसमें स्टाइल्स कूल के संस्थापक अभिमन्यु तोमर, एचआईएफटी की निदेशक अंजलि गुप्ता और भूतपूर्व क्राउन होल्डर स्वाति कुमार जैसे नाम शामिल हैं।

ये फैशन वीक कम ब्यूटी पेजेंट को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया था। मिस वोगस्टार इंडिया और मिसेज वोगस्टार इंडिया के तहत तीन राष्ट्रीय विजेताओं को क्राउन पहनाया गया। मिसेज वोगस्टार इंडिया को आगे फिर से दो समूहों में वगीर्कृत किया गया है पहलेसमूह में 18-35 आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं ने भाग लिया जबकि 36-50 आयु वर्ष की महिलायें समूह 2 में शामिल रही। प्रतिस्पर्धा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने और सभी आयु समूहों की महिलाओं को शामिल करने के उद्देश्य से मिसेज वोगस्टार इंडिया को दो वर्गों में बांटा गया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 17 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 1 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

## सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 31 अगस्त तक भक्त करेंगे भोलेनाथ के दर्शन, 62 दिन जारी रहेंगे भंडारे

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू कश्मीर**
**अमरनाथ** यात्रा इस साल 1 जुलाई से शुरू होगी। सरकार ने शेड्यूल जारी किया। पहला जत्था 30 जून को जम्मू से रवाना किया जाएगा। यात्रा इस बार 31 अगस्त तक चलेगी। 62 दिनों की यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी सरकार मजबूत करने में जुट चुकी है। 17 अप्रैल से ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने कहा है कि यात्रा को सुगम और आसान बनाने के लिए सरकार सभी प्रकार के इंतजाम कर रही है। प्रदेश में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। तीर्थयात्रा शुरू होने से पहले दूरसंचार सेवाओं को और बेहतर तरीके से संचालित किया जाएगा। शेड्यूल जारी होने के बाद यात्रियों और भंडारा संचालकों में खुशी है। वहीं



सिविल अस्पताल लुधियाना में भी विशेष डॉक्टर अमरनाथ यात्रियों के मेडिकल के लिए बैठने शुरू हो जाएंगे, ताकि यात्रियों का मेडिकल करवा पंजीकरण हो सके।

**लंगर कमेटियों ने भी बैठकें की शुरूः** अमरनाथ यात्रा की पहले से लंगर कमेटियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। श्री अमरनाथ सेवा समिति, बाबा अमरनाथ लंगर कमेटी आदि ने बैठकें करनी शुरू कर दी हैं। लंगर कमेटियों द्वारा जून 10 के बाद से ही भक्तों के लिए रसद सामग्री आदि पहलगाम, बालटाल व अन्य जगहों पर पहुंचाना शुरू कर दिया जाता है। बड़े स्तर पर यात्रियों की सेवा के लिए पूरे भारत वर्ष से लंगरों का खास प्रबंध किया जाता है।

**इन खाद्य सामग्री पर रह सकती पाबंदीः** पनीर, हैवी पुलाव, तले चावल, पूरी, भटूरा, पिज्जा, बर्गर, भरवां परांठा, डोसा, भरवां रोटी, मक्खन के साथ ब्रेड, क्रीम आधारित खाद्य पदार्थ, अचार, तला पापड़, चटनी, नूडल्स, कोल्ड ड्रिंक, हलवा, मिठाइयां, खोये की कुल्फी, चिप्स, मट्ठी, नमकीन, पकौड़े, समोसे, फ्राइड ड्राई फ्रूट व डीप फ्रीज पर पाबंदी रह सकती है। इसके अलावा मांसाहारी भोजन, तंबाकू, गुटखा व पान मसाला आदि पर पिछले वर्ष 2022 की तरह ही इस बार भी सख्ती रहने की उम्मीद है। फिलहाल अभी लंगर कमेटियों भी इस बार भक्तों के लिए परोसे जाने वाले पकवानों को लेकर विचार चर्चा करने की तैयारी में है।

### शेड्यूल जारी किया

▣ श्री अमरनाथ सेवा समिति, बाबा अमरनाथ लंगर कमेटी आदि ने बैठकें करनी शुरू कर दी हैं

## क्या है अमरनाथ धाम और उसका महत्व?

**अमरनाथ** धाम जम्मू-कश्मीर में हिमालय की गोद में स्थित एक पवित्र गुफा है, जो हिंदुओं का सबसे पवित्र स्थल है। माना जाता है कि अमरनाथ स्थित पवित्र गुफा में भगवान शिव एक बर्फ-लिंगम यानी बर्फ के शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। बर्फ से शिवलिंग बनने की वजह से इसे 'बाबा बर्फानी भी कहते हैं। पवित्र गुफा ग्लेशियरों, बर्फीले पहाड़ों से घिरी हुई है। गर्मियों के कुछ दिनों को छोड़कर यह गुफा साल के अधिकांश समय बर्फ से ढकी रहती है। गर्मियों के उन्हीं दिनों में यह दर्शन के लिए खुली रहती है।

खास बात ये है कि इस गुफा में हर वर्ष बर्फ का शिवलिंग प्राकृतिक रूप से बनता है। बर्फ का शिवलिंग, गुफा की छत में एक दरार से पानी की बूंदों के टपकने से बनता है। बेहद ठंड की वजह से पानी जम जाता है और बर्फ के शिवलिंग का आकार ले लेता है। यह दुनिया का एकमात्र शिवलिंग है, जो चंद्रमा की रोशनी के आधार पर बढ़ता और घटता है। यह शिवलिंग श्रावण शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को पूरा होता है और उसके बाद आने वाली अमावस्या तक आकार में काफी घट जाता है। ऐसा हर साल होता है। इसी बर्फ के शिवलिंग के दर्शन के लिए हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु अमरनाथ की पवित्र गुफा की यात्रा करते हैं।

## कर्नाटक में 130 से ज्यादा सीटें जीतेगी कांग्रेसः मोइली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एम वीरप्पा मोइली ने रविवार को दावा किया कि कर्नाटक में 'परिवर्तन की बयार' बह रही है और उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में कम से कम 130 सीटें जीतेगी और भाजपा के लिए दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार 'पूरी तरह से बंद' हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नाटक ने हमेशा केंद्र में सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आगामी विधानसभा चुनावों में जीत 2024 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करेगी। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री मोइली ने भविष्यवाणी की कि कांग्रेस को 224 सदस्यीय विधानसभा में 130 से कम सीटें नहीं मिलेंगी, जबकि भाजपा 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनावों में 60 का आंकड़ा पार नहीं करेगी। उन्होंने जनता दल (सेक्युलर) पर भाजपा के साथ मिलीभगत का भी आरोप लगाया और कहा कि लोग एच डी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाले संगठन की "अवसरवाद की राजनीति" को खारिज कर देंगे।

## न्यूज फ्लैश

### जींद के गांव में दशकों बाद चौपाल में हुआ महिलाओं का प्रवेश

**जींद:** जींद के नरवाना खंड के गांव कलौदा खुर्द में सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल ने महिलाओं का प्रवेश करवाया है। हालांकि वर्षों से परम्परा चली आ रही है कि चौपाल में महिलाओं का प्रवेश नहीं होता है। जैसे ही सांसद सुनीता दुग्गल ने रविवार को गांव कलौदा खुर्द में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करना शुरू किया तो कुछ महिलाएं खिड़की से उनके कार्यक्रम तथा संबोधन को सुनने लगी। जब सांसद सुनीता दुग्गल ने देख तो उन्होंने महिलाओं को अंदर आने के लिए कहा लेकिन ग्रामीणों ने कहा कि महिलाओं का प्रवेश वर्जित है। जिस पर सांसद ने कहा कि वो स्वयं एक महिला हैं लेकिन ग्रामीणों ने तर्क दिया कि वो गांव की मेहमान हैं लेकिन सांसद से यह देखा नहीं गया और उन्होंने महिलाओं का चौपाल में प्रवेश करवाया। महिलाओं ने भी उत्सुकता से चौपाल में प्रवेश किया और सांसद सुनीता दुग्गल के भाषण को सुना। सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं है। हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं। आज महिलाओं ने चौपाल में प्रवेश कर गांव में 75 वर्ष पुरानी परम्परा को तोडा है। इसके लिए वो ग्रामीणों का पूरे गांव का धन्यवाद करती हैं। जो अभिभावक रूढ़ीवादी सोच के चलते बेटे को वंश का प्रतीक मानते है वो उनकी सोच गलत है। आज बेटी भी वंश का प्रतीक बन रही है। बदल रहे समय के साथ-साथ लोगों को अपनी सोच भी बदलनी होगी। बेटी आज बेटों से किसी क्षेत्र में पीछे नही है। खेल, शिक्षा, नौकरी, बिजनेस में भी बेटियां आज बेटों को मात दे रही है तो क्यों बेटा-बेटी में फर्क लोग रूढ़ीवादी सोच के चलते समझ रहे हैं। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि बेटियों को बोझ नहीं समझना चाहिए क्योंकि बेटी तो मां दुर्गा, लक्ष्मी का रूप है।

### धारा 144 का पालन कराने सड़कों पर उतरा प्रशासन

**बागपत:** प्रयागराज में हुई अतीक अहमद व उसके भाई की हत्या के बाद प्रदेश में धारा 144 लगा दी गयी। बागपत जिले में धारा 144 का पालन कराने के लिए जनपद के ग्यारह थाना क्षेत्रों में पुलिस गश्त की गयी। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मुश्लिम बहुल्य क्षेत्र में फोर्स के साथ गश्त की। अतीक अहमद की हत्या के बाद उत्तरप्रदेश हाई अलर्ट पर है। धारा 144 लगा दी गयी है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस प्रशासन ने शान्ति व्यवस्था के लिए सभी कदम उठाए। बागपत जनपद में जिलाधिकारी राजकमल यादव व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बागपत सहित जनपद के मुस्लिम क्षेत्रों का दौरान किया। फोर्स के साथ गश्त निकालकर धारा 144 की घोषणा की, साथ ही लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाने की अपील भी की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस बल को जनपद के ग्यारह थाना क्षेत्रों में लगाया गया। नागरिकों से शान्ति व्यवस्था बनाने, अपवाह न फैलाने की अपील की गयी। जनपद की अधिकांश मस्जिदों पर प्रशासनिक अमला पहुंचा और निगरानी रखी। एलआईयू को भी अलर्ट पर रखा गया है। सभी जगह की पल-पल की जानकारी ली जा रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जनपद में धारा 144 लागू है। इसका सख्ती से पालन कराया जाए।

# पीएम मोदी की मुरीद हुई अमेरिका की वाणिज्य मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अमेरिकी** वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने पिछले महीने नई दिल्ली का दौरा किया। यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करने के लिए भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद और सीईओ फोरम में हिस्सा लिया। भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू की मेजबानी में जीना रायमोंडो ने इंडिया हाउस में रिसेप्शन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की।

**पीएम मोदी है दूरदर्शीः** जीना रायमोंडो ने पीएम मोदी के साथ हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा कि मुझे पीएम मोदी के साथ एक घंटे से अधिक समय बिताने का अविश्वसनीय अवसर मिला। वह एक कारण से सबसे लोकप्रिय विश्व नेता हैं, वह दूरदर्शी है और भारत के लोगों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्तर वास्तविक है।

### पीएम मोदी है दूरदर्शी

▣ मुझे पीएम मोदी के साथ एक घंटे से अधिक समय बिताने का अविश्वसनीय अवसर मिला

लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में आगे बढ़ाने की उनकी इच्छा वास्तविक है और यह हो रहा है। बता दें कि जीना रायमोंडो की 14 अप्रैल की शाम 7:30 बजे पीएम मोदी के आवास पर मुलाकात हुई थी। इस दौरान दोनों के बीच रेडियो एक्सेस नेटवर्क और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर चर्चा हुई। रायमोंडो ने अपनी आखिरी मुलाकात को याद करते हुए कहा कि भारत और अमेरिका को इस प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र में एक साथ दुनिया का नेतृत्व करने की जरूरत है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को नागदेवता मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और स्थानीय मेले में पूजा-अर्चना कर प्रतिभाग किया।

## बिजली की मांग 9.5% बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** आर्थिक गतिविधियों में सुधार के चलते बढ़ी मांग से वित्त वर्ष 2022-23 में बिजली की खपत में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि रही है। पिछले वित्त वर्ष में कुल 1,503.65 अरब डालर बिजली की खपत रही है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के डाटा के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में बिजली की कुल खपत 1,374.02 अरब यूनिट रही थी। डाटा के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में एक दिन की सबसे अधिक बिजली की मांग 207.23 गीगावाट रही है। 2021-22 में यह 200.53 गीगावाट थी। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली की खपत और मांग में काफी सुधार होगा। बिजली मंत्रालय ने अनुमान जताया है कि इस बार गर्मियों में सबसे अधिक बिजली की मांग बढ़कर 229 गीगावाट पर पहुंच सकती है। इसको देखते हुए मंत्रालय ने पहले ही कोयला आधारित संयंत्रों को पूरी क्षमता से संचालन के लिए कोयला आयात करने के लिए कहा है।

**कोयला आयात करने के निर्देशः** इसके अलावा घरेलू कोयले पर आधारित संयंत्रों को मिश्रण के लिए कोयला आयात करने के लिए कहा गया है ताकि बिजली की अप्रत्याशित मांग को पूरा किया जा सके।

## अतीक-अशरफ की हत्या सुनियोजितः रामगोपाल

**टीम एक्शन इंडिया/इटावा**
**उत्तरप्रदेश के** प्रयागराज में अतीक और अशरफ हत्याकांड को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह हत्याएं जानबूझकर करवाई गई है। लोकतंत्र के इतिहास में किसी भी देश में पुलिस अभिरक्षा में इस तरह की हत्या नहीं हुई है। उन्होंने इस हत्याकांड को लोकतंत्र की हत्या बताया है। मैंने पहले ही कहा था कि अतीक अहमद के लड़के की हत्या हो सकती है तो देखिए अतीक का लड़का असद मार दिया गया।






# 'दलाई लामा पर लगे आरोप निराशाजनक'

**टीम एक्शन इंडिया/लेह (लद्दाख)**
**तिब्बती** आध्यात्मिक नेता 14वें दलाई लामा की एक कथित वायरल वीडियो की काफी आलोचना की जा रही है। इसी कड़ी में भाजपा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल ने दलाई लामा पर लगाए गए 'निराधार और दुर्भावनापूर्ण' आरोपों की निंदा की है। साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से बौद्ध धर्म की शिक्षाओं को याद रखने का आग्रह किया। नामग्याल ने एक बयान में कहा, 'दलाई लामा के खिलाफ लगाए जा रहे निराधार और



दुर्भावनापूर्ण आरोपों को देखना निराशाजनक है। हमें याद रखना चाहिए कि बौद्ध धर्म की शिक्षा शांति और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित है और ऐसे सिद्धांतों में निराधार आरोपों का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया में दलाई लामा का योगदान करुणा और सहानुभूति की उनकी शिक्षाओं तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने तिब्बत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।' भाजपा सांसद ने यह भी कहा कि दलाई लामा मानवाधिकारों के प्रबल समर्थक रहे हैं और उन्होंने शांति और अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किया है।

## विंध्य पर्वत शृंखला

### विश्व के अलौकिक पर्वत के दर्शन मात्र से पूरी होती है श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं

# प्रतिवर्ष दो करोड़ श्रद्धालु करते हैं 'कामदगिरि पर्वत' की परिक्रमा

**टीम एक्शन इंडिया/चित्रकूट**
**उत्तर** प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच विंध्य पर्वत शृंखला के मध्य बसा विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट जहां भगवान श्रीराम ने सीता और अनुज लखन के साथ वनवास काल का साढे.11 वर्ष का समय व्यतीत किया था। पर्वतराज सुमेरु के शिखर कहे जाने वाले चित्रकूट गिरि को कामदगिरि होने का वरदान प्रभु श्री राम ने वरदान दिया था। तभी से विश्व के इस अलौकिक पर्वत के दर्शन मात्र से आस्थावानों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है।प्रतिवर्ष देश भर से करीब दो करोड से अधिक श्रद्धालु



चित्रकूट पहुंच पतित पावनी मां मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए कामदगिरि पर्वत की पंचकोसी परिक्रमा लगाते है। आदि तीर्थ के रूप में सुमार भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट अनादि काल से अत्रि,वाल्मीकि समेत तमाम महान ऋषि-मुनियों की तपस्थली रही है। त्रेता युग में जब अयोध्या नरेश राजा दशरथ के पुत्र भगवान श्री राम पत्नी सीता व भ्राता लक्ष्मण सहित 14 वर्ष के वनवास के लिए निकले थे तब वे आदि ऋषि वाल्मीकि की प्रेरणा से तप और साधना के लिए चित्रकूट आए थे।प्रभु श्री राम ने सीता और लक्ष्मण के साथ पावन चित्रकूट गिरि पर अपने वनवास के साढे.11 वर्ष व्यतीत किए थे। कामदगिरि की महिमा का बखान करते हुए कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज बताते हैं कि चित्रकूट का कामदगिरि पर्वत विश्व का वह पावन धाम हैं जहां प्रभु श्री राम पत्नी और अनुज लक्ष्मण के साथ नित्य निवास करते हैं। इसी पर्वत पर तप और साधना कर प्रभु श्री राम ने आसुरी ताकतों से लड़ने की दिव्य शक्तियां प्राप्त की थीं। जब भगवान श्रीराम चित्रकूट को छोड़कर जाने लगे तो चित्रकूट गिरि ने भगवान राम से याचना की कि हे प्रभु आपने इतने वर्षों तक यहां वास किया। जिससे ये जगह पावन हो गई।